
CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: manoj.pandey@timesofindia.com Time: 02-08-2026 00:45 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 8 फरवरी 2026 › माघ 19, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण सप्तमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 18* › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no 38



भागवत बोले, RSS किसी के भी खिलाफ नहीं

▸p14

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



वैलंटाइंस वीक, आज प्रपोज डे

नागरिकता से पहले मतदाता बनने के आरोप पर जताया विरोध ▸▸ पेज 14



अलीगढ़ पुलिस और साइबर सेल ने 12 को दबोचकर ₹500 करोड़ बचाए ▸▸ पेज 11



ओबामा दंपती का अपमान, डॉनल्ड ट्रंप ने माफी मांगने से किया इनकार ▸▸ पेज 14

सोना लॉकर में सो रहा है?
सोना लीज़ पर दें
प्रति वर्ष 5%* तक अधिक सोना पाएं
myGold
For more details +91-90 4445 4178

# खुला $30 हज़ार बिलियन का बाज़ार

## अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते के पहले चरण पर रज़ामंदी

## टैरिफ घटाकर 18% करेगा US, रूसी तेल खरीद पर लगा 25% अतिरिक्त टैक्स हटा, भारत ने नहीं खोला डेयरी क्षेत्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत और अमेरिका में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा पर शनिवार को सहमति बन गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने पर भारत के खिलाफ लगाया गया 25% टैरिफ हटा दिया। साथ ही, बाकी 25% जवाबी टैरिफ को 18% किया जाएगा। इसके लिए अमेरिका एक एग्जेक्यूटिव ऑर्डर जारी करेगा। भारत अमेरिका से आने वाले समूचे इंडस्ट्रियल गुड्स और कई कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क या तो खत्म करेगा या घटाएगा। भारत ऐसा मार्च के मध्य में करेगा, जब पहले चरण के अंतरिम समझौते पर दस्तखत होंगे।

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि अब भारत के करीब 44 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर अमेरिकी टैरिफ जीरो हो जाएगा। अमेरिका से डेयरी उत्पाद नहीं लेंगे। जेनेटिकली मॉडिफाइड प्रॉडक्ट्स की भी मनाही रहेगी। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है।

गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और मछुआरों के लिए 30,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। (इनपुट: भाषा)

▸▸ महाडील का स्पेशल पैकेज: पेज 12

**186** बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ दोनों देशों के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 में

**45.30** बिलियन डॉलर का ही आयात किया भारत ने अमेरिका से इस दौरान

**11%** US का हिस्सा है दूसरे देशों से होने वाले भारत के कुल कारोबार का






भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारतीय सरकार ने रूस से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। -डॉनल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति अमेरिका

समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करेगा और महिलाओं एवं युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा। -नरेंद्र मोदी, पीएम भारत

पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हो रही इस डील से यूपी के टेक्सटाइल, लेदर, कृषि-आधारित उद्योग और MSME सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। -योगी आदित्यनाथ, सीएम

### सरकार और विपक्ष में जुबानी जंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत-अमेरिका के साझा बयान पर जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि जीरो टैक्स पर अमेरिकी सामान के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया गया है, जो किसानों के साथ बड़ा धोखा है। वहीं, बीजेपी और कई केंद्रीय मंत्रियों ने कहा है कि किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।

### भारत को फायदा

कर कम होने से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा। इससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता और 'मेक इन इंडिया' को और बढ़ावा मिलेगा।

मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस आदि संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है।

### अमेरिका को लाभ

अमेरिका से आने वाले सभी इंडस्ट्रियल गुड्स पर भारत का आयात शुल्क खत्म हो जाएगा। कैंसर, हार्ट, न्यूरो डिजीज की दवाओं और बच्चों के इलाज में काम आने वाली कुछ दवाओं पर भी ड्यूटी खत्म हो जाएगी।

भारत अगले 5 साल में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर के तेल-गैस सहित एनर्जी प्रॉडक्ट्स, विमान और विमानों के पुर्जे, गोल्ड सहित कीमती धातुएं, टेक्नॉलजी प्रॉडक्ट्स और कोकिंग कोल खरीदेगा।

भारत 800-1,600 cc और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली बाइक्स के लिए जीरो-ड्यूटी एक्सेस देगा। मशहूर अमेरिकी ब्रैंड हार्ले-डेविडसन को इससे फायदा होगा।

## US के नक्शे में POK व अक्साई चिन भारत के

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: अंतरिम समझौते के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (USTR) के X हैंडल से भारत का नक्शा साझा किया गया है। इसमें अक्साई चिन और पीओके को भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

USTR ने X पर लिखा कि भारत से समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए नए बाजार खोलेगा। इसके साथ ही भारत का नक्शा साझा किया गया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि पीओके और अक्साई चिन उसके अभिन्न अंग हैं। हालांकि, चीन और पाकिस्तान अलग-अलग झूठे दावे करते रहते हैं। पाकिस्तान ने 2020 में एक राजनीतिक नक्शा जारी कर पीओके, लद्दाख के कुछ हिस्से, जूनागढ़, मनावदार और सर क्रीक को अपना बताया था। चीन ने भी 2023 में स्टैंडर्ड मैप जारी कर अरुणाचल प्रदेश के 'दक्षिण तिब्बत' और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया था। भारत ने दोनों देशों के दावों को सिरे से नकार दिया था।

अमेरिका ने पहली बार भारत का इतना स्पष्ट नक्शा जारी किया है। इसे भारत की पूर्ण क्षेत्रीय अखंडता की मान्यता देने वाला कदम माना जा रहा है।

अमेरिका ने पहली बार भारत का इतना स्पष्ट नक्शा जारी किया

खबरों के अंदर की बात


NBT Lens

देखें पेज 3

### बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब कोई शख्स मायोपिया की समस्या (दूर की चीजों को देखने में परेशानी, धुंधला दिखाई देना) की वजह से आई डॉक्टर के पास जाता है तो...

AI Image



बैड डॉक्टर: ठीक है, टेस्ट करा लीजिए। आपको चश्मा लगेगा। चाहें तो लेंस भी लगवा सकते हैं। यह चश्मे का नंबर है। यहीं चश्मे की दुकान है, वहीं से बनवा लें। ज्यादा मोबाइल मत देखें।



गुड डॉक्टर: यह मायोपिया है, इसमें दूर की चीजों की इमेज रेटिना के आगे बनती है, इसलिए धुंधलापन आता है। मैं आपकी आंखों की पूरी जांच करूंगा। यह चश्मे का नंबर है। स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त 20-20-20 रूल फॉलो करें।

डॉ. संजय तेवतिया, सीनियर आई कंसल्टेंट

## मलयेशिया पहुंचे मोदी, ट्रेड डील का जिक्र करते हुए बोले-

# 'भरोसा भारत की सबसे मजबूत मुद्रा'

■ पीटीआई, कुआलालंपुर (मलयेशिया): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मलयेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने दूसरे मंत्रियों के साथ एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की। कई देशों के साथ भारत की ट्रेड डील का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। ब्रिटेन, UAE, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ ट्रेड एग्रीमेंट हुए हैं और भरोसा भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने मलयेशिया में नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने और छात्रों को भारत में पढ़ाई के अवसर देने के लिए तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलयेशिया के बीच मजबूत सेतु का काम करते हैं।



PTI


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की।

### सांस्कृतिक जुड़ाव पर जोर

पीएम मोदी ने तमिल साहित्य और संस्कृति को वैश्विक बताया। मलाया विश्वविद्यालय में 'तिरुवल्लुवर चेयर' पहले से है। अब तिरुवल्लुवर सेंटर भी बनाया जाएगा, जिससे भारत-मलयेशिया के सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंध और मजबूत होंगे।

## दोषी करार होते ही कोर्ट रूम से भागा हत्यारा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: ACJM राकेश कुमार सिंह की कोर्ट ने शनिवार को हत्या के एक केस में आरोपित को दोषी करार देते हुए कस्टडी में लेने का आदेश दिया। यह सुनते ही सूरज फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, उसकी लोकेशन लखनऊ में मिली है। उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा।



जानकारी के मुताबिक, अगस्त 2016 में सुबेहा के अहिरनसरैया रोहना मीरापुर में यूकेलिप्टस के पेड़ उखाड़ने के विवाद में हुई मारपीट में एक शख्स की मौत हो गई थी। इस केस के आरोपित सूरज व उसका चाचा गुड्डू जमानत पर थे, जबकि मलरू जेल में बंद था। तीनों सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद थे।


## 'हम भी तेरे दादा लगते हैं'



■ पंचूर (पौड़ी गढ़वाल): उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पैतृक गांव पंचूर में शुक्रवार रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह लोगों का हालचाल लिया। इस दौरान बच्चों से भी मिले। एक बच्चे ने फूल भेंट किया तो सीएम ने खाने का सामान दिया। बच्चे ने वह अपने दादा को दे दिया। इस पर सीएम ने बच्चे से कहा, 'हम भी तेरे दादा लगते हैं।'

## पप्पू यादव न्यायिक हिरासत में, जमानत पर सुनवाई कल

■ भाषा, पटना: दस्तावेज की जालसाजी के 31 साल पुराने केस में शुक्रवार रात गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को शनिवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत पर सोमवार को सुनवाई होगी। तब तक उन्हें इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज में रखा जाएगा।



पप्पू यादव के अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि बिहार में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने पर उनकी गिरफ्तारी हुई है। उनकी जमानत जुलाई 2025 में रद्द हो गई थी। तब से गैर-जमानती वॉरंट जारी था, लेकिन पुलिस मौके का इंतजार कर रही थी।

## 51 नक्सलियों ने सरेंडर किया

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में शनिवार को 30 और सुकमा में 21 नक्सलियों ने सरेंडर किया। इनमें 34 महिलाएं हैं। इन सभी पर कुल 1.61 करोड़ का इनाम था।

### हैपी मॉर्निंग

टीचर: कौन सी जगह है, जहां लोग हों, फिर भी तुम अकेला महसूस करो और कोई मदद न करे?
टिंकू: सर, एग्जाम हॉल में, सब होते तो हैं, लेकिन कोई मदद नहीं करता।

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,59,175
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,85,000

### मौसम

अधिकतम तापमान 25°
न्यूनतम तापमान 10.3°
सूर्यास्त रविवार 5:54 | सूर्योदय सोमवार 6:48

# सब ढेर, सूर्या शेर

## 49 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए

■ भाषा, मुंबई: T20 वर्ल्ड कप में शनिवार को भारत ने जीत से आगाज किया। भारतीय टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पारी की बदौलत अमेरिका को 29 रन से हराया।

पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा जीरो पर आउट हुए तो ईशान किशन भी ज्यादा देर नहीं टिके। उनके बाद आए तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल भी गिनती के रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आखिर में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सेनापति की तरह टीम को संभाला और 49 गेंदों पर धुआंधार 84 रन बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने नौ विकेट पर कुल 161 रन बनाए, लेकिन इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। ▸▸ पेज 13

■ T20 वर्ल्ड कप में भारत का जीत से आगाज, अमेरिका को 29 रन से हराया

■ मो. सिराज ने तीन और अर्शदीप सिंह व अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए

SL Shanth Kumar



84 रन | 49 बॉल | 10 फोर | 04 सिक्स

सूर्यकुमार यादव

## कूनो में बढ़ा चीतों का कुनबा, आशा ने 5 शावकों को जन्म दिया



File

■ एजेंसियां, श्योपुर: कूनो नैशनल पार्क में मादा चीता 'आशा' ने शनिवार को पांच शावकों को जन्म दिया। सभी शावक स्वस्थ हैं और विशेषज्ञों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। इस तरह कूनो में चीतों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है, जबकि भारत में जन्म लेने वाले शावकों की तादाद 24 हो गई है। इस मौके पर केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने X पर पोस्ट कर वन कर्मचारियों को बधाई दी।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर छह बस यात्री ट्रक की चपेट में आए, मौत




■ भाषा, मथुरा: नोएडा से कानपुर जा रही एक बस शुक्रवार रात करीब दो बजे यमुना एक्सप्रेस-वे पर रुकी, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में सड़क पर खड़े औरैया निवासी सोनू (32) व अनुराग (27), बस्ती निवासी देवेश (32), कन्नौज निवासी असलम (27), दिल्ली निवासी संतोष (45) और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद (35) की मौत हो गई।

## कोस्ट गार्ड ने मुंबई के पास तेल तस्करी वाले तीन जहाज पकड़े



■ भाषा, नई दिल्ली: इंडियन कोस्ट गार्ड ने मुंबई के पास समुद्र में अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन जहाज पकड़े हैं। यह गिरोह तेल की तस्करी के लिए इंटरनैशनल वॉटर में मोटर टैंकरों की अदला-बदली करता था। साथ ही कार्रवाई से बचाव के लिए जहाजों की पहचान भी बदलता रहता था। कोस्ट गार्ड के मुताबिक तीनों जहाजों को जांच के लिए मुंबई लाया जाएगा।

## अब सूरजकुंड मेले में झूला टूटा, इंस्पेक्टर की मौत

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद: सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला टूट गया। इसका भारी हिस्सा नीचे गिरने वाला था कि मौके पर मौजूद इंस्पेक्टर जगदीश ने भीड़ को दूर हटाना शुरू किया, तभी झूले का हिस्सा उन पर गिर गया और उनकी मौत हो गई। इस हादसे में 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

13 घायल, फिटनेस जांच में लापरवाही का आरोप

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झूलों की फिटनेस जांच में लापरवाही हुई है। उपायुक्त ने कमिटी बनाकर जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं, झूला टूटने से कुछ देर पहले गेट नंबर 2 के पास बुंदेलखंड का गेट भी गिरा, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ।

**हालात** 100 में महज 31 शहरों में काम पूरा, राजधानी में एक प्रॉजेक्ट अब भी अधूरा


# 10 साल बाद भी 'स्मार्ट' नहीं बना लखनऊ

■ भाषा, नई दिल्ली

स्मार्ट सिटी योजना के तहत दस साल बाद भी 100 में महज 31 शहरों में काम पूरा हो पाया है। यह योजना साल 2016 में शुरू हुई थी और इसकी मियाद पांच साल तय थी। इसके बाद तीन बार इसकी डेडलाइन बढ़ाई गई, लेकिन दिसंबर 2025 तक 69 शहरों में अब भी इस योजना के काम पूरे नहीं हो पाए। महज एक प्रॉजेक्ट अधूरा होने के कारण राजधानी लखनऊ का नाम भी इन शहरों की फेहरिस्त में है।

RTI के तहत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ समेत 43 शहरों में स्मार्ट सिटी के प्रॉजेक्ट लगभग पूरा होने को है, जबकि 26 शहरों में काम पूरा होने में वक्त लगेगा।

AI Image



31 स्मार्ट शहरों में यूपी के 5

| शहर | प्रॉजेक्ट |
|---|---|
| वाराणसी | 117 |
| आगरा | 62 |
| बरेली | 88 |
| झांसी | 78 |
| मुरादाबाद | 41 |

**चुने गए थे 100 शहर**

**20** शहर सिलेक्ट हुए थे जनवरी 2016 में पहले चरण में

**40** शहर चुने गए दूसरे चरण के तहत मई से सितंबर 2016 के बीच

**30** शहर जून 2017 और **10** शहर जनवरी 2018 में तीसरे चरण में चुने गए

**3 बार बढ़ी डेडलाइन**

| | |
|---|---|
| जून | 2023 |
| 30 जून | 2024 |
| 31 मार्च | 2025 |

**19** शहरों में एक या दो प्रॉजेक्ट बाकी हैं। इनमें अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज में एक-एक तो सहारनपुर में दो प्रॉजेक्ट अधूरे हैं।

**24** शहरों में 100% काम पूरा होने को है। इनमें यूपी का कोई शहर नहीं।

**23** शहरों में पांच से 16 प्रॉजेक्ट अधूरे हैं। इनका काम पूरा होने में वक्त लगेगा। इनमें यूपी का कोई शहर नहीं है।

**सबसे ज्यादा खर्च**

**3,751** करोड़ इंदौर में 231 प्रॉजेक्ट पर

**3,342** करोड़ वाराणसी ने खर्च हुए

**2,833** करोड़ रुपये तिरुपुर में 28 योजनाओं पर खर्च हुए।

# घर के खाने में प्यार है व्यापार नहीं

कुछ खास लोगों की बातें, सुझाव और अनुभव सुनना हमेशा अच्छा लगता है। देश के जाने-माने शेफ संजीव कपूर भी ऐसा ही नाम हैं। हाल ही में वह पत्नी अल्योना कपूर के साथ नई दिल्ली स्थित नवभारत टाइम्स के ऑफिस पहुंचे तो हमारी टीम ने उनसे तमाम तरह के सवाल पूछे। कुछ पर्सनल लाइफ तो कुछ प्रफेशन से जुड़ी बातें कीं। साथ ही जानी उनकी लव स्टोरी। यह भी पूछा कि खाना किस तरह पकाना चाहिए? घर का खाना कैसे हेल्दी बनाएं और बाहर का खाना मंगवाते हुए किन बातों का ध्यान रखें? इस खास बातचीत का सार पेश कर रहे हैं **लोकेश के. भारती**




पत्नी अल्योना कपूर के साथ शेफ संजीव कपूर

Photo: sunil kataria

### आपका दिल्ली से क्या कनेक्शन है?

मेरे पापा की ट्रांसफरेबल जॉब थी। उसी दौरान मैं दिल्ली में लंबे समय तक रहा। मेरी ज्यादातर पढ़ाई-लिखाई दिल्ली और आसपास के इलाकों में हुई है। मैं मेरठ में भी काफी समय रहा हूं।

### लोग औरत से ही खाना बनाने की ज्यादा एक्सपेक्टेशन रखते हैं, क्या यह सही है?

यह गलत है। अगर पति-पत्नी दोनों काम कर रहे हैं तो घर की जिम्मेदारी भी दोनों की है। लोग गाड़ी खरीदते हैं, कपड़ा खरीदते हैं, उसका ध्यान रख लेते हैं। खाना भी दोनों पकाएंगे और बच्चों की देखभाल भी। क्या बच्चे अपनेआप पल जाएंगे? एक्स्ट्रा एफर्ट डालना होगा। मैं तो कहता हूं कि जो मर्द हैं, **अगर खाना नहीं बनाते और पत्नी के, बहन के, मां के बनाए खाने में गलती निकालते हैं तो उस घर में उस मर्द को खाना ही नहीं देना चाहिए।** खाना बंद कर देना चाहिए। कई लोग मे महिलाएं कहती हैं कि हम खाना बनाते हैं तो पति नुक्स निकालते हैं तो मैं कहता हूं कि चेंज कर लो। ...नजरिया चेंज कर लो।

### घर के खाने और बाहर के खाने में सबसे बड़ा फर्क क्या होता है?

घर के खाने में व्यापार नहीं होता, बाहर के खाने में व्यापार है, यही फर्क है। घर के खाने में पता होता है कि कौन बना रहा है, किसके लिए बना रहा है। कहते हैं ना कि मां के हाथ का खाना। ब्लाइंड कुकिंग नहीं होती थी। बाहर वाला खाना तो पता ही नहीं होता कि किसके लिए बन रहा है।

## सेहतमंद सवाल

**Q अभी तक चलता आया है कि ज्यादा ऑयल से खाना टेस्टी होता है। आखिर में एक चम्मच घी और डाल देते हैं?**

कोई चीज की अति नहीं करनी चाहिए। दिखाना, बताना, दो अलग चीजें होती हैं। पर में कोई आया तो आप नॉर्मल खाना तो ऐसे ही नहीं देंगे। भटूरे, समोसे ही मंगवाओगे। ब्याह-शादी में ऐसा ही कुछ स्पेशल करोगे। लेकिन हर दिन ब्याह-शादी नहीं होती। हमने जो जिंदगी बना ली है कि हर रोज ब्याह-शादी हो। यह नहीं हो सकता। सेलिब्रेशन भी साल में एक बार कर लो। आजकल हर रोज बाहर से ऑर्डर करना शुरू कर दिया है। ज्यादा तेल सही नहीं है।

**Q हम जब रेस्टोरेंट में खाने जाते हैं तो सभी ग्रेवी का टेस्ट एक जैसा लगता है। ऐसा लगता है कि फ्रोजन है। ऐसा लगता है कि कहीं से आउटसोर्स किया गया है? ऐसे खाने में टेस्ट नहीं होता। इसमें किसकी गलती है?**

यह कस्टमर की गलती है। इसके लिए कस्टमर जिम्मेदार है। सवारी अपने समान की खुद जिम्मेदार है। झूठ पे हम अपनी जिंदगी बिता रहे हैं। इसमें यंग जेनरेशन भी है। फोटो मेरी कैसी अच्छी लगेगी फिल्टर लगाओ। **जिंदगी में फिल्टर नहीं होता। जिंदगी सच्चाई से चलती है, न कि ऐसे वाला ऐपल ले लो इससे पतले दिखोगे। दिखावे की भरपाई इसी जीवन में होगी।** अगर पसंद नहीं है तो नहीं जाओ।

**Q खाने में 'दिखावा' कितना बढ़ गया है? क्योंकि खाने से पहले फोटो सोशल मीडिया पर डाली जाती है। क्या स्वाद और सेहत से ज्यादा भोजन की सजावट पर फोकस है? शायद इसीलिए खाने का टेस्ट एक जैसा लगता है।**

मैं भी इस बात से इत्तेफाक रखता हूं कि खाने में स्वाद और सेहत से ज्यादा दिखावा आ गया है। इसकी बड़ी वजह है ऐसे ज्यादातर आइटम्स में फ्रोजन (कई दिनों से फ्रीज में रखी हुई) और प्रोसेस्ड ग्रेवी चल रही है।

**Q स्ट्रीट फूड बनाम रेस्तरां में क्या बेहतर है? लोग सोचते हैं कि स्ट्रीट फूड ताजा बन रहा है तो अच्छा होगा?**

कोई भी अपने-आप अच्छा या बुरा नहीं होता। दोनों अच्छे भी हो सकते हैं, दोनों खराब भी। असली सवाल है कि उनमें जो इंग्रीडिएंट इस्तेमाल हो रहे हैं, वे कैसे हैं? हाइजीन का ध्यान रखा है या नहीं? पानी और मसाले कौन-से उपयोग हुए हैं? अगर वे हेल्दी हैं तो बढ़िया है, नहीं तो दोनों जगहें अनहेल्दी हो सकती हैं। आपको यह पता है कि गोलगप्पे कहां से बनकर आ रहे हैं? उसमें पानी कौन-सा यूज हुआ है? कितनी सफाई थी? ऐसा भी होता है कि जिस पतीले पर आलू की टिक्की दे रहा था, उस पर 5-6 चूहे घूम रहे होते हैं।

## स्ट्रेस और खाना?

**स्ट्रेस से भाग नहीं सकते। हां, यह सही है कि स्ट्रेस में खाना अक्सर ज्यादा हो जाता है। सही खाना, अच्छी नींद और फिजिकल ऐक्टिविटी, सब मिलकर स्ट्रेस को बैलेंस करते हैं।**

**Q फ्रेश, लोकल और सीजनल खाने के लिए आपका क्या मंत्र है?**

बस ये 4 शब्द याद रखें: **फ्रेश हो, लोकल हो, सीजनल हो और मॉडरेशन यानी सही मात्रा में खाया जाए,** ज्यादा नहीं। किसी भी चीज की अति नहीं होनी चाहिए।

**Q प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड को कैसे देखते हैं?**

इस बात को समझना जरूरी है कि खाने के पैक्ड आइटम की जितनी ज्यादा सेल्फ-लाइफ होगी, खाने वाले की उतनी ही लाइफ कम होगी। वहीं एक पहलू यह भी है कि फ्रोजन हमेशा खराब नहीं होता, लेकिन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड से दूरी रखें।

**Q क्या प्रोसेस्ड फूड सही है?**

नेचरल फूड सबसे बढ़िया है। लेकिन प्रोसेसिंग किस मकसद से की गई है, यह भी देखना जरूरी है। अगर प्रोसेसिंग से न्यूट्रिशनल वैल्यू कम हो रही है तो प्रोसेसिंग सही नहीं है।

**Q बच्चों को खाने से कैसे जोड़ें?**

उन्हें सब्जी मंडी ले जाएं। सब्जियों से परिचित करवाएं। सब्जी छिलवाएं। खेल-खेल में इंग्रीडिएंट्स यानी खाने की सामग्री से दोस्ती कराएं। बच्चों को खुद-ब-खुद खाने में मजा आएगा। सब्जियां उनके लिए अजनबी न हों। जितनी ज्यादा उनकी दिलचस्पी ऐसी चीजों में बढ़ेगी, उतना ज्यादा वे नेचरल फूड, हरी सब्जियों और फलों की तरफ आकर्षित होंगे।

### आपके लिए ज़िंदगी में नयापन और खानपान में नयापन कितना अहम है?

नयापन जरूरी है, लेकिन जिंदगी सिर्फ नयापन से नहीं, रेग्युलेरिटी से चलती है।

**Q सोशल मीडिया और रील्स का खाने पर क्या असर पड़ा है?**

लोग अब रील्स देखकर खाने के ठिकाने का चुनाव करते हैं। भले ही उसका सिर्फ नाम हो। हकीकत यह है कि पहले सिर्फ मीडिया इन्फ्लुएंस करता था, अब हर कोई मीडिया है। रील्स से कुछ अच्छा भी हो रहा है, कुछ ओवरहाइप भी। आजकल तो यही स्थिति है कि जो ज्यादा दिखेगा, वही बिकेगा।

## हमारी हर सुबह होती है वैलंटाइंस डे...

**वैलंटाइंस वीक चल रहा है। पत्नी अल्योना से उनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई? इस सवाल का दिल से जवाब दिया शेफ संजीव कपूर ने:**

मेरी जिंदगी में बाबा विश्वनाथ का बड़ा रोल है। मैं बनारस के एक होटल में काम करता था। उसी दौरान मुझे दिल्ली के एक होटल में जॉइन करने का ऑफर मिला। बनारस के उसी होटल में मेरी जगह जो शेफ जॉइन करने आई थी, उनके साथ उनकी छोटी बहन भी थी। बड़ी बहन की जॉब नई थी तो उन्हें छोटी बहन के लिए वक्त कम मिलता था। पर मेरे पास वक्त कुछ ज्यादा होता था क्योंकि मैं वहां पहले से था। उन्होंने मुझसे कहा कि उनकी छोटी बहन को मैं बनारस घुमा दूं। उस समय से जो उनके साथ घूमने-घुमाने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक चल रहा है। हमने एक-दूसरे को पसंद किया और जीवनसाथी बन गए, यह बात अक्टूबर 1992 की है। हमारी शादी को 33 बरस से ज्यादा हो चुके हैं। हमारी दो बेटियां हैं- कृति और रचिता।

हमारा रिश्ता 'एक-दूसरे का सम्मान', एक-दूसरे को बराबर समझने के आधार पर है। हमारे बीच में मेरा और तुम्हारा जैसा कुछ भी नहीं है। उनके पैरंट्स मेरे हैं और मेरे पैरंट्स अल्योना के हैं। हमारे यहां ऐसा नहीं होता कि यह काम तुम्हारा है और यह काम मेरा। सब काम सबके हैं। हमारा एक-दूसरे पर भरोसा है। मेरी कामयाबी में ढेर सारी महिलाओं का हाथ रहा है। लेकिन इससे न कभी अल्योना को ईर्ष्या हुई और न मैंने ऐसा कोई मौका दिया। आपस में एक-दूसरे का सम्मान पहले दिन से रहा और आगे भी करते रहेंगे। जब हमारी शादी को कुछ ही साल हुए थे तो मैंने नौकरी छोड़ दी थी। मुझे दिन-रात मेहनत करनी पड़ती थी। उस वक्त घर का ख्याल, बच्चों का ख्याल, रिश्तेदारों का ख्याल अल्योना को ही रखना पड़ता था। ये सब काम इन्होंने जॉब करते हुए किए। शादी के कुछ साल बाद ही मैं करियर को आगे बढ़ाने के लिए 2 साल के लिए न्यूजीलैंड चला गया। उस वक्त अल्योना को लोग कहते थे कि न्यूजीलैंड में शानदार करियर छोड़कर कोई वहां से वापस इंडिया नहीं आता। ऐसी ही बातें मुझे भी कहते थे। लेकिन मुझे पता था कि मैं वापस आऊंगा और जरूर आऊंगा। मेरे दिमाग में उस दौरान भी यही बात रहती थी कि हम साथ हैं। हम दोनों ने वैसे ही निभाया भी। शादी के बाद ही हम दोनों ने यह तय कर लिया था कि हर चीज में बराबरी का हक रहेगा। पैसे में, प्रॉपर्टी में, सम्मान में सब चीज में बराबरी। बराबरी ही फाउंडेशन है। लोग कहते हैं कि 14 फरवरी वैलंटाइंस डे होता है। हम हर सुबह जब जागते हैं तो हमारे हर दिन की शुरुआत वैलंटाइंस डे जैसी होती है।'

### आप दोनों में से कौन बढ़िया खाना बनाता है?

संजीव कपूर: पूछने की बात ही नहीं है, (पत्नी की ओर इशारा करके) ये बनाती हैं।
अल्योना कपूर: (हंसते हुए) मुझे इनके साथ का खाना अच्छा लगता है।

## फटाफट सवाल-जवाब

**Q आपकी फिटनेस का राज क्या है?**

इसमें किसी एक चीज का रोल नहीं है। मैं टेंशन नहीं लेता। यह बहुत मायने रखता है कि आप इंसान कैसे हैं? अगर पॉजिटिव हैं तो चेहरे पर इसकी झलक दिख जाती है। अगर स्ट्रेस को हावी नहीं होने देंगे तो आपका रुटीन सही रहेगा। आपका खानपान भी सही होगा।

**Q आपकी सबसे आसान और फटाफट बनने वाली डिश?**

बहुत जल्दी हो तो फल खा लेता हूं। हर बार कुकिंग करूं जरूरी नहीं।

**Q आज का ऐसा फूड ट्रेंड जो आपको पसंद नहीं?**

मेरे पास नेगेटिविटी के लिए टाइम नहीं है। किसी भी चीज की अति मत कीजिए।

**Q नमक और चीनी को लेकर आपकी सबसे बड़ी सलाह क्या है?**

**जितनी मात्रा में चीनी या नमक अभी खा रहे हैं, उसकी मात्रा आधी कर दें।** यही सबसे बड़ा सुधार है। जब शुरुआत में मैं टीवी पर आकर कुकिंग के टिप्स बताता था तो मेरी पंच लाइन होती थी कि 'नमक स्वादानुसार'। यह लाइन वक्त के साथ काफी मशहूर हुई। लेकिन अब मैं कहता हूं 'नमक स्वादानुसार नहीं, सेहत के अनुसार खाएं'।

**Q किसी नए कुक के लिए क्या कहेंगे?**

कुकिंग से भागें नहीं, दूसरों के खाने में अच्छाई खोजें और घरवाले उनकी तारीफ करना सीखें।

**Q अगर कोई बार-बार खाने में नुक्स निकाले?**

अगर वह शख्स खुद अच्छा कुक न हो और वह खाना न बनाता हो तो उसका हुक्का-पानी बंद कर देना चाहिए।

**Q क्या अच्छा खाना बनाने में वक्त लगता है?**

जरूर लगता है। फटाफट खाना घर के बाहर बनता है। घर में हमें यह भी पता होता है कि हम किसके लिए कुकिंग कर रहे हैं।

**Q सुबह जल्दी जाना हो तो क्या रात को खाने की तैयारी करके फ्रिज में रखना गलत है?**

बिलकुल नहीं, इससे स्ट्रेस घटता है। रात को आटा गूंथ कर फ्रिज में रख सकते हैं।

## खाना बनाएं या ऑर्डर करें?

**Q आजकल बाहर से खाना मंगवाने का चलन क्यों बढ़ गया है?**

आज खाना बनाने का मूड नहीं है तो बाहर से मंगवा लो, बर्थडे है तो बाहर का खाना होना चाहिए। अब तो खास मौका न भी हो तो भी बाहर से ही खाना चाहिए। आजकल 10-15 मिनट में डिलिवरी मिल जाती है। हम बाहर से जब खाना मंगवाते हैं तो यह देखते हैं कि किसमें ज्यादा वैल्यू है, किसमें ज्यादा डिस्काउंट मिल रहा है।

**Q डिलिवरी में कुछ खास तरह का खाना ही ज्यादा क्यों चलता है? क्या 'ईजी-टु-कैरी और ईजी-टु-डिलिवर' ज्यादा बिकता है, जैसे बिरयानी आदि?**

बिरयानी इसलिए चलती है क्योंकि दिखने में ज्यादा वॉल्यूम लगता है। असल में यह बहुत सस्ती पड़ती है लेकिन रेस्टोरेंट से आ रही है तो रेट भी वही का लगता है। यह चावल से बनती है जो पकने के बाद एक का तीन हो जाता है। लेकिन हम इसके लिए ज्यादा पैसे दे देते हैं। आपको लगता कि यह तो रेस्टोरेंट की डिश है। इसलिए 500 रुपये की तो मिलेगी न। अगर डिस्काउंट में 150 रुपये में मिल रही है तो बड़ी सस्ती मिल रही है। असल में वह मिलनी ही 150 रुपये की चाहिए थी। खिचड़ी और वेजिटेबल बिरयानी में खिचड़ी महंगी होती है। दाल महंगी होती है, लेकिन भाव अगर देखेंगे तो खिचड़ी घर की डिश है और बिरयानी रेस्टोरेंट की डिश है। यह दिमाग का खेल होता है।

**Q बच्चों को घर का खाना पसंद नहीं आता है? ऐसे में पैरंट्स क्या करें? क्योंकि हर घर में संजीव कपूर नहीं हो सकते?**

दरअसल, हम अपनी कमियों को छुपाने के लिए बाहर के खाने का लालच देते हैं। जैसे लोग बच्चों को मोबाइल फोन देते हैं। मैं ऐसा नहीं कह रहा कि पैरंट्स गलत हैं। उन पर प्रेशर बहुत रहता है। टाइम की कमी रहती है। जिंदगी इतनी आसान नहीं है। इसमें ये गलत है, वह सही है। ऐसा नहीं है। सबकी पर्सनल चॉइस है। **घर पर अच्छा खाना बनाने में मेहनत लगती है। अब जब बच्चों के लिए मेहनत नहीं करेंगे तो किसके लिए करेंगे? वक्त निकालना पड़ेगा।** यह वक्त सिर्फ महिला नहीं, पुरुष भी जरूर निकालें। जब हम बच्चे थे तो हमारी माओं ने कितनी मेहनत की होगी। शायद ही कभी बाहर का खाना मंगाकर खिलाया हो। मां हमेशा घर में खाना तैयार करके खिलाती थी। क्या हम इतना कर रहे हैं? हम इसमें कितना कंप्रोमाइज कर रहे हैं। जहां तक हर घर में संजीव कपूर होने की बात है तो इसकी जरूरत भी नहीं है। घर में तैयार सामान्य खाना भी बढ़िया होता है।


**Q अगर खाना बाहर से मंगवाना ही पड़े तो क्या सावधानी रखें? कई बार तो सलाद पर भी मेयोनीज आदि डालकर भेज देते हैं। सलाद वाली हेल्दी चीज भी अनहेल्दी हो जाती है।**

अगर सलाद मंगाते हैं तो यह कह दें कि किसी भी तरह की सॉस न डालें। साथ ही ड्रेसिंग यानी साफ-सफाई का अलग-से ध्यान रखें। इसी तरह बाहर से तली हुई चीजें न मंगाएं। दरअसल, किस तरह के तेल का इस्तेमाल हुआ है, यह हमें नहीं पता होता। यह ध्यान रखें कि हम बाहर से जो फूड आइटम मंगा रहे हैं, वे स्वाद के लिए ऑर्डर कर रहे हैं या सेहत के लिए। शायद ही कोई किसी रेस्टोरेंट से हेल्दी फूड के लिए ऑर्डर करता है।

दरअसल, हम यह शिकायत करते हैं कि बाहर के खाने में तेल बहुत होता है, फैट ज्यादा होता है, सॉस और ढेर सारा नमक भी। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हमने ऑर्डर भी तो स्वाद के लिए ही किया है तो फिर हमें सेहत वाली चीजें क्यों मिलेंगी। अगर सेहत वाली चीजें खानी हैं तो ऑर्डर भी वैसा ही करना होगा। रेस्टोरेंट से कोई मूंग की दाल मंगवाता है?

### अपनी जीभ पर कंट्रोल न हो तो?

अब यह तो ऐसी बात हो गई कि मुझे किसी को नुकसान पहुंचाना है और सजा किसी और को मिले। आपने नुकसान पहुंचाया है तो सजा तो आपको ही होनी। ऐसा थोड़े ही होगा कि पाप आप करो और प्रायश्चित कोई और करेगा। पहले अगले जन्म तक जाता था, अब फल इसी जन्म में मिलता है।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 02-08-2026 00:25 Color:



# केवल कोर्ट को है आरोप में बदलाव का अधिकार : HC


■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

आपराधिक मामलों में आरोप को बदलने, जोड़ने या संशोधित करने का विशेष अधिकार केवल अदालत के पास होता है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत किसी भी पक्ष, चाहे वह पीड़ित हो या अभियोजन, आरोपी को बदलने की मांग करने का कानूनी अधिकार नहीं है। यह आदेश इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की एकलपीठ ने 'सिराज अली उर्फ बाबू बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' मामले में दिया।

वर्ष 2013 में दर्ज एफआईआर में आरोप था कि सिराज ने पीड़ित को पकड़ा और सह-आरोपी ने गोली चलाई, जिससे उसकी कोहनी में चोट लगी। प्रारंभ में ट्रायल कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार से चोट) के तहत आरोप तय किए थे। बाद में अभियोजन पक्ष ने धारा 216 के तहत आवेदन देकर आरोपों को धारा 307 (हत्या का प्रयास) में बदलने की मांग की, जिसे ट्रायल कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसी को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

खबरें कोर्ट से

## SC के जजों का नाम लिखने पर चेताया



हाईकोर्ट ने निचली अदालत के ट्रायल कोर्ट जज को गलती न दोहराने की नसीहत

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के जज द्वारा साइटेशन में सुप्रीम कोर्ट के जजों के नाम लिखने की निंदा की है। कोर्ट ने कहा है कि यह प्रथा न्यायिक अधिकारियों के लिए उचित नहीं है। कोर्ट ने ऐसी गलती न दोहराने की नसीहत दी और आदेश की प्रति सभी जिला जजों को भेज 18 फरवरी को अनुपालन रिपोर्ट मांगी है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने प्रियांक कुमार की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। प्रियांक कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य मामले में अधीनस्थ अदालत के आदेश की समीक्षा करते हुए कोर्ट ने कहा कि आदेश के अंतिम पैराग्राफ से पता चलता है कि पुनरीक्षण अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के जजों के नामों का उल्लेख किया है, जिन्होंने मामले का फैसला किया था। आदेश में केवल केस नंबर, पार्टी का नाम और फैसले की तारीख के साथ-साथ जिस रिपोर्ट पर भरोसा किया गया है, उसका उल्लेख किया जाना चाहिए, जजों के नामों का नहीं। कोर्ट ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामले में निर्देश दिए गए थे और रजिस्ट्रार जनरल ने सभी जिला और सत्र जजों को सूचित किया था। लेकिन संबंधित पुनरीक्षण अदालत ने अनदेखा किया है। कोर्ट ने आठ जनवरी 2026 के अपने उस आदेश का उल्लेख किया जिसमें रजिस्ट्रार (क्रिमिनल) को स्टाम्प रिपोर्टर से स्पष्टीकरण मांगने के लिए कहा गया था। कोर्ट ने पाया था कि पहले से ही ऑनलाइन दस्तावेज पर हस्तलिखित नोटस के साथ पिटीशन दायर की गई थी और स्टाम्प रिपोर्टर ने कोई आपत्ति नहीं उठाई थी। रजिस्ट्रार (क्रिमिनल) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि फनेंद्र पाल सिंह रिव्यू ऑफिसर ने पिटीशन की रिपोर्ट की थी और हस्तलिखित नोटस को नहीं देख सके थे।

## सिपाही भर्ती : आयु सीमा में छूट खत्म करने पर जवाब तलब

**प्रयागराज:** सिपाही भर्ती में होमगार्ड अभ्यर्थियों को दी गई 3 वर्ष आयु सीमा छूट अचानक समाप्त करने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस भर्ती बोर्ड से जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति विकास बुधवार की एकलपीठ शिवम सिंह व 22 अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अगली तारीख 12 फरवरी तय की गई है।

## जिसके नाम वाहन, वह मुआवजे का हकदार

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजे से जुड़े मामले में स्पष्ट किया है कि यदि किसी वाहन की बिक्री हो चुकी हो, लेकिन परिवहन विभाग के रेकॉर्ड में पंजीकरण पुराने मालिक के नाम पर है, तो दुर्घटना की स्थिति में वही मुआवजे का हकदार होगा। अदालत ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की अपील खारिज करते हुए कर्मचारी मुआवजा आयुक्त के आदेश को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकलपीठ 26 फरवरी 2015 को हुई सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इसमें कार चालक धरमवीर की मौत हो गई थी। कर्मचारी मुआवजा आयुक्त मुरादाबाद ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने का आदेश दिया था। इस आदेश को बीमा कंपनी ने चुनौती दी थी।

## फटाफट खबरें

### बरेली में अवैध मस्जिद पर चला बुलडोजर

■ भाषा, बरेली: अवैध रूप से बनी मस्जिद शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करवा दी। सदर के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रमोद कुमार के अनुसार भोजीपुरा के पिपरिया गांव में सरकारी बंजर जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद बनवाई गई थी। 18 साल चले केस के बाद कोर्ट के आदेश पर अवैध निर्माण ध्वस्त करवाया गया है। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि करीब पचास साल पुरानी मस्जिद को बिना सूचना ध्वस्त करवाया गया है।

### युवक की मौत में बैंक मैनेजर सहित 8 नामजद

■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: बैंक प्रबंधक के उत्पीड़न से तंग युवक ने विडियो बनाने के बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस ने युवक की पत्नी की तहरीर पर नगर पंचायत मैगा की अध्यक्ष के पति संजय शुक्ला, एसबीआई के मैनेजर रामकिशोर सहित आठ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खीरी के स्वामी विवेकानंद निवासी सुमित गुप्ता ने संजय शुक्ला के घर में बंधक बनाकर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके साथ ही बैंक मैनेजर पर लोन के सेटलमेंट के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

### 'समाज को बांटने में जुटी है भाजपा'

■ NBT न्यूज,गोंडा: गौरा विधानसभा क्षेत्र के गौराचौकी कस्बे में पीडीए कार्यालय का नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उद्घाटन किया। इस दौरान कहा कि भाजपा द्वेष और भ्रम फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है। एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस गलत तरीके से अल्पसंख्यकों, यादवों और ब्राह्मणों को निशाना बना रही है। इस मौके पर सपा नेता लतीफ मलिक, हाफिज मालिक, विधायक सैयदा खातून, अरशद हुसैन, मसूद आलम खान, सूरज सिंह,पुजारी पांडे, संजय साहू मौजूद रहे।

### नवगठित सनातनी किन्नर अखाड़े में फूट

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: प्रयागराज में कुछ दिन पहले गठित सनातनी किन्नर अखाड़े में शनिवार को फूट पड़ गई। महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में अखाड़े की महामंडलेश्वर पायलनंद गिरि ने अब किन्नर अखाड़े का साथ पकड़ लिया है। उनके साथ त्रिलोकीनंद गिरि, अडबमनंद गिरि, पुनीतनंद गिरि, रविकानंद गिरि सहित कई संतों के किन्नर अखाड़े में शामिल होने की बात कही जा रही है। हालांकि, सनातनी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने जानकारी से इनकार किया है। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बताया कि किन्नर अखाड़ा ने हरिद्वार और त्रैम्बकेश्वर कुंभ की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### गरीब परिवारों के मेधावी बच्चे पहुंचे इसरो

■ NBT न्यूज, वाराणसी: अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को सपनों की उड़ान मिल रही है। कक्षा 7 की छात्रा अर्पणा और श्रेयांश विश्वकर्मा को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र जाने का मौका मिला है। पांच फरवरी को रवाना हुए दोनों विद्यार्थी तीन दिन के प्रवास के दौरान परिसर देखने के साथ ही वैज्ञानिकों से ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने का प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन कक्षा 6 में गणित और विज्ञान विषय में टॉप करने पर हुआ था।

### 'मोदी सरकार ने किसानों से विश्वासघात किया'

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आप सांसद संजय सिंह ने शनिवार को वाराणसी में अमेरिका के साथ हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि मोदी सरकार ने देश को बेचने का काम करने के साथ ही करोड़ों किसानों से विश्वासघात किया है। हाल ही में अमेरिका की ओर से जारी बयान से साफ है कि यह समझौता किसानों को बर्बाद कर देगा। भारत का कृषि क्षेत्र कमजोर होगा और अमेरिकी किसान को फायदा होगा। समझौता किसानों के हितों की नीलामी के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। आगे कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है, फिर भी अमेरिका से कोयला खरीदने का निर्णय चिंताजनक है।

### फर्जी ई-वे बिल बनाने का आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी मामले में भदोही पुलिस ने शनिवार को पहली गिरफ्तारी की। माधोसिंह रेलवे स्टेशन के पास से वाराणसी की पूर्वा फर्म के संचालक शैलेंद्र तिवारी को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने 12 करोड़ से अधिक के लेनदेन और फर्जी ई-वे बिल बनाने की बात कबूली है। कई फर्मों से 10 लाख बोतल से अधिक कोडीन सिरप की फर्जी ई-वे बिल से सप्लाई दिखाई। इसके अलावा भदोही की चार फर्मों के नाम पर 12 करोड़ रुपये का लेनदेन किया था।

### मंत्री के सामने अधिग्रहण के विरोध में हंगामा

■ NBT न्यूज, वाराणसी: केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने शनिवार को सर्किट हाउस में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान काशी द्वार आवासीय योजना के लिए करीब 800 एकड़ जमीन अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने हंगामा किया। मंत्री ने बात सुनते हुए ज्ञापन लेने के साथ ही उचित मंच तक मुद्दा पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बावजूद किसान शांत नहीं हुए और नारेबाजी करते रहे। हंगामा बढ़ता देख मंत्री कॉन्फ्रेंस छोड़कर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांग्रेस नेता वैभव त्रिपाठी और मानस त्रिपाठी समेत एक दर्जन किसानों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया।

### तेंदुए के हमले में मासूम की मौत

■ NBT न्यूज, बहराइच : सुजौली के फकीरिया मुकामपुरवा गांव में घर के बाहर खेल रही बच्ची की तेंदुए के हमले में मौत हो गई। सुजौली थानाध्यक्ष पीसी शर्मा के अनुसार शनिवार देर शाम फकीरिया के मुकामपुरवा निवासी राजू गौतम की बेटी संध्या (5) घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान खेत से निकले तेंदुए ने हमला कर दिया। शोर सुनकर लोगों के जुटने पर तेंदुआ भाग निकला। बच्ची को आननफानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

अलीगढ़ पुलिस और साइबर सेल का खुलासा

# 12 जालसाज दबोचे, ₹500 करोड़ बचाए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

## वॉट्सऐप ग्रुप पर दे रहे थे 200% मुनाफे का झांसा



**ये हुए गिरफ्तार:** ओडिशा निवासी जगन्नाथ प्रधान, देवाशीष प्रधान, जितेन्द्र चौधरी, रजनिधि नायक, छत्तीसगढ़ निवासी दुर्गेश कुमार गुप्त, उत्तराखंड निवासी सूरज सिंह पवार, रविन्द्र सिंह राठौर, हरियाणा निवासी सुरेश कुमार, राजस्थान निवासी नवनीत लहरी, यूपी के बुलंदशहर का रिजवान, मथुरा का आदित्यपाल, नोएडा का आर्यन वत्स।

साइबर पुलिस और अलीगढ़ साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय साइबर ठगों के गिरोह का खुलासा करते हुए करीब 500 करोड़ रुपये की संभावित ठगी रोकने का दावा किया है। इसके साथ ही गैंग से जुड़े 12 जालसाजों को अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। गिरोह शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर शिकार बनाते थे। पकड़े गए आरोपितों से पता चला है कि हांगकांग में बैठे मास्टरमाइंड के इशारे पर ठगी करते थे। मास्टरमाइंड पर शिकंजा कसने के लिए CBI की मदद से इंटरपोल से संपर्क किया जाएगा।

डीजीपी मुख्यालय के मुताबिक शिकायतकर्ता दिनेश कुमार शर्मा से एक करोड़ दस लाख रुपये की ठगी की जांच के दौरान गिरोह के बारे में जानकारी हुई। अलीगढ़ पुलिस की जांच में पता चला कि वॉट्सऐप पर कई ग्रुप बनाकर 500 से अधिक लोगों को गुमराह कर बड़ी रकम हड़पने की तैयारी है। इसके बाद साइबर सेल की मदद से जांच में संगठित अंतरराज्यीय गैंग सक्रिय होने की बात सामने आई। जालसाज लोगों को वॉट्सऐप पर जोड़ने के बाद निवेश करने पर 150–200% तक मुनाफे का झांसा देते थे। इसके बाद फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट व ऐप के जरिए रुपये जमा करवाते। मुनाफ का स्क्रीनशॉट भेजकर और रकम लगाने के लिए उकसाया जाता।

### फोन करके चेताया, कई ट्रांजेक्शन रुकवाए

फ्रॉड वाले सभी वॉट्सऐप ग्रुपों की मैनुअल स्कैनिंग के जरिए 500 से अधिक लोगों से टीम ने संपर्क किया। ठगी की जानकारी देते हुए रुपये न देने के लिए कहने के साथ ही कई बैंक खाते फ्रीज करवाए गए और कई ट्रांजेक्शन रुकवाए गए। छानबीन के दौरान गिरोह की कड़ियां अलग-अलग राज्यों से जुड़ी मिलीं। पुलिस ने ऐसे लगभग 600 फर्जी वॉट्सऐप ग्रुप चिह्नित किए और संबंधित विभागों की मदद से बंद करवाए गए। वादी के खाते में ही 5.64 लाख रुपये वापस भी करवाए गए। पुलिस ने ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और यूपी से इस गैंग से जुड़े 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 30 पासबुक/चेक बुक, 28 डेबिट कार्ड, 23 मोबाइल, 13 सिम, 2 जियो राउटर, 1 लैपटॉप और कई फर्जी फर्मों की मुहरें बरामद की गईं। गिरोह के खिलाफ महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, यूपी और केरल में 13 शिकायतें दर्ज पाई गईं। विवेचना में सामने आया कि विदेशी मॉड्यूल लोगों से फर्जी बैंक खाते खुलवाकर साइबर स्लेवरी में फंसा लेता था। फिर उन्हें बंधक की तरह इस्तेमाल कर खातों से करोड़ों रुपये हांगकांग के बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर करवाए जाते थे।

### खुद को बताता था IB का डिप्टी डायरेक्टर, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मेरठ: एसटीएफ फील्ड यूनिट ने शुक्रवार की रात खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बताकर अफसरों पर दबाव बनाने के आरोपित को धर दबोचा। एसटीएफ के अनुसार आरोपित फोन करके मनमाने काम का दबाव बनाता था। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह के अनुसार बिजनौर के धामपुर निवासी मनोज चौहान को साकेत कॉलोनी से पकड़ा गया है। आरोपित खुद को आईबी में डिप्टी डायरेक्टर बताकर लोगों से काम करवाने की एवज में वसूली करता था। इसके साथ ही अधिकारियों को फोन करके काम का दबाव बनाता था। पूछताछ के दौरान एमएससी पास आरोपित ने बताया कि मेडिकल फर्म चलाता है। इसके साथ ही कई लोगों से काम करवाने के एवज में वसूली कर चुका है।

# महाशिवरात्रि पर 300 वर्षों में दूसरी बार 12 दुर्लभ योग

■ NBT न्यूज, वाराणसी

देवाधिदेव महादेव के विवाह उत्सव यानी महाशिवरात्रि पर इस बार 12 दुर्लभ योग बनेंगे। तीन सौ वर्षों में यह दूसरा मौका होगा, जब दस से अधिक योग एक साथ महाशिवरात्रि के दिन बनेंगे। इनमें प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, सर्वार्थसिद्धि, साध्य, शिव, शुक्ल, चंद्रमंगल, त्रिग्रही, राज और ध्रुव योग शामिल हैं। विशेष योग में पड़ रही महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दस लाख श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसको देखते हुए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

ज्योतिषविद् पं. दीपक मालवीय का कहना है कि पौराणिक कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही भोलेनाथ का माता पार्वती से विवाह हुआ था। इसी दिन सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। महाशिवरात्रि में निशाव्यापिनी चतुर्दशी तिथि का महत्व होता है, इसलिए यह पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा।

### कौन सा योग कब तक



महाशिवरात्रि के दिन सूर्योदय के बाद से शुभ योगों के बनने का क्रम आरंभ हो जाएगा। प्रातः 05.45 बजे से पूरे दिन शिवयोग रहेगा। सुबह 6.43 बजे से सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू होगा, जो करीब तीन घंटे तक रहेगा। प्रीतियोग पूर्वाह्न 11.19 से 11.23 तक, आयुष्मान योग दिन में 12.17 से 01.54 तक, सौभाग्य योग शाम 5.57 से 5.53 तक, शोभन योग शाम 7.47 से रात 8.30 बजे तक, साध्य योग रात 8.45 से 10.02 तक, शुक्ल योग रात 10.42 से 11.58 तक, राज योग रात 12.54 से 2.54 और ध्रुव योग रात 2.57 से भोर में 5.53 बजे तक रहेगा। इससे पहले वर्ष 2024 में शिवरात्रि पर 11 योग बने थे।

### सुगम दर्शन पर रोक

महाशिवरात्रि पर भक्तों की भीड़ उमड़ने को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने 14 से 17 फरवरी तक सभी तरह के सुगम दर्शन और वीवीआईपी प्रोटोकॉल के तहत होने वाले दर्शन पर रोक लगा दी है। महाशिवरात्रि पर विश्वनाथ मंदिर के कपाट लगातार 44 घंटे खुले रहेंगे। 15 फरवरी की भोर में सवा दो बजे मंगला आरती के साथ कपाट भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। पूरे दिन दर्शन-पूजन के साथ रात में चार प्रहर की आरती होगी। दूसरे दिन यानी 16 फरवरी को रात्रि में शयन आरती के बाद ही कपाट बंद होंगे।

## 'बजट यूपी के विकास को गति देने वाला'

■ NBT न्यूज, रायबरेली: जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने बजट को हर वर्ग के लिए हितकारी बताते हुए कहा कि इससे यूपी के विकास को गति मिलेगी। बजट में प्रदेश को इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य,और तकनीक के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता दी गई है। MSME और खादी को बढ़ावा देने पर कहा कि खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल' शुरू करने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और बुनकरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## पेड़ से टकराकर पलटी कार, 3 ने गंवाई जान

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर गड्ढे में गिर गई। कार सवार मामा-भांजे और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए। कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया।

एटा पुलिस के मुताबिक कार सवार लोग हरियाणा के गुरुग्राम से यूपी के मैनपुरी एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान मैनपुरी निवासी शिवम यादव (21), उनके मामा सुमित यादव (23) और उनके गांव निवासी मनकी (19) के रूप में हुई है। मैनपुरी निवासी राहुल (28) और खुशबू (22) घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शी शिव कुमार ने बताया कि कार बेकाबू होकर पलटी। मैंने चिल्ला कर लोगों को बुलाया। कार में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश की। कार अंदर से लॉक थी। बाद में दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला।

### कार की टक्कर से मामा-भांजे की मौत

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर

जयसिंहपुर में शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड पर अरवलिया अंडरपास के पास दोपहर करीब तीन बजे हादसा हुआ। इसमें देवपरागपुर निवासी अमित (22) और इटकौली निवासी रघुवीर (20) की मौत हो गई।

**डिवाइडर से टकराई कार, दो दरोगा सहित चार घायल :** बल्दीराय क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह दस बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में रेप के आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद ले जा रहे दो दरोगा सहित चार लोग घायल हो गए। सीओ आशुतोष के अनुसार गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के दरोगा अतुल कुमार व विपिन कुमार बिहार निवासी रेप के आरोपित विश्वकांत को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## हथौड़ी से ताऊ की हत्या

■ NBT न्यूज, सीतापुर: इमलिया सुल्तानपुर में शुक्रवार देर रात नशे में धुत युवक ने हथौड़ी से ताबड़तोड़ वार कर ताऊ की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार गांव सहरोई सिकटिया निवासी राधेश्याम का बेटा अनूप नशे में घर पहुंचा था। टोकने पर भाई से कहासुनी होने लगी। भड़के अनूप ने अपनी बाइक में आग लगा दी। इस बीच पहुंचे ताऊ गंगाराम ने फटकार लगाई तो हथौड़ी से उनके सिर पर एक के बाद एक कई वार कर दिए। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

## हत्या के बाद खेत में फेंका युवक का शव

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: गीडा के फेयनपुर गांव स्थित सरसों के खेत में शनिवार सुबह युवक का खून से लथपथ शव पाया गया। मृतक की पहचान गांव के ही अभिषेक सिंह (18) के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने बताया कि समारोहों में बतौर वेटर काम करने वाला अभिषेक शुक्रवार शाम घर से निकलने के बाद नहीं लौटा था। परिवारीजनों ने चार युवकों पर हत्या का शक जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चाकू से चाचा को गोदा, मौत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: मऊ के घोसी स्थित खतीब गांव में शुक्रवार रात नशे में धुत युवक ने अभद्रता और गाली देने के विरोध पर चाचा की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रामभवन यादव (42) बड़े भाई विजयभान (50) के साथ खाना खा रहे थे। इसी दौरान चचेरे भाई का बेटा विनेंद्र नशे में धुत होकर आया और अभद्रता करने लगा। टोकने पर कई लोगों को बुलाकर चाकू से हमला कर दिया। इसमें रामभवन की मौत हो गई, जबकि विजयभान की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर विनेंद्र सहित अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## भाजपा एमएलसी शैलेंद्र सिंह साक्ष्य के अभाव में बरी

■ भाषा, सुलतानपुर: एमपी/एमएलए कोर्ट ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित तीन आरोपियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामला पिछले नौ साल से विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 मई 2019 को कोतवाली देहात के उतुरी गांव स्थित राजर्षि टंडन शिक्षण संस्थान में एमएलसी शैलेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह और जय प्रकाश सिंह के साथ 50 से अधिक लोगों को भोजन करवा रहे थे। चुनाव के दौरान वोटरों को प्रभावित करने और बिना अनुमति आयोजन के मामले में केस दर्ज करवाया गया था।

### भानवी सिंह को कोर्ट से राहत

■ NBT न्यूज, अयोध्या: सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के मामले में राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ दायर परिवाद अदालत ने खारिज कर दिया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि परिवादी का इस मामले में कोई विधिक अधिकार (लोकस स्टैंडी) नहीं बनता। 18 सितंबर 2025 को भानवी सिंह ने पति रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। इसे आधार बनाते हुए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश महासचिव राणा अजय सिंह ने अयोध्या न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था।

## अयोध्या/बाराबंकी

### 'राम पथ पर ई-रिक्शा संचालन की मिले अनुमति'

■ NBT न्यूज, अयोध्या: 14किमी लंबे राम पथ पर टेढ़ी बाजार से लेकर लता मंगेशकर चौराहे तक ई- रिक्शा का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। राम मंदिर इलाके में भीड़ वाले क्षेत्रों में जाम से निजात के लिए प्रशासन ने तीन दिन पहले रोक लगाई थी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को मंदिर अथवा सरयू तट पहुंचाने के लिए 144 बसों के साथ ही 160गोल्फ कार्ट तैनात की गई हैं। इस बीच ई-रिक्शा संचालन पर रोक के लिए विरोध में चालकों ने मेयर से कोई आश्वासन नहीं मिलने के बाद आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

रोक का विरोध तेज, आमरण अनशन पर बैठे चालक

अनशन कर रहे चालकों का कहना है रोक से करीब डेढ़ हजार रिक्शा चालकों के सामने परिवार का पेट भरने की चुनौती आ गई है। वहीं, राम पथ की पटरियों से हटाए गए ठेले -खोमचे अब अयोध्या रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग पर लगने लगे हैं। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही अभियान चलाकर इन्हें हटवाया जाएगा। इस बीच नगरबाग के 24 दुकानदार भी ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में आ गए हैं।

### गुप्तार पार्क का ₹84.2 करोड़ से हो रहा विकास, कृत्रिम झील प्रमुख आकर्षण

■ NBT न्यूज अयोध्या: आस्था और आधुनिक पर्यटन के समन्वय के प्रतीक के तौर गुप्तार पार्क को विकसित किया जा रहा है। झील, हरित लैंडस्केपिंग और आधुनिक सुविधाएं श्रद्धालुओं और पर्यटकों को लुभाएंगी। अयोध्या को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान देने के लिए नीलयम पंचवटी सहित कई अन्य परियोजनाओं पर काम हो रहा है। राजकीय उद्यान विभाग द्वारा 842.26 लाख रुपये की लागत से पार्क में कृत्रिम झील सहित कई काम करवा जा रहे हैं, जो मई तक पूरी होने की उम्मीद है।



गुप्तार घाट का पौराणिक महत्व अत्यंत गहन और भावनात्मक है। 19वीं शताब्दी में राजा दर्शन सिंह द्वारा पुनर्निर्मित घाट पर राम-जानकी मंदिर, चरण पादुका, नरसिंह मंदिर, हनुमान मंदिर और गुप्त हरि सरीखे मंदिर हैं। सहायक अभियंता संजय सिंह के अनुसार वर्तमान परियोजना में कृत्रिम झील मुख्य आकर्षण होगी। गुप्तार पार्क में बाउंड्री, पाथवे का निर्माण हो रहा है। बाकी काम भी जल्द पूरे करवाए जाएंगे। जिला उद्यान अधिकारी अरुण तिवारी ने बताया कि काम पूरा होने के बाद गुप्तार पार्क एक अलग रूप में सामने आएगा।

### KGMU वीसी को सप्तमातृका सम्मान

■ NBT न्यूज, अयोध्या: विश्वमांगल्य सभा की तरफ से मातृ संस्कार समागम कार्यक्रम का शनिवार को अयोध्या में आयोजन हुआ। मातृ शक्ति का सम्मान, महिला सशक्तिकरण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी भगवती देवी बलदवा ने मातृ शक्ति को समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। इस मौके पर केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद को सप्तमातृका सम्मान दिया गया। इसके साथ ही विनीता मिश्रा, मीरा सिंघल, उर्वा वर्मा, डॉ. लक्ष्मी गौतम, तुलिका श्रीवास्तव एवं ज्योति किरण को भी सम्मानित किया गया।



### शराब के ठेके पर मारपीट, नामजद FIR

■ NBT न्यूज, त्रिवेदीगंज: लेनीकटरा के त्रिवेदीगंज में शराब ठेके पर शुक्रवार रात विवाद के बाद आरोपितों ने गाड़ी से पीड़ितों की कार को कई बार टक्कर मारी। पीड़ितों ने जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। पक्कापुर निवासी अजीत कुमार शुक्ला के अनुसार भाई शशांक के साथ शादी समारोह में जा रहे थे। त्रिवेदीगंज गांव के पास मंगलपुर निवासी करन वर्मा ने सड़क पर अपनी थार खड़ी कर रखी थी। हटाने के लिए कहने पर विवाद शुरू हो गया और कई लोगों को बुलाकर थार से उनकी कार में कई बार टक्कर मारते हुए धमकाया था।

### टैंकर से 300 ली. डीजल चोरी

■ NBT न्यूज, त्रिवेदीगंज: सुलतानपुर हाइवे के हुसैनाबाद के बालाजी फिलिंग स्टेशन पर डीजल लेकर आए टैंकर से 300 लीटर डीजल चोरी हो गया। देर रात हुई चोरी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना के वक्त दरियाबाद के सद्दीपुर के निवासी चालक संतोष टैंकर में ही सो रहा था। एसओ अभय कुमार मौर्य के अनुसार शिकायत पर जांच की जा रही है।

## फटाफट खबरें

### 'ईश्वर की प्राप्ति के लिए अच्छी संगत जरूरी'

■ NBT न्यूज, मसौली: 'समाज में युवा वर्ग अपने मार्ग से भटककर गलत रास्ते पर जा रहे हैं। युवा पीढ़ी को जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जब यह संघर्ष सफल होगा तब युवा पीढ़ी गलत संगत एवं नशे से दूर होगी।' यह बात मुजापुर के संत कबीर आश्रम में सद्गुरु विशालदेव साहेब की पुण्यतिथि पर शनिवार को हुए समारोह में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण वेंकटेश्वर लू ने कही। इस मौके पर महंत आलोक दास, सन्त प्राजल दास, पूर्व विधायक शरद अवस्थी मौजूद रहे।

### 'नॉर्वे में हिंदी को मातृ भाषा का दर्जा'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: 'नॉर्वे में हिंदी को मातृ भाषा का दर्जा प्राप्त है। साथ ही उर्दू, पंजाबी, तमिल और संस्कृत को पढ़ने-पढ़ाने का अवसर भी प्राप्त है।' यह बात डॉ.सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कही। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह, प्रो. अनिता सिंह, प्रो. अनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रो. अम्बरीश कुमार शास्त्री, रीना सिंह, अमित कुमार, प्रोफेसर कृष्णकांत चंद्र, मानव कुमार सिंह, शार्दूल विक्रम सिंह, विजय कुमार वर्मा, हेमंत सिंह मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में शिक्षक सहित दो की मौत

■ NBT न्यूज, सफदरगंज: अयोध्या हाइवे पर सफदरगंज चौराहा व बघौरा के पास सड़क हादसों में शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो गई। सफदरगंज चौराहे के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से शिक्षक शिवकुमार यादव की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या हाइवे पर बघौरा के पास दोपहर के समय डंपर की टक्कर से बाइक सवार गुलरिहा निवासी अरुण कुमार रावत(45) की मौत हो गई।

### UP बोर्ड: 115 केंद्रों पर होगी परीक्षा

■ NBT न्यूज, अयोध्या : 20 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी अंतिम चरण में है। नकलविहीन परीक्षा के लिए 6 सचल दल सेक्टर जोनल मैजिस्ट्रेट व 115 स्टैटिक मैजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी के मुताबिक हाई स्कूल में 39850 व इंटरमीडिएट में 37732 कुल मिलाकर 77582 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाओं के लिए 115 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी लगवाए गए हैं। 16 केंद्र संवेदनशील व 5 अतिसंवेदनशील की श्रेणी के हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG12 User: cci Time: 02-08-2026 00:43 Color:



## फटाफट खबरें

### US का मार्केट एक्सेस बढ़ेगा : USTR

■ पीटीआई, न्यूयॉर्क/वॉशिंगटनः ट्रेड डील पर यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (USTR) ने कहा है कि राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप भारत के साथ एक व्यापार समझौते के तहत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में अमेरिकी किसानों और उत्पादकों की पहुंच बढ़ा रहे हैं। USTR ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ट्री नट्स और सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन से लेकर लाल ज्वार और ताजे और प्रोसेस्ड फलों को यह समझौता अमेरिकी उत्पादों के लिए नया मार्केट एक्सेस देगा।'

### हमारा व्यापार प्रभावित नहीं होगा : चीन

■ पीटीआई, नागपुरः मुंबई में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के महावाणिज्य दूत किन जी ने शनिवार को कहा कि भारत-चीन व्यापार बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि दोनों देश बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं जो बहुपक्षवाद और बहुपक्षीय व्यापार का समर्थन करती हैं। जब उनसे पूछा गया कि भारत जो समझौते कर रहा है, उसके संदर्भ में वह दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापार के स्वरूप को कैसे देखते हैं, तो उन्होंने कहा कि संभावना कम है कि यह बाहरी कारकों से बहुत अधिक प्रभावित होगा।

### भारत और रूस में अच्छे संबंध : रूस

■ पीटीआई, नागपुरः मुंबई में रूसी संघ के महावाणिज्य दूत इवान फेटिसोव ने शनिवार को कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित अच्छे संबंध हैं। अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के बारे में पूछे जाने पर, राजनयिक ने कहा, 'हम किसी भी देश के साथ सहयोग करने के लिए खुले हैं, जो रूस के साथ सहयोग करना चाहता है। अगर भारत अमेरिका, कजाखिस्तान या ब्राजील के साथ सहयोग करना चाहता है, तो यह पूरी तरह से भारत पर निर्भर करता है।'

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता, किसको क्या मिला?

*तय टैरिफ में किसी देश ने बदलाव किया तो दूसरा पक्ष भी वादे को बदल सकेगा*

*ट्रंप बोले- भारत ने रूसी तेल न खरीदने का वादा किया, फिर भी 'नजर रखेंगे'*


FILE

NBT EXPLAINER

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत शनिवार को ऐलान किया कि वे एक-दूसरे की चीजों पर आयात शुल्क घटाएंगे। संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत से जाने वाली चीजों पर अमेरिका जवाबी टैरिफ घटाकर 18% कर देगा। अमेरिका से आने वाले समूचे इंडस्ट्रियल गुड्स और कुछ कृषि उत्पादों पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाई या पूरी तरह खत्म कर दी जाएगी। दोनों देशों ने यह फैसला भी किया है कि तय टैरिफ में किसी भी देश ने बदलाव किया तो दूसरा पक्ष भी अपने वादे में बदलाव कर सकता है। अमेरिका का जवाबी टैरिफ इग्जेक्युटिव ऑर्डर के साथ लागू हो जाएगा। इसके तहत टैक्सटाइल्स एंड अपैरल, लेदर एंड फुटवियर, प्लास्टिक एंड रबर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हैंडीक्राफ्ट और कुछ मशीनरी पर टैरिफ 18% हो जाएगा।

**रूसी तेल खरीद का क्या?**
अमेरिका ने 25% पेनल्टी हटा ली है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इग्जेक्युटिव ऑर्डर में कहा, 'भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीद बंद करने का वादा किया है। यह वादा भी किया है कि वह अमेरिका से एनर्जी प्रोडक्ट्स खरीदेगा। 25% ड्यूटी लगाते समय अमेरिका ने जो कहा था, उसके मुताबिक भारत ने 'काफी कदम' उठाए हैं, लिहाजा 25% पेनल्टी खत्म की जा रही है।' ट्रंप ने यह भी कहा है कि रूस से भारत की तेल खरीद पर अमेरिकी अधिकारी 'नजर रखेंगे' और अगर खरीद होती पाई गई तो फिर से 25% पेनल्टी लगाई जा सकती है और दूसरे एक्शन भी लिए जा सकते हैं।

**क्या बोला विदेश मंत्रालय?**
वहीं, विदेश मंत्रालय ने शनिवार को रूसी तेल के इंपोर्ट पर अपना रुख दोहराया और कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारत की एनर्जी सोर्सिंग में विविधता लाना हमारी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। 'जहां तक भारत की एनर्जी सोर्सिंग का सवाल है, सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाजार के हालात और अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता के अनुरूप हमारी एनर्जी सोर्सिंग में विविधता लाना इसे सुनिश्चित करने की रणनीति का मूल है। भारत के सभी कार्य इसी बात को ध्यान में रखकर किए जाते हैं और किए जाएंगे।'

**कृषि उत्पादों पर क्या रहा भारत का रुख?**
गोयल के मुताबिक, 'जो चीजें भारत के लिए संवेदनशील हैं, जिन्हें किसान पर्याप्त मात्रा में उपजाते हैं और जिनमें हम आत्मनिर्भर हैं, उन वस्तुओं को डील से बाहर रखा गया है। कोई छूट नहीं दी गई है।' उन्होंने कहा, 'भारत ने अपने हितों और जरूरतों को देखते हुए उन वस्तुओं का मार्केट नपे-तुले ढंग से खोला है, जिनके लिए हम आज भी आयात पर निर्भर हैं।' DDGs के लिए हमारे पशुपालन क्षेत्र के लोगों ने मांग की थी, उनकी जरूरत थी। लिहाजा यह सीमित मात्रा में लाया जाएगा। इसी तरह कुछ ऐसी चीजें हैं, जो भारत में पर्याप्त मात्रा में नहीं बनतीं, उनके लिए मार्केट खोलने से कॉम्पिटिशन बढ़ेगा और उपभोक्ताओं को लाभ होगा। वाइन एंड स्पिरिट्स के लिए बाजार खोला गया है। मिनिमम इंपोर्ट प्राइस भी रखा गया है। बादाम, अखरोट, लेंटिल (पीले मसूर जैसी दाल, जो दिखने में अरहर जैसी होती है) जैसी चीजों का आयात UPA के समय से हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'कुछ चीजों पर चरणबद्ध ढंग से टैरिफ घटाया जाएगा और कुछ पर शुरू में ही हटा दिया जाएगा।'

**क्या डेयरी उत्पादों पर भारत ने छूट दी?**
भारत, अमेरिका के कई खाद्य और कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाएगा। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने साफ किया कि 'डेयरी प्रोडक्ट्स के मामले में किसी भी शर्त के साथ कुछ भी नहीं खोला गया है। कोई भी रियायत नहीं दी गई है।' यानी अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट्स का इंपोर्ट नहीं होगा।

**कपास और सेब पर क्या तय हुआ?**
गोयल ने कहा कि भारत करीब 6 लाख टन सेब आयात करता है। अमेरिका से भी सेब आता है। अभी 50 रुपये प्रति किलो के मिनिमम इंपोर्ट प्राइस पर आयात होता है और 50% ड्यूटी लगती है। यानी प्राइस 75 रुपये किलो से कम नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, 'अभी अमेरिका से जितना आयात होता है, उससे कम कोटा रखा गया है। रियायती ड्यूटी रखी गई है। मिनिमम इंपोर्ट प्राइस 80 रुपये होगा और इस पर 25% ड्यूटी लगेगी। इस तरह फ्लोर प्राइस 100 रुपये प्रति किलो हो जाएगा।' कपास का भी आयात होता है, खासतौर से एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल कॉटन का। इसमें भी कोटा आधारित रियायत दी गई है।'

**भारत की और किन चीजों पर अमेरिकी ड्यूटी जीरो?**
बाइलैटरल ट्रेड डील के तहत अंतरिम समझौता सफलतापूर्वक होने पर भारत से जाने वाली कई चीजों पर अमेरिकी टैरिफ जीरो हो जाएगा। यह अंतरिम समझौता मार्च के मध्य तक हो सकता है। इनमें जेनेरिक दवाएं, जेम्स एंड डायमंड और विमानों के पुर्जे शामिल हैं। ऑटो पार्ट्स पर ड्यूटी जीरो तो नहीं होगी, लेकिन अमेरिका तरजीही टैरिफ रेट कोटा के तहत छूट देगा। गोयल ने कहा कि कुछ ऑटो पार्ट्स पर ड्यूटी जीरो हो जाएगी और कुछ पर 18% होगी। प्लैटिनम, एसेंशियल ऑयल, कुछ इनॉर्गेनिक और ऑर्गेनिक केमिकल्स, जिंक ऑक्साइड जैसी चीजों पर ड्यूटी जीरो हो जाएगी।

**अमेरिका की किन चीजों पर भारत घटाएगा ड्यूटी?**
अमेरिका से आने वाले सभी इंडस्ट्रियल गुड्स पर भारत का आयात शुल्क खत्म हो जाएगा। कैंसर, हार्ट, न्यूरो डिजीज की दवाओं और बच्चों की कुछ दवाओं पर भी ड्यूटी खत्म होगी। कॉस्मेटिक्स, ऑर्गेनिक और इनॉर्गेनिक केमिकल्स, कंप्यूटर से जुड़े प्रोडक्ट्स और मेडिकल उपकरणों सहित ऐसी चीजों का आयात अभी 26 बिलियन डॉलर का है। कुछ उत्पादों पर धीरे-धीरे छूट दी जाएगी।

**500 बिलियन डॉलर का क्या है सवाल?**
भारत अगले 5 साल में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर के तेल-गैस सहित एनर्जी प्रोडक्ट्स, विमान और विमानों के पुर्जे, गोल्ड सहित कीमती धातुएं, टेक्नॉलजी प्रोडक्ट्स और कोकिंग कोल खरीदेगा। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स के अलावा डेटा सेंटर्स में उपयोग होने वाली दूसरी चीजों का व्यापार बढ़ाएंगे।

**स्टील और एल्युमीनियम एक्सपोर्ट पर क्या?**
गोयल ने कहा कि अमेरिका ने सेक्शन 232 के तहत स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ पूरी दुनिया के लिए लगाया है, उतना ही भारत पर है।

**तीसरे देश से माल आया तो क्या होगा?**
दोनों देश रूल्स ऑफ ओरिजिन तय करेंगे। इससे यह पक्का होगा कि केवल भारत में बने माल पर अमेरिका में छूट मिले और केवल अमेरिका में बने माल पर भारत में छूट मिले।

## US के सुरक्षा मानक मान लिए तो क्या?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के करार के लिए भारत और अमेरिका ने जिन बातों पर सहमति जताई है, उनमें भारत के टेस्टिंग स्टैंडर्ड्स के बारे में अमेरिका के रुख और नॉन-टैरिफ बैरियर्स को लेकर किसान संगठनों और कृषि विशेषज्ञों ने सवाल उठाए। वहीं, कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने DDGs से जुड़ी चिंता पर कहा कि 'इसके बारे में पर्यावरण मंत्रालय की प्रक्रिया है। एक बार प्रोसेसिंग हो जाने पर GM का इफेक्ट नहीं रह जाता।

**कृषि विशेषज्ञों ने 6 महीने में अमेरिकी मानकों के बारे में फैसले की शर्त पर उठाए सवाल**

संयुक्त बयान में कहा गया, 'अमेरिका और भारत द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाले नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर गौर करेंगे। अमेरिका के खाद्य और कृषि उत्पादों के व्यापार में नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर विचार करने के लिए भारत राजी हुआ है।' कहा गया कि एग्रीमेंट होने के 6 महीने के भीतर भारत को यह फैसला करना होगा कि अमेरिकी निर्यात की टेस्टिंग में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय मानकों को माना जा सकता है या नहीं। अभी भारत कृषि और खाद्य वस्तुओं सहित कई चीजों में अपने पैमाने लगाता है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अमेरिका में पशुओं को मांसयुक्त चारा भी दिया जाता है। भारत ने डेयरी प्रोडक्ट्स का आयात नहीं खोला है, लेकिन ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन (DDGs) और लाल ज्वार सहित पशु चारे का आयात होगा। कृषि विशेषज्ञ देविंदर शर्मा ने कहा, 'नॉन-टैरिफ बैरियर हटाने और अमेरिका के सेफ्टी स्टैंडर्ड मान लेने की बात चिंताजनक है। इसलिए भी कि मलेशिया के साथ करार में US ने मनवाया है कि वह अमेरिकी स्टैंडर्ड मानेगा।' उन्होंने कहा, 'जेनेटिकली मॉडिफाइड प्रोडक्ट्स को हमने अपने मानकों के हिसाब से रोका हुआ है, लेकिन अगर अमेरिकी मानक मानने पड़े, तो फिर क्या होगा?' भारतीय किसान संघ के महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा, 'किसानों से जुड़े संवेदनशील उत्पादों और GM फसलों को अनुमति के बारे में सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## और उत्पादों पर टैरिफ घटाने पर होगी बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के फ्रेमवर्क पर सहमति बनने का ऐलान किया। इस बारे में एक संयुक्त बयान भी जारी किया। अब आगे मार्च मध्य तक पहले चरण के बारे में अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**मार्च मध्य तक पहले चरण के बारे में अंतरिम समझौते को दिया जाएगा अंतिम रूप**

यह चरण पूरा होने के बाद फुल बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर आगे की बात होगी, जिसमें दोनों देश और चीजों पर टैरिफ घटाने पर चर्चा करेंगे। इसमें भारत पर टैरिफ 18% से भी नीचे आ सकता है।

शनिवार को तय फ्रेमवर्क के आधार पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से इग्जेक्युटिव ऑर्डर जारी होगा, जिससे भारत के निर्यात पर अमेरिकी जवाबी टैरिफ 18% लागू हो जाएगा। अमेरिका से आने वाली चीजों पर भारत ने अपना आयात शुल्क घटाने या खत्म करने के बारे में जो रजामंदी दी है, वह मार्च के मध्य में अंतरिम समझौते के कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत होने के साथ लागू होगी। यह फर्क इसलिए है, क्योंकि अमेरिकी जवाबी टैरिफ इग्जेक्युटिव ऑर्डर के जरिये लगाए गए थे, वहीं भारत जो भी आयात शुल्क लगाता है, वह मोस्ट फेवर्ड नेशन कैटिगरी का है और वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के नियमों के दायरे में है।

## 44 बिलियन डॉलर का निर्यात टैरिफ फ्री : गोयल

### कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा, लगभग आधे निर्यात पर ड्यूटी शून्य होगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी डील की जानकारी

कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद शनिवार को कहा कि पहले चरण के तहत भारत से करीब 44 बिलियन डॉलर की चीजों पर अमेरिका में आयात शुल्क नहीं लगेगा। 2024-25 में भारत से अमेरिका को 86.5 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट हुआ था और वहां से 45.3 बिलियन डॉलर का इंपोर्ट हुआ था। कुल निर्यात में से करीब 34 बिलियन डॉलर पर अभी कोई ड्यूटी नहीं लगती। गोयल ने कहा, 'अब लगभग आधा इंडियन एक्सपोर्ट जीरो ड्यूटी पर चला जाएगा। यानी करीब 44 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर जवाबी टैरिफ जीरो हो जाएगा।'

टेक्सटाइल्स, लेदर एंड फुटवियर सहित करीब 30 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर 18% अमेरिकी टैरिफ लगेगा। वहीं, स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर और कुछ ऑटो पार्ट्स के लगभग 12 बिलियन डॉलर के निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिका ने स्टील, कॉपर और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ पूरी दुनिया के लिए लगाया है, उतना ही भारत पर है। गोयल ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी और 30 ट्रिलियन डॉलर की अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब हमारे निर्यातकों के लिए मोस्ट फेवर्ड नेशन ड्यूटी के साथ खुल रही है। जेनेरिक फार्मा, एयरक्राफ्ट कंपोनेंट्स और ऑटो पार्ट्स सहित कई भारतीय उत्पादों पर अमेरिका का टैरिफ जीरो हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'दोनों देशों ने पिछले साल फरवरी में बाइलैटरल ट्रेड डील के लिए चर्चा शुरू की थी। दोनों देशों ने साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। अमेरिका का जवाबी टैरिफ घटकर 18% करने वाला इग्जेक्युटिव ऑर्डर जल्द आ सकता है।' वहीं, FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, '50% से जवाबी टैरिफ 18% पर आना भारतीय निर्यात के लिए गेमचेंजर है। इससे वे ऑर्डर तुरंत रिलीज होने की उम्मीद है, जो होल्ड कर दिए गए थे।

### मिलकर काम करेंगे : वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली अन्य वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे और प्रौद्योगिकी सहयोग का विस्तार करेंगे। वैष्णव ने कहा कि डेटा सेंटर आने वाले वर्षों में विकास का एक बड़ा जरिया बनेंगे।

## 'महाडील' पर सरकार और विपक्ष में जुबानी जंग

NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः ट्रेड डील को लेकर आए भारत-अमेरिका के साझा बयान पर विपक्ष और सरकार के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जीरो टैक्स पर अमेरिकी सामान के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया गया है, जो किसानों के साथ बड़ा धोखा है। वहीं, बीजेपी और कई केंद्रीय मंत्रियों ने कहा है कि किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।

### कांग्रेस ने क्या आरोप लगाए?




कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि अमेरिका-भारत के बीच व्यापार समझौता दबाव में हुआ है। यह मजबूरी में की गई अंतरिम डील है। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते के आधार पर भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदा गया तो अमेरिका 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। जयराम ने कहा कि संयुक्त बयान में अमेरिकी किसानों का भी जिक्र किया गया है कि भारत उन्हें आयात कर में छूट देगा। ट्रेड डील को लेकर जो कुछ भी जानकारी दी गई है, उससे कई चीजें स्पष्ट होंगी।

### बीजेपी का करारा जवाब



बीजेपी प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अब किसी प्रकार के भ्रम की संभावना नहीं रह गई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने पूरी परिपक्वता, दृढ़ता के साथ भारत के हितों को सुदृढ़ करते हुए स्पष्ट रूप से कृषि और दुग्ध व्यवसाय के क्षेत्रों को संरक्षित किया गया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि भारत के किसानों के हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया गया है और भारत के लघु और मध्यम उद्यमियों के लिए विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के द्वार खोल दिए गए हैं।

### योगेंद्र यादव का विरोध क्यों?



सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने कहा कि जिसका डर था, वही हुआ। इंडो-यूएस ट्रेड डील के संयुक्त बयान ने साफ कर दिया है कि पहली बार भारतीय कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते का हिस्सा बनाया जा रहा है। कुछ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य कर दिए गए हैं, मक्का-सोया जैसे उत्पाद पिछले दरवाजे से प्रवेश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का कहना है कि मोदी सरकार ने झूठ बोलकर देश के करोड़ों किसानों के साथ धोखा किया है।

### कृषि मंत्री का आश्वासन



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिका से जो समझौता हुआ है, उससे स्पष्ट है कि हमारी सारी फसलें सुरक्षित हैं। अमेरिका से मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री उत्पाद, दूध, पनीर, इथेनॉल, ईंधन और तंबाकू नहीं आएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'जो विपक्ष हाय-तौबा मचा रहा था कि भारत का किसान बर्बाद हो जाएगा, तबाह हो जाएगा, आज वो देख ले कि समझौते में किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है।

## बांग्लादेश में निपाह वायरस से मौत

■ आईएएनएस, नई दिल्लीः विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बांग्लादेश में निपाह वायरस से एक महिला की मौत की पुष्टि की है। इस मामले के सामने आने के बाद एशिया भर में एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग बढ़ा दी गई है। 2 हफ्ते पहले ही भारत में दो ऐसे ही मामलों की पुष्टि हुई थी। दोनों ही पश्चिम बंगाल के 24 परगना के रहने वाले स्वास्थ्य कर्मी थे। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि मरीज के संपर्क में आए सभी 35 लोगों पर नजर रखी जा रही है और उनका वायरस टेस्ट नेगेटिव आया है, और अब तक कोई और मामला सामने नहीं आया है।

## मेघालय ब्लास्टः दो और शव मिले

■ भाषा, शिलांगः मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में अवैध कोयला खदान में विस्फोट के बाद शनिवार को दो और शव बरामद किए गए जिससे मरने वालों की संख्या 27 हो गई है। पुलिस के अनुसार, कई लोग अब भी लापता हैं और तलाशी अभियान जारी रहेगा। मृतकों की पहचान की पुष्टि के प्रयास किये जा रहे हैं। अब तक दो आरोपियों जलपेट पोरदुंग गांव के फोमे धिरमांग (36) और सुतंग पोहलैलोग गांव के शमेही वार (42) को गिरफ्तार किया गया है।

**3 बच्चियों की मौत : 1 घंटे से ज्यादा की पूछताछ में खुलासा**

## पिता ने दो बेटियों को कूदते देखा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

शहर की एक सोसायटी में तीन बहनों की मौत के मामले में रोज नई बातें सामने आ रही हैं। मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए शुक्रवार को DCP कार्यालय में पुलिस ने बच्चियों के पिता समेत अन्य परिजनों से एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। इस दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें पता चला है कि पिता ने दो बच्चियों को कूदते हुए देखा था। वहीं, अब तक जांच और पूछताछ से घटना के पीछे घर का खराब माहौल सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, पुलिस जांच अभी जारी है। ऐसे में और कई खुलासे हो सकते हैं। पुलिस पूछताछ में पिता ने बताया कि जब पहली बेटी छत से गिरी तो उसकी नींद खुल गई। इसके बाद उसने बेडरूम से दो अन्य बच्चियों को कूदते हुए देखा। पिता ने बताया कि दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका। घटना के वक्त घर में तीनों पत्नियां मौजूद थीं।

**3 बेटियां पढ़ाई में कमजोर, कितना सच** : जानकारी के अनुसार, तीनों बहनें पास के ही एक स्कूल में पढ़ती थीं। हैरान करने वाली बात है कि तीनों बेटियां एक साथ पढ़ाई में कैसे कमजोर हो सकती हैं।



### सवालों से कठघरे में परिवारीजन?

1. घटना के वक्त क्या सभी ने गेट तोड़ने का प्रयास किया या फिर सिर्फ दिखावा था या पुलिस के आने का इंतजार किया गया।
2. बच्चियों को कोरियन कल्चर में जाने के लिए मजबूर किसने किया था।
3. घर की माली हालत की वजह से बच्चियों की पढ़ाई छुड़वा दी गई या फिर जानबूझकर।
4. घर में बच्चियों को आइसोलेट तो कहीं नहीं किया गया।
5. बेटियों की मौत के बाद पिता मॉर्चरी तक नहीं गया था। लोगों का मानना है कि कितना भी खराब पिता हो, वह मॉर्चरी पर तो जरूर जाता।
6. मीडिया के सामने मास्क लगाकर आने पर भी कई प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।
7. घटना के बाद लोगों से न मिलना और गमी वाले घर में खाने-पीने की सामान आना।
8. मामले को लेकर पुलिस से किसी प्रकार का सवाल-जवाब न करना और सीधे तीनों बहनों के शवों का अंतिम संस्कार कर देना इस पर भी सवाल उठ रहे।

## धान खरीद का लक्ष्य पूरा, अभी 21 दिन का समय बाकी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी सरकार ने इस खरीफ वर्ष (2025-26) में किसानों से सीधे धान की खरीद के तय लक्ष्य को शनिवार को पूरा कर लिया। सरकार ने इस साल भी 60 लाख टन धान खरीदने का लक्ष्य तय किया था। इसके सापेक्ष शनिवार की दोपहर तक सरकारी क्रय केंद्रों पर 60,04,379 टन धान की खरीद हो चुकी थी। हालांकि, पूर्वी यूपी के जिलों में अभी खरीद बंद होने में 21 दिन बाकी हैं।

**60,04,379 टन धान की खरीद हो चुकी थी क्रय केंद्रों पर**

खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, सरकारी क्रय केंद्रों पर यह धान की खरीद 9,94,832 किसानों से सीधे की गई है। हालांकि, धान बेचने के लिए विभागीय पोर्टल पर 12,71,365 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। अब तक की धान खरीद की एवज में शनिवार दोपहर तक किसानों के खातों में 14320.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका था। राज्य सरकार ने पश्चिमी यूपी के जिलों में धान की खरीद एक अक्टूबर 2025 से शुरू की थी, जो 31 जनवरी 2026 को खत्म हो गई। वहीं पूर्वी यूपी के जिलों में धान की खरीद एक नवंबर 2025 से शुरू की थी, जो अभी 28 फरवरी 2026 तक होनी है।

## पुरुलिया मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, दो छात्र सस्पेंड

■ आईएएनएस, कोलकाताः पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में स्थित देबेन महतो गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमजीएमसीएच) में रैगिंग के आरोपित दो सीनियर छात्रों अयान बागची (एमबीबीएस बैच 2021-2026) और प्रशांत कुमार सिंह (एमबीबीएस बैच 2024-2029) को अगले दो वर्षों तक सभी शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया।

**दो साल तक शैक्षिक गितिविधियों में हिस्सा लेने पर रोक**

उन्हें तुरंत हॉस्टल के कमरे खाली करने होंगे। उन्हें पूरे मेडिकल कोर्स के दौरान कॉलेज हॉस्टल में प्रवेश नहीं मिलेगा। घटना 1 फरवरी 2026 के आसपास हुई। शिकायत पीड़ित छात्र महबूब इस्लाम (एमबीबीएस बैच 2025-2030) की मां मसीना खातून ने की थी। जांच में पाया गया कि दूसरे और चौथे वर्ष के दो छात्रों ने पहले वर्ष के छात्र के साथ रैगिंग की, जिसमें मारपीट शामिल थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पीड़ित छात्र को पीठ पर गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

## बिजली दरों में कमी की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 51 हजार करोड़ रुपये बकाए का हवाला देते हुए बिजली दरों में कमी की मांग की है।

परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यदि पांच वर्षों तक हर साल 10 प्रतिशत कटौती की जाए तो बकाया समायोजित हो सकता है। उन्होंने वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव के विरोध में नियामक आयोग में आपत्ति दाखिल करने की बात कही। तर्क है कि जब कंपनियों पर इतनी बड़ी राशि बकाया है, तब दरों में बढ़ोतरी उचित नहीं है।

## निवेशकों के लिए लॉन्च होगा निवेश मित्र 3.0

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**एक ही पोर्टल पर मिलेंगी सारी मंजूरियां**

प्रदेश में निवेशकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए औद्योगिक विकास विभाग 'निवेश मित्र 3.0' पोर्टल इस महीने के अंत तक लॉन्च करने जा रहा है। इसका उद्देश्य निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर से मुक्त कर सभी केंद्र व राज्य स्तरीय स्वीकृतियां एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है।

नया पोर्टल राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से एकीकृत होगा, जिससे विभिन्न अनुमतियों के लिए अलग पोर्टल पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसकी खासियत एआई आधारित स्मार्ट डैशबोर्ड है, जो निवेश प्रस्तावों की लाइव ट्रैकिंग के साथ संभावित अड़चनों की पहले पहचान कर डेटा आधारित समाधान सुझाएगा। पोर्टल को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण) और आईजीआरएस से जोड़ा जाएगा, जिससे शिकायतों का रियल-टाइम निस्तारण संभव होगा और विभागवार प्रगति की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर हो सकेगी। अधिकारियों की परफॉर्मेंस और लंबित मामलों की स्थिति भी पारदर्शी रहेगी। निवेशकों के लिए वॉट्सऐप, एसएमएस और ईमेल के जरिए मल्टी-चैनल संवाद की सुविधा होगी। आवेदन से स्वीकृति तक की हर सूचना मोबाइल पर मिलेगी। विशेषज्ञ इसे भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध उद्योग स्थापना की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTPLG13 User: cci Time: 02-08-2026 00:39 Color:



"अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना मेरे लिए, टीम के लिए और हर खिलाड़ी के लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है। ऐसा हुआ तो दुनिया देखेगी कि वहां के लोग कैसे है, वो कैसा स्वागत करते हैं।" - राशिद खान, कप्तान, अफगानिस्तान

**28** एक्स्ट्रा दिए थे वेस्टइंडीज ने सा. अफ्रीका के खिलाफ 2007 टी20I वर्ल्ड कप के मैच में। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी टीम द्वारा दिए गए सर्वाधिक एक्स्ट्रा रन हैं

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. पाकिस्तान-नीदरलैंड्स के बीच मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप का मैच किस शहर में हुआ? A) मुंबई B) कोलंबो C) पल्लेकेले D) कोलकाता
2. टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा एक्स्ट्रा रन खर्च करने का रेकॉर्ड किस टीम के नाम है? A) इंग्लैंड B) साउथ अफ्रीका C) अमेरिका D) वेस्टइंडीज

**कल के जवाब**
1. A) 27 2. C) 1

**लकी WINNERS**


1 ऋषभ पाबारिया, सैंटाक्रूज, मुंबई


2 अमित, गुड़गांव, हरियाणा


3 करुणा, द्वारका, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### शाह-गोर की मुलाकात



■ **मुंबई:** भारत में अमेरिका के राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर वानखेड़े स्टेडियम में भारत-अमेरिका टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने ICC अध्यक्ष जय शाह के साथ उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का आनंद लिया।

### U-19 टीम को इनाम

■ **नई दिल्ली:** बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप विजेता अंडर-19 भारतीय टीम, टेक्निकल स्टाफ और सिलेक्शन कमिटी के लिए कुल 7.5 करोड़ रुपए के कैश अवॉर्ड की घोषणा की है। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी।

### तेजस्विन को बढ़त

■ **नई दिल्ली:** चीन के तियानजिन में आयोजित एशियन इंडोर ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत के राष्ट्रीय रेकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर ने हेप्टाथलन में गोल्ड मेडल की तरफ अपनी पकड़ मजबूत की। पहले दिन तेजस्विन 3513 अंक के साथ बढ़त बनाए हुए हैं।

कप्तान की 84 रन की पारी और बोलर्स के दम पर भारत ने अमेरिका को दे दी मात

# भारत को 'ओपनिंग शॉक' से सूर्य ने बचाया

**भारत Vs अमेरिका**

Bhvin.Pandya@timesofindia.com

■ **मुंबई:** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले ही मुकाबले में अमेरिका जैसी अपेक्षाकृत कमजोर टीम की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के सामने जूझती हुई दिखी, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पारी और बोलर्स के एकजुट प्रदर्शन के बूते 29 रन से आसान जीत दर्ज की। एक समय 77 रन बनाने तक 6 विकेट गंवा चुकी भारतीय टीम को मजबूत सहारा दिया कप्तान सूर्यकुमार यादव ने। कठिन हालात में कप्तान सूर्य ने एक छोर संभाले रखा और टीम को पूरी तरह बिखरने से बचाया। उन्होंने अपनी हाफ सेंचुरी 36 बॉल में पूरी की, लेकिन दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। 20 ओवर की समाप्ति पर भारत ने 9 विकेट पर 161 रन बनाए, जिसमें सूर्य का योगदान नॉटआउट 84 रन (49 बॉल, 10 फोर और 4 सिक्स) का रहा। जवाब में अमेरिकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 132 रन बना पाई और मैच 29 रन से हार गई। संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन की पारी खेली, लेकिन वह नाकाफी रही। भारत के सबसे सफल बोलर मोहम्मद सिराज रहे, जो टूर्नामेंट की ओरिजिनल टीम तक में नहीं थे। हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल हुए सिराज ने 3 विकेट निकाले। वहीं प्लेइंग इलेवन में स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर के तौर पर शामिल अक्षर पटेल ने मुसीबत के समय 14 रन बनाने के अलावा 4 ओवर में 24 रन ही दिए और 2 विकेट निकालकर खुद की उपयोगिता साबित की।

**सिराज और अर्शदीप ने बनाया प्रेशर:** 162 का टारगेट हासिल करने के लिए अमेरिका को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, लेकिन हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में लेट एंट्री मारने वाले पेसर मोहम्मद सिराज ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर ऐसा होने नहीं दिया। सिराज ने दोनों ओपनर्स गौस और साइतेजा को क्रमशः दूसरे और चौथे ओवर में चलता किया, जबकि अर्शदीप ने कप्तान मोनांक का कीमती विकेट अपने नाम किया। 3 जल्दी विकेट गिरने से अमेरिकी टीम पावरप्ले में 31 रन ही जोड़ सकी। मिलिंद कुमार (34 रन) और संजय कृष्णमूर्ति ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 52 बॉल में 58 रन की पार्टनरशिप मुश्किल स्थिति में फंसी अपनी टीम को संभाला। 12वें ओवर में मिलिंद को वरुण ने अपनी फिरकी से छकाया और बाकी काम विकेट के पीछे ईशान किशन ने स्टंप बिखेरकर किया। 16वें ओवर में अमेरिकी पारी को झकझोरते हुए अक्षर पटेल ने कृष्णमूर्ति (37 रन, 31 बॉल, 1 फोर और 2 सिक्स) और हरमीत सिंह (0) को लगातार बॉल में आउट कर दिया। इसके बाद तो भारत की जीत महज औपचारिकता रह गई।



प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यकुमार

Kaushik Naik

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**3** बार इस साल टी20 इंटरनेशनल मैचों में जीरो पर आउट हो चुके हैं अभिषेक शर्मा और तीनों ही बार वह पहली ही गेंद पर आउट हुए

**6** बार टॉस हारे भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी20I मैच में। पिछले 5 मैचों में से 3 मैच भारतीय टीम जीती थी, जबकि 2 मैच हारी थी

### पहले हर्षित की चोट और अब बुमरा की बीमारी

टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन अनाउंस हुई तो उसमें संजू सैमसन, कुलदीप यादव और चोटिल वॉशिंगटन सुंदर के अलावा स्टार पेसर जसप्रीत बुमरा का नाम शामिल नहीं था। ऐसे में अटकलें लगना स्वाभाविक था कि कहीं फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा की तरह बुमरा भी तो चोटिल नहीं हो गए। हालांकि कुछ ही देर में बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर साफ कर दिया कि बुमरा चोट के कारण नहीं, बल्कि बीमार होने के चलते मैच नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को मैच खेलने का मौका मिला, जिन्हें हर्षित राणा के स्थान पर शुक्रवार को ही भारतीय टीम में शामिल किया गया था। मैच के एक दिन पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि हम जरूरत पड़ने पर दो स्पेशलिस्ट स्पिनर्स (कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती) को प्लेइंग इलेवन में शामिल करेंगे, लेकिन ये पिच और विपक्षी टीम को ध्यान में रखकर किया जाएगा। वानखेड़े की बैटिंग फ्रेंडली पिच और छोटी बाउंड्री को ध्यान में रखकर भारतीय टीम मैनेजमेंट ने बैटिंग को मजबूत करने पर फोकस किया, जिसके कारण अक्षर पटेल को कुलदीप यादव पर तरजीह दी गई। अक्षर उम्दा लेफ्ट आर्म स्पिनर होने के साथ ही दमदार लोअर मिडल ऑर्डर बैटर भी हैं।

### स्कोरकार्ड

**भारत:** ईशान किशन कॉ मिलिंद बो वान शॉलविक 20, अभिषेक शर्मा कॉ कृष्णमूर्ति बो अली 0, तिलक वर्मा कॉ पटेल बो वान शॉलविक 25, सूर्यकुमार यादव नॉटआउट 84, शिवम दुबे कॉ नेत्रवलकर बो वॉन शॉलविक 0, रिंकू सिंह कॉ मिलिंद बो मोहसिन 6, हार्दिक पंड्या कॉ मुकामाला बो हरमीत 5, अक्षर पटेल कॉ मोहसिन बो हरमीत 14, अर्शदीप कॉ मिलिंद बो वॉन शॉलविक 4, वरुण चक्रवर्ती रनआउट 0, **एक्स्ट्रा:** 3 **टोटल:** 20 ओवर में 161/9 **विकेट:** 1-8, 2-45, 3-46, 446, 5-72, 6-77, 7-118, 8-140, 9-161 **बोलिंग:** नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली 2-0-13-1, वॉन शॉलविक 4-0-25-4, मोहसिन 4-0-16-1, रंजने 2-0-16-0, हरमीत 4-0-26-2

**अमेरिका:** आंद्रे गौस कॉ वर्मा बो सिराज 6, साइतेजा मुकामला कॉ वरुण बो सिराज 2, मोनांक पटेल कॉ दुबे बो अर्शदीप 0, मिलिंद कुमार स्टंप किशन बो वरुण 34, संजय कृष्णमूर्ति कॉ रिंकू बो अक्षर 37, शुभम रंजने एलबीडब्ल्यू बो सिराज 37, हरमीत सिंह कॉ सिराज बो अक्षर 0, मोहम्मद मोहसिन कॉ तिलक बो अर्शदीप 8, शेडली वान स्कॉलविक नॉटआउट 2, **टोटल:** 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 132 रन **एक्स्ट्रा:** 6 **विकेट:** 1-8, 2-11, 3-13, 4-71, 5-98, 6-98, 7-110, 8-132 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-18-2, मोहम्मद सिराज 4-0-29-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-1, अक्षर पटेल 4-0-24-2, हार्दिक पंड्या 4-0-34-0

## फहीम ने पाकिस्तान को उलटफेर से बचा लिया

**पाकिस्तान Vs नीदरलैंड्स**
टी20 वर्ल्ड कप 2026


**ब्रीफ स्कोर**
**नीदरलैंड्स:** 19.5 ओवर्स में 147 रन (स्कॉट एडवर्ड्स 37, बास डि लीडे 30, सलमान मिर्जा 3/24, सईम अयूब 2/7)
**पाकिस्तान:** 19.3 ओवर्स में 148 रन (साहिबजादा फरहान 47, फहीम अशरफ 29*, पॉल वान मीकेरेन 2/20, आर्यन दत्त 2/33)

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** टी20 वर्ल्ड कप के अपने ओपनिंग मैच में ही पाकिस्तान को हार का करारा झटका लगने वाला था, जिसे उसने बमुश्किल टाल दिया। लोअर ऑर्डर बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टूर्नामेंट के अपने पहले पहले मैच में शनिवार को मुश्किल पलों से गुजरने के बाद अंत में नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से राहत भरी जीत हासिल की।

**लगातार गंवाए विकेट:** दरअसल, जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय टीम का स्कोर 16.1 ओवर में सात विकेट पर 114 रन था और उसे जीत के लिए 34 रनों की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन सिक्स और एक फोर लगाया और आखिरी ओवर में फोर जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया। इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड्स को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी।

**साहिबजादा रहे हाईएस्ट स्कोरर:** पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाए, जबकि ओपनर सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिए थे लेकिन काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (6) को पविलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला।

इससे पहले, बल्लेबाजी के लिए भेजी गई नीदरलैंड्स ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिए थे।



फहीम अशरफ

## हेटमायर की हिटिंग के बाद शेफर्ड की हैट्-ट्रिक

**वेस्टइंडीज Vs स्कॉटलैंड**
टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैटट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

**पांच गेंद में झटके चार विकेट:** शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिए जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैटट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैटट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैटट्रिक ली थी। विंडीज ने इसके साथ ही 2022 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टी20 में यह वेस्टइंडीज की किसी असोसिएट देश पर पहली जीत है।



**35** रन से हराया वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को

**64** रन बनाए हेटमायर ने 36 गेंद में 2 फोर और 6 सिक्स की मदद से

**रेकॉर्ड अलर्ट**


**22** गेंदों में शिमरॉन हेटमायर ने अपनी फिफ्टी पूरी की और वह टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले कैरेबियन खिलाड़ी बन गए। उन्होंने क्रिस गेल का 2009 में 23 गेंद पर बनाया रेकॉर्ड तोड़ा

**ब्रीफ स्कोर**
**वेस्टइंडीज:** 182/5 (शिमरोन हेटमायर 64, ब्रैंडन किंग 35, शेरफेन रदरफोर्ड 26, ब्रैड करी 2/23) **स्कॉटलैंड:** 147/10 (रिचर्ड बैरिंग्टन 42, टॉम ब्रूस 35, रोमारियो शेफर्ड 5/20, जेसन होल्डर 3/30)

## 'अफगान टर्न' से होगा न्यूजीलैंड का सामना

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-डी के अपने पहले मुकाबले में हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। रविवार को होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब ग्रुप में साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत टीम भी मौजूद है। ग्रुप में से सिर्फ दो टीमें आगे बढ़ेंगी तो इस 'ग्रुप ऑफ डेथ' भी कहा जा सकता है।

अफगानिस्तान ने हाल ही में वेस्टइंडीज का टी20 सीरीज में सफाया कर दिया था। राशिद खान के साथ मुजीब उर रहमान और नूर अहमद स्पिन आक्रमण की धार बढ़ाएंगे। चेपक की पिच पर स्पिनरों की भूमिका निर्णायक हो सकती है। दूसरी ओर मिचेल सैंटनर की अगुआई में कीवी टीम भारत के खिलाफ 1-4 से सीरीज गंवाने के बाद वर्ल्ड कप में उतरी है।


टी20 वर्ल्ड कप 2026
न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर

कुल मैच 2
न्यूजीलैंड 1
अफगानिस्तान 1

**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

## मेजबान श्रीलंका की टक्कर आयरलैंड से

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंका टीम ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरुआत रविवार को आयरलैंड के खिलाफ करेगी। सह-मेजबान होने के बावजूद श्रीलंका की तैयारियां उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और हाल ही में उसे घरेलू टी20 सीरीज में इंग्लैंड से 0-3 की करारी हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में टीम की नजरें पिछली नाकामियों को पीछे छोड़कर घरेलू दर्शकों के सामने मजबूत शुरुआत करने पर होंगी।


श्रीलंका की सबसे बड़ी समस्या निरंतरता की रही है। दासुन शनाका की कप्तानी में टीम को हरफनमौला प्रदर्शन की जरूरत होगी। शीर्षक्रम में पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस पर जिम्मेदारी रहेगी, जबकि स्पिन की कमान वानिंदु हसरंगा संभालेंगे। दूसरी ओर, आयरलैंड आत्मविश्वास से भरा है। पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर और जोश लिटिल के दम पर यह उलटफेर की पूरी क्षमता रखता है।


टी20 वर्ल्ड कप 2026
7 PM
FILE
श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा

## इंग्लैंड-नेपाल पहली बार भिड़ने को तैयार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट में रविवार को एक खास लम्हा देखने को मिलेगा, जब इंग्लैंड और नेपाल की टीमें पहली बार आपस में भिड़ेंगी। यह मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी का है, जो मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच यह किसी भी फॉर्मेट में पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है और इसी वजह से यह मैच सिर्फ अंक तालिका के लिहाज से ही नहीं, बल्कि इतिहास के पन्नों में दर्ज होने के कारण भी अहम माना जा रहा है।

दो बार की चैंपियन इंग्लैंड टीम इस टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरी है। पिछले साल 11 सितंबर के बाद से एक भी टी20 इंटरनैशनल मैच नहीं हारी इंग्लैंड टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के पहले श्रीलंका में खेली गई 3 मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। कप्तान हैरी ब्रूक की अगुआई में इंग्लैंड टीम की बैटिंग और बोलिंग में आक्रामकता और विविधता दोनों दिखती है। दूसरी ओर, नेपाल इस मुकाबले को खुद को साबित करने के बड़े मौके के तौर पर देखेगा। नेपाल ने क्वॉलिफायर में लगातार 7 मैच जीतकर वर्ल्ड कप में क्वॉलिफाई किया।


टी20 वर्ल्ड कप 2026
3 PM
SOCIAL MEDIA
इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक

**Sports Reel**

## इंडिया कनेक्शन

इंग्लैंड में शुरू हुए क्रिकेट के खेल ने अब ओलिंपिक्स तक का सफर तय कर लिया है। भारत और भारतीय उपमहाद्वीप में यह खेल सबसे ज्यादा फला-फूला। फिलहाल हालात ये हैं कि कई नई देशों की टीमें मूल रूप से भारत या उपमहाद्वीप के प्लेयर्स को शामिल किए बगैर पूरी नहीं हो पाती हैं। आइये हम बताते हैं इस टी20 वर्ल्ड कप में भाग ले रही कुछ टीमों का इंडिया कनेक्शन।

**न्यूजीलैंड**
टीम में भारतीय मूल के प्लेयर्स की मौजूदगी का पुराना इतिहास रहा है। वनडे वर्ल्ड कप में दीपक पटेल से शुरू हुई यह कहानी मौजूदा टी20 टीम में शामिल रचिन रविंद्र तक पहुंच चुकी है। ईश सोढ़ी भी टीम में शामिल हैं।

**अमेरिका**
टीम में पांच प्लेयर्स का कनेक्शन भारत से है। हरमीत सिंह तो अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत से खेल चुके हैं। मिलिंद कुमार दिल्ली से खेले हैं। मोनांक पटेल, शुभम रंजाने, सौरभ नेत्रावलकर भी भारतीय मूल के हैं।

**नीदरलैंड्स**
टीम में भारतीय मूल के आर्यन दत्त हैं। उनके पिता 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड्स जाकर बस गए थे। आर्यन ने 13 वर्ष की उम्र में चंडीगढ़ आकर अपनी बोलिंग सुधारने की ट्रेनिंग ली थी।

**ओमान**
टीम की कमान 36 वर्षीय जतिंदर सिंह संभाल रहे हैं, जिनकी जड़ें पंजाब के लुधियाना से जुड़ी हैं। टीम में शामिल विनायक शुक्ला, जय ओडेदरा, करन सोनवाले, जितेन रामानंदी, आशीष ओडेदरा भी भारतीय मूल के हैं।

**इटली**
टीम के सबसे अहम प्लेयर्स में से एक जसप्रीत सिंह पंजाब में जन्मे हैं। वह पहली बार 2019 में सिलेक्ट हुए थे और तब से टीम का अहम हिस्सा हैं। टी20I में उन्होंने टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक 23 विकेट लिए हैं।

**यूएई**
विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यांश शर्मा भारतीय मूल के हैं। बोलिंग ऑलराउंडर हर्षित कौशिक और भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को बचपन में बोलिंग कर चुके सिमरनजीत सिंह भी भारत से यूएई गए हैं।

**कनाडा**
टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा भारतीय मूल के ही हैं। अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, रविंदर पाल सिंह, शिवम शर्मा, श्रेयस मोव्वा, नवनीत धालीवाल, जसकरनदीप बुट्टर और युवराज सामरा का भी कनेक्शन इंडिया से है।

**अफगानिस्तान/नेपाल**
अफगानिस्तान नैशनल टीम के लिए भारत 'सेकंड होम' है। यहां तक कि अफगान टीम ने अपने इंटरनैशनल मैचों की मेजबानी भारत में की है। वहीं नेपाल ने बीसीसीआई के सपोर्ट से पिछले साल बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सलेंस में ट्रेनिंग की। वह बड़ौदा और गुजरात के खिलाफ मैच खेल चुकी है।

## सुरेश ने उलटफेर कर भारत को दिलाई 1-1 से बराबरी

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** दक्षिणेश्वर सुरेश ने एक बार फिर दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड्स के नंबर एक खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को हराया और क्वॉलिफायर्स के पहले दौर के मुकाबले में भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। दक्षिणेश्वर ने जोंग को 6-4, 7-5 से मात दी। इससे पहले सुमित नागल की हार के बाद भारत पर दबाव बढ़ गया था। वर्ल्ड रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने 88वें नंबर के डी जोंग के खिलाफ दमदार सर्विस और संयमित खेल दिखाया। इस मुकाबले में उन्होंने मौके का इंतजार किया और अहम पलों में बढ़त बनाकर मैच अपने नाम किया।

वहीं, दो घंटे 28 मिनट तक चले मुकाबले में नागल को गाए डे ओडेन के खिलाफ 0-6, 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। आज युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी की जोड़ी युगल मुकाबले में उतरेगी।


डेविस कप क्वॉलिफायर
PTI
भारतीय प्लेयर दक्षिणेश्वर सुरेश

**बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट**

## लवलीना और सचिन सहित 12 फाइनल में

■ **एजेंसियां, ला नूसिया (स्पेन):** ओलिंपिक्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और वर्ल्ड कप गोल्ड मेडलिस्ट सचिन सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल 2026 के फाइनल में जगह बना ली। इनके साथ कुल 12 भारतीय बॉक्सर्स गोल्ड के लिए चुनौती पेश करेंगे, जिनमें 8 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं।

लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में वेल्स की रोजी एक्लेस को 5-0 से हराया। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में भारत का गोल्ड मेडल पक्का हो गया है, जहां प्रीति पवार और पूनम फाइनल में आमने-सामने होंगी। प्रीति ने फ्रांस की आया हम्दी को जबकि पूनम ने इंग्लैंड की आइवी-जेन स्मिथ को हराया।


SOCIAL MEDIA
सचिन सिवाच

## एलावेनिल को गोल्ड, शांभवी का जूनियर में एशियन रेकॉर्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ओलिंपियन एलावेनिल वलारिवन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में विमिंस 10 मीटर एयर राइफल इवेंट का गोल्ड मेडल जीता। जबकि शांभवी श्रीरसागर ने जूनियर वर्ग में नया एशियन रेकॉर्ड बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे दिन के बाद भारत के खाते में कुल 43 मेडल हो चुके हैं, जिनमें 27 गोल्ड शामिल हैं।

**मिसाकी ने दी चुनौती:** एलावेनिल ने फाइनल में जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़ते हुए गोल्ड अपने नाम किया। शुरुआती दो सीरीज के बाद पांचवें स्थान पर रहने वाली एलावेनिल ने 18वें शॉट तक बढ़त बनाई और आखिर तक संयम बनाए रखा। मेघना सज्जनार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक्स पर मेघना को उनके मेडल के लिए पीवी सिंधु ने बधाई दी। उन्होंने ये भी खुलासा किया कि मेघना आठ महीने की प्रेग्नेंट होने के बावजूद प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थीं। एलावेनिल, मेघना के साथ आर्या बोर्से ने मिलकर टीम स्पर्धा में भी भारत को गोल्ड मेडल दिलाया।

**भारत ने किया क्लीन स्वीप:** जूनियर फाइनल में शांभवी ने 253.7 का स्कोर कर 2024 में बना एशियन रेकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और चार अंकों के अंतर से गोल्ड जीता। मान्यता सिंह को सिल्वर और अनीशा शर्मा को ब्रॉन्ज मेडल मिला।


एशियन शूटिंग चैंपियनशिप
SOCIAL MEDIA
एलावेनिल (बाएं) और मेघना सज्जनार

## मोहित, तुषार की बोलिंग से मुंबई की मुकाबले में वापसी


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मोहित अवस्थी (4/27) और तुषार पांडे (4/33) की कमाल की गेंदबाजी की बदौलत मुंबई ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में वापसी की। मुंबई के बीकेसी ग्राउंड में चल रहे मैच के पहले दिन पहली पारी में सिर्फ 120 रन पर ऑल आउट होने वाली मुंबई ने कर्नाटक की पहली पारी 173 रन पर समेट दी। कर्नाटक अच्छी गेंदबाजी के बावजूद बड़ी बढ़त नहीं बना पाया और उसे सिर्फ 53 रन की लीड से संतोष करना पड़ा। दूसरे दिन स्टंप्स तक मुंबई ने दो विकेट पर 189 रन बना लिए थे। मुंबई ने 136 रन की लीड हासिल कर ली है। मुंबई के लिए आकाश आनंद (53 रन) और मुशीर खान (49 रन) क्रीज पर टिके हुए हैं। इससे पूर्व, कर्नाटक ने दूसरे दिन की शुरुआत 110/2 के स्कोर से आगे खेलते हुए की थी।

रणजी का रण


मुंबई के तुषार देशपांडे
FILE

**अन्य क्वॉर्टर फाइनल**

- कल्याणी में मुकेश कुमार (5/66) और आकाश दीप (4/79) की घातक गेंदबाजी के बाद सुदीप घरामी (112* रन) के शतक से बंगाल ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ पांच विकेट पर 199 रन बना लिए। आंध्र प्रदेश की पहली पारी 295 पर सिमटी।
- इंदौर में आकिब नबी (7/40) ने J&K (194/10) को मध्यप्रदेश (152/10) पर 42 रन की बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरी पारी में J&K ने भी 84 पर 5 विकेट गंवा दिए।



**NBT AI टाइम मशीन**


## आज ही हुई थी गूगल मैप्स की शुरुआत

आज ही के दिन 2005 में गूगल मैप्स की शुरुआत हुई थी। इसकी नींव लार्स (Lars) और जेन्स रसमुसेन (Jens Rasmussen) नाम के दो भाइयों ने रखी थी, जिनके स्टार्टअप को गूगल ने खरीदकर वेब ब्राउजर के लिए विकसित किया। शुरुआत में यह सिर्फ डेस्कटॉप प्रोग्राम था, लेकिन सैटलाइट तकनीक से इसने नेविगेशन का तरीका हमेशा के लिए बदल दिया। आज ये जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है।

NBT
Front Page-2
कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। रविवार, 8 फरवरी 2026 > पेज 14

## नेविगेशन सिस्टम होंगे हमारी छठी इंद्री

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में नेविगेशन सिस्टम एक 'डिजिटल छठी इंद्री' के रूप में काम करेगा। स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस और 3D होलोग्राफिक तकनीक के जरिए रास्ते सीधे हमारी आंखों के सामने हवा में तैरते नजर आएंगे। सिर्फ सोचने से सटीक लोकेशन का संकेत मिल जाएगा। फ्लाइंग कारों और हाइपरलूप के दौर में यह सिस्टम जमीन के साथ-साथ आसमान और मंगल-चंद्रमा जैसे ग्रहों के बीच भी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा।



AI Images

# पढ़ी-लिखी महिला को भी तलाक के बाद भरण-पोषण का हक: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि तलाक के बाद पति अपनी पूर्व पत्नी के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से केवल इस आधार पर नहीं बच सकता कि पत्नी शिक्षित है या उसे माता-पिता का सहयोग मिल रहा है। अदालत ने कहा कि विवाह केवल आर्थिक समझौता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव, साथ और पारस्परिक सहयोग की संस्था है।

> अदालत ने भरण-पोषण की राशि बढ़ा 30,000 रुपये प्रतिमाह की

जस्टिस एस. वी. एन. भट्टी और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि एक महिला सम्मानजनक और स्थिर जीवन की उम्मीद के साथ विवाह में प्रवेश करती है। अगर विवाह टूट जाता है, तो पति की जिम्मेदारी सिर्फ इसलिए खत्म नहीं हो जाती कि पत्नी पढ़ी-लिखी है। तलाक के बाद भी पत्नी उस जीवन स्तर के अनुरूप जीवन जीने की हकदार है, जिस तरह विवाह के दौरान रहती रही है। यह फैसला मध्य प्रदेश HC के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आया। फैमिली कोर्ट ने महिला को 15,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने बरकरार रखा। महिला ने SC में अपील कर कहा कि पति की मासिक आय करीब 1.60 लाख रुपये है, ऐसे में 15,000 रुपये पर्याप्त नहीं हैं। अदालत ने भरण-पोषण की राशि बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रतिमाह कर दी और कहा कि पत्नी के शिक्षित होने का तर्क भरण-पोषण से इनकार का आधार नहीं बन सकता।

FILE



### फैसले का होगा दूरगामी असर

सुप्रीम कोर्ट पहले कई मामले में कह चुका है कि शादीशुदा लाइफ में जो जीवनस्तर और लाइफ स्टाइल महिला की रही है वही स्टैंडर्ड कायम रखना होगा। महिला (पत्नी) अपनी शादीशुदा जिंदगी में ससुराल में एक स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग वाली जीवन शैली की आदी रही है। पत्नी का अधिकार है कि उसे वही लाइफ स्टाइल और जीवन शैली मिलनी चाहिए जो उसे पति के साथ मिला था। मौजूदा मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को फिर से अपने फैसले में बल दिया है। ऐसे में इन फैसलों का दूरगामी असर होने वाला है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

## मुआवज़े के लिए मृतक की संपत्ति पर दावा बनता है? SC करेगा फैसला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने यह अहम सवाल तय करने के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है कि क्या किसी व्यक्ति की कथित लापरवाही के लिए उसकी मृत्यु के बाद उसके कानूनी उत्तराधिकारियों के जरिये उसकी संपत्ति को मुआवजे के दायरे में लाया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वह सीमित सवाल पर विचार करेगी कि क्या मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों के खिलाफ दावा कायम रहता है या नहीं। कोर्ट ने 3 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस जे.के. महेश्वरी की अगुवाई वाली पीठ एक उपभोक्ता द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत एक डॉक्टर पर चिकित्सा लापरवाही का आरोप लगाया गया था। मामला राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (NCDRC) में लंबित था, तभी डॉक्टर की मृत्यु हो गई। बाद में उपभोक्ता की भी मौत हो गई। इसके बाद उपभोक्ता के कानूनी उत्तराधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिस पर अदालत ने NCDRC में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी।

### अदालत ने एमिकस क्यूरी नियुक्त किया

मामले के व्यापक प्रभाव को देखते हुए अदालत ने एमिकस क्यूरी नियुक्त किया। एमिकस क्यूरी राघेन्थ बसंत ने दलील दी कि चिकित्सा लापरवाही के मामलों में डॉक्टर की मृत्यु के बाद भी दावा उसके कानूनी उत्तराधिकारियों के खिलाफ जारी रह सकता है, हालांकि मुआवजे की राशि तय करना आयोग का काम होगा। उन्होंने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 306 का हवाला दिया।

13 जनवरी को सुनवाई के दौरान पीठ ने यह सवाल उठाया कि नए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत क्या ऐसी शिकायत आगे चल सकती है और क्या डॉक्टर के कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से मुआवजा दिया जा सकता है। जस्टिस महेश्वरी ने कहा कि फिलहाल सवाल मुआवजा देने का नहीं, बल्कि यह है कि क्या कानूनी उत्तराधिकारियों को पक्षकार बनाया जा सकता है। इसी सीमित मुद्दे पर अदालत फैसला करेगी।

## 24 घंटे के नोटिस पर एपस्टीन फाइलें देख सकेंगे सांसद

■ एपी, वॉशिंगटन: अमेरिका का न्याय मंत्रालय सोमवार से कांग्रेस के सदस्यों को दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी बिना काट-छांट वाली फाइलों की समीक्षा करने की अनुमति देगा।

30 लाख से अधिक दस्तावेजों के बिना काट-छांट वाले संस्करण देखने के लिए सांसदों को न्याय मंत्रालय को 24 घंटे पहले सूचना देनी होगी। वे न्याय मंत्रालय के कंप्यूटर पर ही इन फाइलों की समीक्षा कर सकेंगे। केवल सांसदों को ही इन तक पहुंच मिलेगी, उनके स्टाफ को नहीं। सांसदों को भेजे गए एक पत्र में यह जानकारी दी गई है।

> फाइलों की समीक्षा करने की इजाजत देगा न्याय मंत्रालय

## ओबामा दंपती का अपमान, ट्रंप का माफी से इनकार

■ एपी, वॉशिंगटन



ओबामा दंपती के बारे में ट्रंप के नस्लवादी पोस्ट को आलोचनाओं के बाद हटाया गया

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा को जंगल में चिम्पैंजी के रूप में दिखाने वाले विडियो को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों की तीखी आलोचना के बाद सोशल मीडिया से हटा दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि वह इस पोस्ट के लिए माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलती नहीं की।

यह पोस्ट गुरुवार रात ट्रंप के 'ट्रुथ सोशल' अकाउंट पर शेयर किया गया था। ट्रंप के आधिकारिक आवास और कार्यालय वाइट हाउस ने बाद में इसे एक कर्मचारी की गलती बताया। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पहले इसे बेकार की नाराजगी करार दिया लेकिन भारी दबाव के बाद पोस्ट हटा दिया गया। विडियो में 2020 के चुनाव में वोटिंग मशीनों से छेड़छाड़ के झूठे दावों के बीच दो चिम्पैंजी के चेहरों पर ओबामा दंपती की तस्वीर नजर आ रही थी। इसमें ट्रंप को जंगल का राजा दिखाया गया और जो बाइडन सहित कई डेमोक्रेटिक नेताओं को जानवरों के रूप में चित्रित किया गया है। रिपब्लिकन सीनेटर टिम स्कॉट और रोजर विकर सहित कई नेताओं ने पोस्ट को अस्वीकार्य बताया और माफी की मांग की।

## US का जून तक युद्ध रोकने का प्लान : जेलेंस्की

■ एपी, कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के लिए जून की समयसीमा दी है। जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा कि अगर जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि और वे कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ करना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं।

AP



रूस के हमले से हुआ भारी नुकसान

### 'रूस ने दागे 400 ड्रोन, 40 मिसाइलें'

■ आईएएनएस, कीव: यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने की दरमियानी रात यूक्रेन के एनर्जी सेक्टर पर 400 ड्रोन और 40 मिसाइलों से हमला किया है। कीव के मुताबिक मास्को ने पावर ग्रिड, बिजली केंद्रों और डिस्ट्रीब्यूशन सबस्टेशनों को निशाना बनाया। जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट पर कुछ तस्वीरों के साथ अपनी बात रखी।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 एपस्टीन से जुड़ी फाइलों की समीक्षा की इजाजत किसने दी?
A. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट B. अमेरिकी न्याय मंत्रालय C. एफबीआई

2 ग्रीनलैंड के किस शहर में कनाडा और फ्रांस ने नए वाणिज्य दूतावास खोले हैं?
A. ओस्लो B. रेक्याविक C. नुक

3 भारत ने किस देश में वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की?
A. सिंगापुर B. मलेशिया C. थाइलैंड

4 नए शावकों के जन्म के बाद कुनो नैशनल पार्क में चीतों की कुल संख्या कितनी हो गई है?
A. 30 B. 35 C. 40

5 रूसी तेल खरीदने पर US ने भारत पर कितना % टैरिफ लगाया था, जिसे अब वापस ले लिया है?
A. 18% B. 22% C. 25%

### कल के जवाब

A1 A. उज्बेकिस्तान A2 A. बद्र अल-बुसैदी A3 B. भारत GenAI A4 C अमेरिका A5 B. गलगोटिया

### लकी विनर्स



विदिशा बोरा, नई दिल्ली
2. कृष्ण कुमार शर्मा, फरीदाबाद
3. वारिस अली खान, लखनऊ

### ऐसे भेजे अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## RSS किसी के भी खिलाफ नहीं: भागवत

■ पीटीआई, मुंबई: आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और न ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है।

उन्होंने साफ किया कि आरएसएस का काम किसी घटना की प्रतिक्रिया में नहीं होता, बल्कि देश में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, संघ को अर्धसैनिक संगठन नहीं समझा जाना चाहिए। स्वयंसेवक शाखाओं में लाठी रखते हैं और पथ संचलन करते हैं, लेकिन इसका मतलब नहीं कि संघ कोई अखाड़ा है। आरएसएस राजनीति में शामिल नहीं है। संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीति में सक्रिय हो सकते हैं।



मोहन भागवत

# IS ने ली इस्लामाबाद धमाके की ज़िम्मेदारी

### मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले में 4 अरेस्ट

■ पीटीआई, इस्लामाबाद

AFP



आत्मघाती हमले में 36 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

**पाकिस्तान की** पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले के सिलसिले में एक साजिशकर्ता समेत चार लोगों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट से जुड़े क्षेत्रीय संगठन ने इस्लामाबाद में हुए भीषण हमले की जिम्मेदारी ली है।

इस्लामिक स्टेट अथवा दाएश की एक शाखा, 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने अपनी अमाक न्यूज एजेंसी पर एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जब सुरक्षा गार्ड ने उसे गेट पर रोकने की कोशिश की तो हमलावर ने उन पर गोली चलाई और मस्जिद के अंदर नमाजियों के निकट विस्फोट कर दिया।

> पेशावर का था हमलावर, अफगानिस्तान में मिली थी ट्रेनिंग: अधिकारी

पाकिस्तान की राजधानी में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट से उड़ा दिया था। इसमें 36 लोग मौके पर ही मारे गए और 169 लोग घायल हो गए थे। शनिवार को इलाज के दौरान पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। इससे विस्फोट में मरने वालों की संख्या 36 हो गई। यह हमला हाल के वर्षों में शिया समुदाय को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है।

जांच अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों से बरामद पहचान पत्र के आधार पर हमलावर की पहचान यासिर के रूप में स्थापित करने में मदद मिली, जो पेशावर का रहने वाला था। इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट से पहले, हमलावर लगभग पांच महीने तक अफगानिस्तान में रहा था, जहां उसने कथित तौर पर हथियारों के इस्तेमाल और आत्मघाती हमलों की ट्रेनिंग ली थी।

## बांग्लादेश में अवामी लीग के नेता की मौत

■ आईएएनएस, ढाका: बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और सीनियर अवामी लीग नेता रमेश चंद्र सेन की शनिवार को दिनाजपुर जिला जेल में बीमार पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्हें पिछले साल 16 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। उन पर तीन अलग-अलग मामले चल रहे थे, जिसमें एक मर्डर से जुड़ा केस भी शामिल था। शनिवार सुबह बीमार पड़ने पर उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन पहले जल संसाधन मंत्री थे और ठाकुरगांव-1 (सदर उपजिला) निर्वाचन क्षेत्र से सांसद थे।

> जेल में पड़े बीमार, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

## परीक्षा पे चर्चा का दूसरा एपिसोड कल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण इस बार नए अंदाज में आयोजित किया जा रहा है। बीते शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा का पहला एपिसोड प्रसारित किया गया जिसमें PM ने अपने आवास पर स्टूडेंट्स को परीक्षा और जीवन की चुनौतियों से निपटने के टिप्स दिए। इसका दूसरा एपिसोड सोमवार को सुबह 10 बजे प्रसारित होगा। इसमें PM तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़ और असम के छात्रों के साथ बात करेंगे।

# बंगाल में BLO लोगों के घर जाकर दें वोटर स्लिप: EC

### चुनाव आयोग के निर्देश, आधिकारिक लोगो वाली स्लिप ही बांटें

■ पीटीआई, कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव नजदीक है। इस बीच चुनाव आयोग ने राज्य के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को निर्देश दिया है कि वे घर-घर जाकर चुनाव आयोग के आधिकारिक लोगो वाली वोटर स्लिप यानी मतदाता पर्चियां ही बांटें। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि वोटर स्लिप में वोटर का नाम, उम्र, पता, ईपीआईसी नंबर, पार्ट नंबर, बूथ नंबर और मतदान केंद्र का नाम दर्ज होना चाहिए।

> स्लिप में वोटर का नाम, उम्र, पता, आदि दर्ज करने के निर्देश दिए

**शिकायत के 24 घंटे में एक्शन :** अधिकारी ने कहा कि अगर किसी वोटर को घर पर पर्ची नहीं मिलती है, तो वह चुनाव आयोग के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

**स्थायी निवास प्रमाण पत्र मान्य :** निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर के तहत पात्रता निर्धारित करने के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र स्वीकार्य दस्तावेजों में से एक है।

FILE



### 'फर्जी साइन से वोटर लिस्ट में धांधली'

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा मतदान केंद्रों पर 'संदिग्ध' मतदाताओं को वैध ठहराने के लिए माइक्रो-ऑब्जर्वरों के फर्जी साइन किए गए। कहा कि अगले तीन से चार दिनों में सीईओ कार्यालय को शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की इमारत में ले जाया जाएगा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर माइक्रो-ऑब्जर्वरों से जुड़े दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने कहा, कई बूथों पर माइक्रो-ऑब्जर्वर के साइन जाली हैं। 'रेड' (संदिग्ध) चिन्हित मतदाताओं को 'ग्रीन' (वैध) कर दिया गया। इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि बीजेपी नेता असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं। माइक्रो-ऑब्जर्वर की भूमिका ही सवालों के घेरे में है और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद ये बाहर हो जाएंगे। विपक्ष तार्किक विसंगतियों के नाम पर लोगों को परेशान किए जाने पर बात नहीं कर रहा। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी फर्जीवाड़े का आरोप लगाया।

## ग्रीनलैंड में कनाडा व फ्रांस ने दूतावास खोले

■ एपी, नुक: ग्रीनलैंड की राजधानी नुक में कनाडा और फ्रांस ने अपने नए राजनयिक वाणिज्य दूतावास खोले।

इस कदम को नाटो सहयोगी डेनमार्क और आर्कटिक क्षेत्र ग्रीनलैंड के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिशों को लेकर चर्चा में है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि यह दूतावास ग्रीनलैंड और डेनमार्क के साथ कई अहम मुद्दों पर एकजुटता का प्रतीक है।

> समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है यह फैसला

## CUET-UG में 14.92 लाख रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG 2026) के लिए आवेदन प्रक्रिया खत्म हो गई है। ग्रेजुएशन कोर्सेज में दाखिले के लिए 2022 में यह सिंगल एंट्रेंस टेस्ट शुरू किया गया और 5वें वर्ष में सबसे ज्यादा 14.92 लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं। पिछले वर्ष 2025 में 13.54 लाख छात्रों ने आवेदन किया था। इंग्लिश में सबसे ज्यादा 12.43 लाख ने आवेदन किया है। केमिस्ट्री की परीक्षा के लिए 9.23 लाख आवेदन हैं।

## 44 साल बाद मुंबई को मिलेगा BJP का मेयर

■ पीटीआई, मुंबई : BJP की ऋतु तावड़े मुंबई की अगली मेयर बनने जा रही हैं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने उनके खिलाफ उम्मीदवार न उतारने का फैसला किया है, जिससे मुकाबला निर्विरोध हो गया। इसके साथ ही देश की सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) पर ठाकरे परिवार का 25 साल का दबदबा खत्म हो जाएगा।


ऋतु तावड़े पहले कांग्रेस में थीं। उन्होंने 2012 में BJP जॉइन की और उसी साल पार्षद चुनी गईं। ऋतु तावड़े के मेयर बनने से 44 साल बाद BJP की इस पद पर वापसी होगी। इससे पहले 1982-83 में प्रभाकर पई मुंबई के मेयर थे। नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन, BJP की सहयोगी और सत्तारूढ़ महा-युति में शामिल शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर का उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी ने यह भी कहा कि डिप्टी मेयर का कार्यकाल बांटा जाएगा, ताकि चार या उससे अधिक पार्षद इस पद पर काम कर सकें।



BJP की ऋतु तावड़े मुंबई की अगली मेयर बनने जा रही हैं

## 'सोनिया गांधी की नागरिकता से जुड़ी शिकायत राजनीतिक'

■ भाषा, नई दिल्ली : कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के वकीलों ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि उनके खिलाफ दायर शिकायत राजनीति से प्रेरित है और इसका कोई ठोस आधार नहीं है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी को 1983 में भारतीय नागरिकता मिलने से पहले मतदाता सूची में शामिल किया गया था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 21 फरवरी तय की। सोनिया के वकीलों ने कहा कि नागरिकता से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधिकार में आते हैं, जबकि मतदाता सूची से जुड़े मामलों को देखने का अधिकार निर्वाचन आयोग का है। आपराधिक अदालतें निजी शिकायतों के आधार पर इन मामलों में दखल नहीं दे सकतीं। यह शिकायत किसी बाहरी दबाव में और राजनीतिक मकसद से दायर की गई है।



सोनिया गांधी

QR CODE
स्कैन करें
या 1800 1205474
पर कॉल करें




नवभारत टाइम्स में पढ़ें
प्रगति की कहानियाँ.
रामवीर तंवर - इन्होंने
कीचड़ को 50+ तालाबों में
बदला और
हर साल करोड़ों लीटर
पानी बचाया.

PRAGATI KA PARTNER

## फटाफट खबरें

### नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाएगी विहिप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी की लत के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) जागरूकता अभियान चलाएगी। यह जानकारी विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। समाज को जागृत होकर युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना होगा। एसआर इंस्टिट्यूट में हुई बैठक में शामिल होने के बाद परांडे कहा कि आज परिवारों का विघटन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2023 में देश की 13 लाख महिलाएं लापता हुई। इनमें एक बड़ा वर्ग लव जेहाद का शिकार हुआ। इसके पीछे अराजक तत्व काम कर रहे हैं।

### अपना दल (क) का प्रदर्शन 10 को

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूजीसी रेग्युलेशन के समर्थन में अपना दल (कमेरावादी) 10 फरवरी को लखनऊ में प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी शनिवार को दल की नेता और सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने दी। कहा कि प्रदर्शन का नेतृत्व वह खुद करेंगी। पल्लवी पटेल ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2026 लाया गया था। जिसे कुतर्कों के आधार पर आरएसएस प्रायोजित विरोध की आड़ में न्यायिक प्रक्रिया में ले जाकर फंसा दिया गया।

### प्रदेश भर में हुए बजट संवाद



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भाजपा ने शनिवार को कई जिलों में बजट संवाद आयोजित किए। अयोध्या में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिलाओं से संवाद किया। प्रदेश के उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कानपुर में व्यापारियों के बीच बजट पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री और अभियान के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट पेश किया है। इसके आम जन को फायदे बताने के लिए प्रदेशभर में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को ही मेरठ में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने और वीरेंद्र वर्मा ने गोरखपुर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ संवाद किए।

### जिलों में लगेंगे टीबी-कैंसर के लिए जांच कैंप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में कैंसर मरीजों की समय रहते पहचान करने के लिए 10 फरवरी के बाद अभियान शुरू होगा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 100-100 कैंप लगाए जाएंगे। कैंपों में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों के अलावा जांच के लिए पैथॉलजी के टेक्निशन भी मौजूद रहेंगे। कैंसर की आशंका पर उन्हें केजीएमयू, लोहिया और पीजीआई समेत प्रदेश के बड़े संस्थानों में रेफर कर दिया जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण के मुताबिक महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में मुंह का कैंसर से जुड़े रहे मरीजों की संख्या ज्यादा है।

### SI परीक्षा तारीख विवाद में FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एसआई भर्ती लिखित परीक्षा की तारीखों को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने हुसैनगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। बोर्ड के सोशल मीडिया सेल के नियुक्ति प्रभारी सतेंद्र कुमार ने तहरीर दी है। जांच सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार जायसवाल को सौंपी गई है। आरोप है कि परीक्षा तारीख 14-15 मार्च की जगह 20-21 जून बताकर फर्जी विज्ञप्ति वायरल की गई। वेबसाइट डेटा में अनधिकृत एडिटिंग के संकेत भी मिले हैं।

### अस्पतालों का होगा बकाया भुगतान, बजट जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



यूपी में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों को जल्द ही बकाया भुगतान होगा। शासन की तरफ से इसके लिए बजट जारी कर दिया गया है। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक को भेजे गए पत्र के मुताबिक 600 करोड़ रुपया जारी कर दिया है। आयुष्मान योजना से जुड़े कई निजी अस्पताल ऐसे हैं, जहां आयुष्मान कार्ड पर मरीजों को भर्ती कर इलाज हुआ लेकिन अस्पतालों को तय भुगतान नहीं किया जा सका। हालांकि अब जारी हुए बजट के बाद यह रुके हुए भुगतान जल्द किए जा सकेंगे।

# जातीय समीकरण साधने उतरेंगे बसपा के दिग्गज

■ बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने विशेष बैठक के बाद प्रदेश भर मे बड़े नेताओ के चुनावी दौरे के दिए संकेत

■ राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और विधायक उमाशंकर करेंगे दौरा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधानसभा चुनाव की आहट के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपने बड़े नेताओं को सीधे जमीन पर उतारने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और विधायक उमाशंकर सिंह के नाम तय हुए है। तय योजना के मुताबिक पहले SIR के बाद बनी मतदाता सूची के तहत नए सिरे से बूथ और सेक्टर कमिटियां गठित की जाएंगी। बसपा ने शनिवार को माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेशस्तरीय विशेष बैठक की। इसमें बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बुलाई गई विशेष बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ चुनावी दौरे शुरू करने के संकेत दिए।

मायावती ने पिछले साल 9 अक्टूबर की रैली में ब्राह्मण, ओबीसी और क्षत्रिय समाज को पार्टी से जोड़ने का ऐलान किया था। इसके लिए राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को ब्राह्मण समाज, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को पिछड़ा-अति पिछड़ा समाज और विधायक उमाशंकर सिंह को क्षत्रिय समाज को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी दी थी। अब इस निर्देश को अमली जामा पहनाने की तैयारी हो चुकी है। सूत्रों की मानें तो जिस जिले में ब्राह्मण मतदाता निर्णायक होंगे, वहां सतीश को जिम्मेदारी मिलेगी। क्षत्रिय बहुल जिलों में उमाशंकर और पिछड़ा-अति पिछड़ा बहुल जिलो मे विश्वनाथ के दौरे होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद प्रदेश के हर जिले मे दौरा करने के साथ ही कार्यकर्ताओ के साथ बैठकें भी करेंगे।



माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को हुई प्रदेशस्तरीय विशेष बैठक में मायावती के साथ आकाश आनंद भी मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज के अपमान पर जताई चिंता

प्रदेश स्तरीय विशेष बैठक के दौरान मायावती ने ब्राह्मण समाज की उपेक्षा, असुरक्षा और असम्मान को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीतियों का फायदा कुछ मुट्ठी भर लोगों को हो रहा है। समाज का बाकी तबका दुखी है। ब्राह्मण समेत पूरे सवर्ण समेत बाकी समाज के लोगों को भी बसपा सरकार मे जितना मान सम्मान, पद और सुरक्षा मिली उतना कोई दूसरी सरकार नहीं दे सकी।

### जुड़ रहे मुस्लिम नेता, बसपा ने भी दिखाया भरोसा

मायावती ने मुस्लिम मतदाताओ के लिए अलग जिम्मेदारी तय नहीं की, लेकिन पार्टी खामोशी से इस वर्ग को जोड़ने में जुटी है। हाल के दिनों मे बाराबंकी, आजमगढ़ और पश्चिमी यूपी मे कई मुस्लिम नेताओ ने बसपा जॉइन की है। बाराबंकी के तालिब नजीब और सपा के प्रदेश सचिव हकीम भारती भी शामिल है। आजमगढ़ की दीदारगंज सीट से अबुल कैस आजमी को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है, जबकि सहारनपुर देहात के फिरोज आफताब के बसपा मे आने से टिकट की अटकलें तेज है। इससे मुस्लिम समाज में बसपा का रुझान बढ़ता दिख रहा है।



बैठक में काफी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# दादरी से चुनावी बिगुल फूंकेगी सपा

**29 मार्च को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे समाजवादी समानता भाईचारा रैली**

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

2027 विधानसभा चुनावों की तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में समाजवादी समानता भाईचारा रैली करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश 29 मार्च को नोएडा के दादरी से इसकी शुरुआत करेंगे। इसके बाद रैली प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी। रैली की जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी संभालेंगे। नोएडा से अभियान की शुरुआत के पीछे माना जा रहा है कि पार्टी इस कमजोर गढ़ में अपने को मजबूत दिखाने का संदेश देना चाहती है।

**अन्य जिलों में भी ऐसी रैली करने की तैयारी:** विधानसभा चुनावों के करीब 11 महीने पहले नोएडा से शुरू होने वाली इस रैली की तर्ज पर प्रदेश के सभी जिलों में रैली आयोजित होंगी। रैलियों के आयोजन के जरिए सपा की कोशिश उन विधानसभा क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने पर है, जहां पार्टी को 2022 विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

सपा ने विधानसभा चुनावों के उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। उम्मीदवारों के चयन के लिए जिले के कार्यकर्ताओं से रिपोर्ट ली जा रही है। जातीय समीकरणों का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्टी की कोशिश है कि ऐसे नेताओं को प्रत्याशी बनाया जाए, जिनकी विधानसभा क्षेत्र में स्वीकार्यता हो।

### 2012 में भी नोएडा से हुई थी शुरुआत

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2012 में भी गौतमबुद्धनगर से साइकल यात्रा की शुरुआत की थी। उसी वर्ष समाजवादी पार्टी को जीत मिली थी। एक बार फिर नोएडा से अभियान की शुरुआत को उसी 'शुभ संकेत' से जोड़कर देखा जा रहा है।

### नोएडा को लेकर राजनीतिक मिथक

नोएडा को लेकर लंबे समय से राजनीतिक मिथक भी रहा है कि जो भी मुख्यमंत्री नोएडा जाता है, वह छह महीने के भीतर कुर्सी गवा देता है। इसी कारण मुख्यमंत्री के अपने कार्यकाल के दौरान अखिलेश यादव नोएडा नहीं गए थे। 2017 और 2022 के चुनावों में भी उन्होंने अभियान की शुरुआत दूसरे जिलों से की, लेकिन सत्ता हासिल नहीं कर सके।




अखिलेश 29 मार्च को दादरी में समाजवादी समानता भाईचारा रैली करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जुटे हैं। पहले इस रैली का आयोजन नवंबर में होना था। मगर एसआईआर की प्रक्रिया के कारण रैली 29 मार्च को आयोजित की जा रही है।

राजकुमार भाटी, प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी

# कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड 'ए' भर्ती का रिजल्ट जारी, 930 चुने गए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड 'ए' भर्ती-2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। कुल 930 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अनुसार भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों, लिखित परीक्षा, टाइपिंग टेस्ट और दस्तावेज सत्यापन की सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम चयन सूची तैयार की गई। इसमें अनारक्षित, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। 930 चयनितों में सामान्य वर्ग के 218 अभ्यर्थी सफल हुए। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग के 468 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। अनुसूचित जाति के 234 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। अनुसूचित जनजाति के 10 का ही चयन हुआ।

# प्रदेश अध्यक्ष से ब्रजभूषण बोले-कुछ गलत नहीं किया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अपनी ही सरकार के मंत्री का काफिला रोकने वाले चरखारी के विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत नोटिस मिलने के बाद भी अपने रुख पर कायम हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर अपनी बात रखी। बताया कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। मंत्री के समक्ष जनता की बात रखी थी।




नोटिस के बाद पंकज चौधरी से की मुलाकात, रखी अपनी बात

प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक बैठक में शामिल होने के लिए 30 जनवरी को महोबा गए थे। वहां ब्रजभूषण राजपूत अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए और मंत्री का काफिला रोक लिया था। इस दौरान दोनों के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई थी। इसके बाद भी ब्रजभूषण के कई बयान आए। उन्होंने मुख्यमंत्री को लेकर भी बयान दिया था। उसके बाद उनको शुक्रवार को पार्टी नेतृत्व ने नोटिस जारी किया। नोटिस मिलने के बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा।

**संविधान सबके लिए बराबर : गंगाचरण**

नोटिस और स्वतंत्र देव के बयान पर कहा कि संविधान सबके लिए होता है। देश का संविधान हर नागरिक पर बराबर काम करता है। इसी तरह पार्टी का संविधान हर सदस्य पर बराबर लागू होता है। गलती पर सजा एक को नहीं दी जा सकती। दोनों ने गलती की है तो सजा भी दोनों को मिलनी चाहिए। हालांकि सीएम योगी पर दिए ब्रजभूषण के बयान पर उन्होंने सफाई दी कि कभी-कभी जुबान फिसल जाती है। व्यक्ति कहना कुछ चाहता है और कुछ निकल जाता है।

### जिन्हें खड़ा होना सिखाया, वही आईना दिखा रहे : स्वतंत्र देव



नोटिस के बाद जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव और ब्रजभूषण के पिता गंगाचरण राजपूत के बयान भी आए हैं। स्वतंत्र देव ने ब्रजभूषण का नाम लिए बिना कहा कि जिन लोगों को खड़ा होना सिखाया, वही अब आईना दिखा रहे हैं। उन्होंने नोटिस पर किए गए सवाल पर कहा कि जल्द ही उनका करियर समाप्त हो जाएगा। कई अन्य सवालों पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

सड़क हादसे कम करने की कवायद

# ZFD का फेज-2 शुरू, 55 जिले हुए शामिल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना 'जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (ZFD)' को पहले चरण में अच्छे परिणाम मिले हैं। इसके बाद अब योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की जा रही है। इस चरण में प्रदेश के 55 जिलों के 245 क्रिटिकल थाने शामिल किए गए हैं। कार्यशाला में इन्हीं 55 जिलों से आए 44 राजपत्रित यातायात अधिकारी, 55 इंस्पेक्टर व एसआई और 55 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम प्रभारी कुल 154 अधिकारी/पुलिसकर्मी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। यह प्रशिक्षण यातायात निदेशालय और आईआरटीई, फरीदाबाद के सहयोग से हो रहा है। शनिवार को डीजीपी राजीव कृष्ण ने कार्यशाला की शुरुआत की।



डीजीपी राजीव कृष्ण ने कार्यशाला की शुरुआत की।

इंस्टिट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (IRTE) अध्यक्ष डॉ. रोहित बलूजा और उनकी विशेषज्ञ टीम इन्हें सड़क दुर्घटना जांच की नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति, तकनीकी साक्ष्य संग्रह और कानूनी सुदृढ़ीकरण के उपायों पर प्रशिक्षित कर रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि ब्लैक स्पॉट्स पर स्थायी होर्डिंग लगाने, सोशल मीडिया आधारित जन-जागरूकता और हर नियम उल्लंघन पर 'निश्चित दंड' दुर्घटना-नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका है।

डॉ. रोहित बलूजा ने पुलिस-परिवहन विभाग के बीच समन्वय मजबूत करने की जरूरत बताई। एडीजी ट्रैफिक ए. सतीश गणेश ने अधिकारियों को जनहानि कम करने के लिए जमीनी स्तर पर अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर विस्तृत और जागरूकतापूर्ण मार्गदर्शन दिया।




GBC-5.0 की तैयारियां तेज

# इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर जीसीसी तक, 5 सेक्टरों में निवेश का रोडमैप तैयार



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जीबीसी-5.0 में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास की तैयारी शुरू हो गई है। इन्वेस्ट यूपी और औद्योगिक विकास विभाग ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच प्रमुख सेक्टरों को फोकस में रखा है, जिनमें निवेश की संभावनाओं को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। चिह्नित फोकस सेक्टरों में टेक्सटाइल एवं अपैरल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) शामिल हैं। इन सेक्टर्स में निवेश बढ़ाने के लिए 'फोकस सेक्टर डेस्क' संबंधित उद्योग संघों के साथ समन्वय बनाएगी।

उभरते हुए और रोजगारपरक सेक्टरों में निवेश लाने पर जोर

टेक्सटाइल सेक्टर के लिए भारतीय तकनीकी वस्त्र संघ, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) और उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) से तालमेल किया जाएगा। ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता सोसायटी से संपर्क होगा। केमिकल्स सेक्टर में भारतीय रासायनिक परिषद और भारतीय विशिष्ट रसायन निर्माता संघ को जोड़ा जाएगा।


विभाग ने प्रमुख कंपनियों से भी बातचीत शुरू कर दी है। टेक्सटाइल में ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस और जेसीएसएल, ऑटोमोबाइल में अशोक लीलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स के विस्तार प्रस्ताव, केमिकल्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज और दीपक नाइट्राइट, इलेक्ट्रॉनिक्स में डिक्सन, एम्बर, एचसीएल-फॉक्सकॉन, हायर और एलजी, जबकि जीसीसी सेक्टर में एडोब, एएमडी और जेपी मॉर्गन के निवेश प्रस्ताव पाइपलाइन में हैं।

# यूपी विधानसभा लॉन्च करेगी अपना पॉडकास्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा जल्द ही अपनी आधिकारिक पॉडकास्ट शृंखला शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी विधानसभा बन जाएगी, जो इस तरह की पहल करेगी। पॉडकास्ट से संसदीय परंपराओं से जुड़े उन पहलुओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा, जो अब तक परदे के पीछे रहे हैं। साथ ही सरकार के मंत्री, वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक अपने कार्यकाल के अनुभव, निजी जीवन से जुड़े संस्मरण और सेवा के दौरान सामने आई चुनौतियां भी साझा करेंगे। पहल का उद्देश्य जनता को विधानमंडल की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक परंपराओं से अधिक करीब से परिचित कराना है।

संसदीय परंपराओं से जुड़े पहलुओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा



AI Image

**स्टूडियो तैयार :** विधानसभा सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, विधानसभा भवन में पॉडकास्ट से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सत्र के दौरान ही सीएम योगी आदित्यनाथ से विधानसभा पॉडकास्ट का उद्घाटन करवाया जाएगा। विधानसभा लाइब्रेरी के पास पॉडकास्ट के लिए स्टूडियो तैयार करवाया गया है।

**सर्वदलीय बैठक आज :** सोमवार से शुरू होने वाले यूपी विधानसभा के बजट सत्र को लेकर यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में नेता सदन (सीएम) योगी, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के साथ सभी दलों के नेता आमंत्रित हैं। इससे पहले महाना बजट सत्र को लेकर कार्य मंत्रणा समिति की बैठक करेंगे। बैठक में नौ फरवरी से 20 फरवरी तक के बजट सत्र के प्रस्तावित अजेंडे पर चर्चा होगी।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-08-2026 00:42 Color:



# डग्गेमार कर रहे PTO की जासूसी

## प्रवर्तन अफसरों की रेकी करने वाले दो धरे, पुलिस को सौंपा, डग्गामारी के करोड़ों के खेल में अफसरों की सुरक्षा भी चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

परिवहन विभाग के प्रवर्तन टीम के अफसरों की रेकी करवाने का मामला सामने आया है। यात्रीकर अधिकारी (पीटीओ) ने पिछले एक सप्ताह से लगातार पीछा कर रहे दो लोगों को उनकी गाड़ी के साथ पकड़ा है। इन संदिग्धों को पारा पुलिस को सौंपा है। ये संदिग्ध प्रवर्तन अफसरों की पूरी गतिविधि पर नजर बनाकर रखे हुए थे। उनके हर मूवमेंट की खबर डग्गामारों के चालकों को पहुंचा रहे थे। नवभारत टाइम्स के स्टिंग में भी डग्गामार संचालकों ने रेकी करवाए जाने की बात कबूली थी। पूरा प्रकरण सामने आने के बाद प्रवर्तन टीम के अफसरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।


पीटीओ एसपी देव ने बताया कि ओवरलोडिंग और डग्गामारी के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह करीब पांच बजे वह फील्ड पर चेकिंग के लिए निकल रहे थे, तभी पारा के पास उनके पीछे एक यूपी 78 जेके 5556 नंबर की गाड़ी दिखी। आगे जाने पर एक गाड़ी आगे-आगे चलने लगी, जिसका नंबर यूपी 32 एमएल 3801 था। इन दो गाड़ियों में तीन लोग सवार थे। एसपी देव के मुताबिक पारा से कुछ दूर आगे आने पर गाड़ी रोकी तो तीन में एक व्यक्ति फरार हो गया। उन्होंने दो को पकड़ लिया। एसपी देव ने बताया कि टीम के अन्य साथियों को फोटो भेजी तो उन्होंने भी बताया कि पिछले एक सप्ताह से ये लोग उनके आसपास चलते दिखाई दिए हैं। एसपी देव ने बताया कि दोनों संदिग्धों को पारा पुलिस को सौंप दिया है। सुबह का समय होने और कार्रवाई के लिए जाने की वजह से सूचना देकर पूछताछ करने को कहा है। पुलिस को तहरीर भी दी जाएगी।

### परिवहन निगम के अड्डों से ले जाते हैं सवारियां

परिवहन निगम के कर्मचारियों ने बताया कि डग्गामार संचालक बस अड्डों के बाहर अपने आदमी लगा रखे हैं। ये यहां आने वाले यात्रियों से पूछते हैं और उनको सस्ती यात्रा का लालच देकर ऑटो, ई-रिक्शा आदि से लेकर चले जाते हैं। इसकी कई बार शिकायत की गई, लेकिन न तो परिवहन विभाग सुनता है और न ही पुलिस। जबकि, बस अड्डे पर ही पुलिस भी बैठती है। रोडवेज की ओर से परिवहन विभाग के अफसरों को कई बार नुकसान की रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि एनबीटी के स्टिंग ऑपरेशन के बाद चले अभियान से रोडवेज की आय 12% तक बढ़ गई थी। हालांकि कुछ दिनों के बाद यह स्थिति फिर से वही हो गई है।

### प्रमुख चौराहों के सिंडिकेट का हाल

| अवध (नहरिया) | | चिनहट-कमता | | अहिमामऊ | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 करोड़ की कमाई रोज | | 5 करोड़ रोज की कमाई | 850 बड़ी बस या डबल डेकर | 6 करोड़ की कमाई रोज | 200 बड़ी व डबल डेकर बसें |
| 68 लाख रुपये कमिशन | 650 बड़ी व डबल डेकर बसें | 76 लाख कमिशन | 550 मिनी बसें | 36.5 लाख रुपये कमिशन | 150 मिनी बसें |
| आगरा-दिल्ली रूट | 450 मिनी बसें | अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर और आजमगढ़ रूट प्रमुख | 200 सेवन सीटर गाड़ियां | पूर्वांचल और बिहार प्रमुख रूट | 500 सेवन सीटर गाड़ियां |




एनबीटी ने 27 अगस्त 2023 को डग्गामारों के खिलाफ स्टिंग किया था।




### स्टिंग में भी कहा था, चप्पे चप्पे पर है आदमी

पॉलिटेक्निक चौराहे पर किए गए स्टिंग में डग्गामार संचालकों ने कहा था कि चप्पे चप्पे पर उनके आदमी लगे हैं। कौन अफसर कहां है, क्या कर रहा है, पूरी खबर उनके पास रहती है। उनका दावा था कि उनकी पहुंच पुलिस, ट्रैफिक और परिवहन निगम और परिवहन विभाग के भीतर तक है। हर विभाग मैनेज है। अगर बस चलवानी है तो आपको सिर्फ रुपये खर्च करने पड़ेंगे। हर जिले के बॉर्डर पर सिंडिकेट के लड़के भी मुस्तैद रहते हैं, जो आरटीओ की चेकिंग शुरू होने पर डग्गामार बसों के ड्राइवरों को तुरंत सूचना पहुंचा देते हैं।

शहीद पथ, कैसरबाग, मड़ियांव, तेलीबाग, पीजीआई और दुबग्गा से भी रोजाना अलग-अलग छोटे रूटों पर 3,500 मिनी बसें और 2500 डबल डेकर व बड़ी बसें चलती हैं। इन रूटों पर रोजाना मिनी बस की कमाई साढ़े छह करोड़ और बड़ी बसों की कमाई साढ़े पांच करोड़ होती है। (आंकड़े सूत्रों के अनुसार)

### ये है डग्गामारों के अड्डे

- ट्रांसपोर्टनगर पार्किंग
- चिनहट
- मटियारी
- पॉलिटेक्निक ओवरब्रिज
- कमता बस स्टैंड के सामने
- अवध चौराहा
- अहिमामऊ
- रेजिडेंसी कैसरबाग
- मड़ियांव
- तेलीबाग
- पीजीआई
- हनुमत धाम
- परिवर्तन चौक
- दुबग्गा चौराहा

### कमाई का अर्थतंत्र

परिवहन निगम के अधिकारियों ने एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें बताया गया था कि उन्होंने 3,397 ऐसे वाहन चिह्नित किए हैं, जो डग्गामारी कर रहे हैं। उनके नंबर और रूट भी परिवहन विभाग को सौंपे थे। एनबीटी के स्टिंग में पता चला था कि हकीकत में ऐसे वाहनों की तादाद 10,000 है, जो डग्गामारी कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में रोडवेज की रोजाना औसत आय 13 से 14 करोड़ रुपये है। त्योहार और सहालग में रोजाना की औसत आय 20 करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है। इसके मुकाबले सिर्फ राजधानी में चल रहे अवैध बस अड्डों पर रोजाना 30 करोड़ से ज्यादा की कमाई हो रही है।

**3,397** ऐसे वाहन चिह्नित किए हैं, जो डग्गामारी कर रहे

## फिटनेस न परमिट, गाड़ी रोकी तो भीड़ ने घेरा

### एआरटीओ प्रवर्तन को बुलानी पड़ी पुलिस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

ओवरलोड, डग्गामार व अनफिट गाड़ियों की चेकिंग के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान पकड़ी गई चार में से एक गाड़ी को छुड़ाकर भागने में भी कामयाब हो गए। एआरटीओ प्रवर्तन ने इस दौरान तीन गाड़ियों को सीज किया।

एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने बताया कि वह पारा क्षेत्र में चेकिंग के लिए निकले थे। उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी थे। इसी दौरान यूपी 30 टी 9429 नंबर का ट्रक मिला। चेकिंग में उसके पास कोई भी वैध कागज नहीं था। फिटनेस भी खत्म हो चुकी थी, परमिट भी नहीं था। टैक्स भी जमा नहीं था। पोल्यूशन भी नहीं था। ट्रक पर आलमनगर सीमेंट्स ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर असोसिएशन लिखा हुआ था। इसके अलावा तीन और गाड़ियों को भी पकड़ा गया। इसी बीच करीब 30 से 40 लोगों की भीड़ वहां इकट्ठा हो गई और अभद्रता करने लगी। इस दौरान वीडियो बनाकर पैसे वसूली का आरोप भी लगाने लगे। एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने बताया कि वह कहते रहे कि सभी कागज दिखाइए, वैध मिलने पर गाड़ी छोड़ देंगे। इस बीच भीड़ में से कई लोग अभद्रता करने लगे और एक गाड़ी लेकर भाग भी गए। उन्होंने बताया कि डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुलानी पड़ी, तब वह वहां से निकल पाए।



पारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान यूपी 30 टी 9429 नंबर का ट्रक बिना दस्तावेज के मिला।

## सिटी बसों के लिए नए ऐप का ट्रायल शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ


सिटी बसों के लिए नया ऐप बनाया गया है। इसका ट्रायल शुरू कर दिया गया है। नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ई-सिटी बस यूपी ऐप बनाया गया है, जिससे आम लोगों और यात्रियों को नगर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसकी मदद से सिटी बसों की लाइव ट्रैकिंग करके यह देख सकेंगे कि अगली बस कब पहुंचेगी। इस ऐप में यात्री अपने सुझाव भी दे सकते हैं, ताकि नगर परिवहन व्यवस्था को और अधिक बेहतर और सुविधाजनक बनाया जा सके। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमर नाथ सहाय ने बताया कि अब आपको बस स्टॉप पर खड़े रहकर ई-बसों के इंतजार करने की जरूरत नहीं है। ऐप के जरिए यात्री तीन तरह के फायदे मिलेंगे। इनमें लाइव ट्रैकिंग, सटीक समय और फीड बैक देने की सुविधा रहेगी।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### क्यों नहीं कसती नकेल?

अवैध बस अड्डे के इस कारोबार में कई बड़े लोग शामिल हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अभियानों के दौरान पकड़े जाने वाली बसों में 80 फीसदी को बिना कार्रवाई के छोड़ना पड़ जाता है। क्योंकि कई बड़े लोगों के फोन आने लगते हैं। लखीमपुर खीरी में एक सफेदपोश के पास करीब 80 से ज्यादा डबल डेकर बसें हैं। इस रूट पर चलने वाली रोडवेज बसों को यात्री नहीं मिलते हैं। अगर बीच राह कोई रोडवेज बस का चालक-परिचालक सवारियां उठाता है तो उससे मारपीट की जाती है। 2023 में ही लखीमपुर में अनुबंधित बस स्वामियों ने बसों को इसके विरोध में खड़ा कर दिया था, लेकिन दिल्ली तक पहुंच रखने वाले सफेदपोश के आगे उनकी एक नहीं चल सकी। लखनऊ में अवध नहरिया चौराहे पर संचालित अवैध बस अड्डे में भी कई सफेदपोश और नौकरशाही की संलिप्तता है। यही वजह है कि भीषण जाम झेलने के बाद भी इसको हटाने में पुलिस और आरटीओ नाकामयाब हैं।




भारत ने अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया और दुग्ध किसानों के हितों की रक्षा की!

### शहर में आज

- सातोंधी मंदिर का स्थापना दिवस समारोह, रानीकटरा, चौपटिया, सुबह 8 बजे।
- बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग की ओर से सक्सेस मंत्र कार्यशाला, शिव सहाय जी सभागार, मोहिबुल्लापुर, सुबह 10 बजे।
- सेंट्रल अकादमी स्कूल में स्प्रिंग कार्निवल, असल कैंपस, सेक्टर-डी, सुबह 10: 30 बजे।
- अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध महासभा की ओर से स्वामी ब्रह्मानंद उन्नयन एवं सामाजिक जागरूकता संगोष्ठी, विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह, हजरतगंज, दोपहर 12 बजे।
- रियल रूट अकादमी का 20वां वार्षिकोत्सव, आईआईएमई प्रेक्षागृह, कल्याणपुर, दोपहर 2 बजे। भारत विकास परिषद की ओर से भारत वंदना संगीत प्रस्तुति, उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी, 3 बजे।








# जीवन साथी

## दिल का रिश्ता



## वधू चाहिए

### जाति आधारित

#### अग्रवाल-बिसा

**AGGARWAL** Boy based in New Delhi (Punjabi Bagh). Family business of Iron Steel. 5.11", Fair, 29 Year old, Non-Manglik, Bcom (H) & MBA. Seeking well educated girl from business family. Contact: 9810245404, aggarwalraghav52@gmail.com

**ALLIANCE** invited for 23/5'9" IIT Madras BTech/MTech final yr Singhal boy fm Meerut industrial family. Wanted educated homely girl from respectable family. Email BHP: singhalconnect03@gmail.com

**B.TECH** Delhi MS Canada Garg Boy v.fair 30/5'10"/80 Lac job & own house in Canada parents lives in Delhi 9311254225 muditmatri2025@gmail.com

**SM4** 5'11" Garg 7-02-1997, 6:50am Faridabad never married BE+MBA B'ness veg TT boy of Rptd family #7678176113/9899577992.

**JAIN** boy, B.Tech, Jun 97/6.2", Wrkg @Google, B'lore, Earns 8 digit, Father Senior Govt Officer, Settled in NCR. Seeks Working Girl. 9810839492

**SM** for handsome veg MBA 41/5'8" NM divorcee issueless wkg Noida 12 LPA father retd engr send BHP 9818699077 anujmatri25@gmail.com

**B.TECH** Agrawal bindal boy Fair H.some Oct-95/5'8" Wkg IT MNC Noida Soft Engr 22LPA. Father Business. All vaishya PQM Wkg accepted 9310992425.

**SUITABLE** Match for Bansal N/M, 14.03.91 / South Delhi / 5'10" / M.B.A. boy, Well settled Export Business. #9810279505/9958092920

**WANTED,** Homely, Below 28 Years Girl, For Bisa Agrawal Engineer Boy From Affluent Family,65 Lpa,Whatsapp: 9999890328.

**PQM4** H'some, B.Tech (IIT), M.S. Ph.D (USA), Mittal Boy. Aug'92/ 5'8", Wkg MNC BLR. 70LPA well edu.Del-NCR fmly Early Marriage # 9354120509

#### ब्राह्मण

**B.TECH** MIT Manipal boy Oct 99/5'11" MNC Bangalore 20 LPA Father working in IFFCO Seeks only Kanyakubja Brahmin qualified girl 7318365020, 9452701695

**HANDSOME** Srewt Brahmin 31 yrs/6'/ High income, MBA (USA), Settled in India, From High status family. Caste no bar. Call 9115551721, 9464513031

**B.TECH** Brahmn boy 91/6' wkg MNC Noida from Lko based fmly, tech qualified, like minded working girl preferred #9452012981

**सनाढ्य** मैं मांगलिक 36/5'5" MDS (Ortho) BDS निजी क्लिनिक (मथुरा) 25 LPA सनाढ्य-सुपठ शिक्षित विवाह हेतु सुयोग्य कन्या चाहिए, प्राथमिकता Dentist / उच्च शिक्षित # 8868087144

**SMART** Qualified Wkg Girl for a Well settled Gaur Brahmin boy 1995/5'10"wkg in a Pvt bank in Noida reputed family 9926522996/8318874373

**BRAHMIN** 30/5'10 B.Tech IIT MBA IIM Sr. Manager MNC 1 Cr+ Father Govt Officer only Child Caste No Bar # 8269989221,9639264149

**B.TECH** MS, Manglik Brahmin boy, July 96/5'6". Wkg MNC 45 LPA as Sr. Engr. Pref. gud looking & working girl. # 7011588060, 8168973939

**SM4** Delhi bsd Saryupari Brahmin boy June 96/5'8" Central Govt officer in Ministry 12 LPA + affluent family girl wrkng/ Non working,no bar 9810853951

**PQM** NCR bsd Bhardwaj boy 33/5'9", B.Tech+Pgdm, Settled in B'ness MNC distributor, Father BTech B'ness. Pref wkg bride. 9811110190

**PQ** B'ful, tall slim girl for 6'4", Aug 97/ B.Tech+ M.Tech+ PGDBM Gaur Brahmin Bhardwaj boy wkg MNC GGM 26 LPA own house. # 9818325394

**SANADHYA** Brahmin,Sep 1996/5'11",M.Tech (IIT), seeking a educated bride for a Sr. Engineer at IFFCO. Pref-from nr Bly. 9917899456, 7618149835

**IPS** Officer, Kumaoni Brahmin, 32 years, 5'9". Seeking a well-educated Brahmin bride - preferably a Group A officer or Doctor. 9528649424

**H'SOME** 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London), properties Delhi NCR, Lko worked mnc, now self company Glint India technologies 108 noida 40LPA, never married, 9415142555

#### जैन

**SEEKING** Tall Fair wrkng girl for a H'some fair Jain Boy 22.01.97/5'10",8:15 a.m, Delhi Goel Gotra B.Tech 18Lpa Soft. Engg.#9350148936/7834015258

**JAIN** 35/5'10"/ B.Tech/MBA IIM/GM in MNC/ 65L/ Div. stld in Ggn. seeking Jain or Aggarwal pref.Qlfd wrkn girl relocate to Ggn # 8586020288

#### कायस्थ

**SAXENA** Jan 94, 5'8" Fair, B.Tech M.S. (Data Science) wkg MNC Dublin Ireland seek Slim b'ful IT/CS girl Cast No Bar # 9412736480

**PQ** Wkg Girl 4 BTech,MBA, Saxena Boy NM/30/5'11/43 LPA.MNC Noida Owns car & Flat in NCR.All Upper caste OK. M-7579002252

**SAXENA** boy 30/ 5'7" fair. BTech MTech IIT Madras. Chief Engr MNC in Japan 60LPA seeks SM. Father Retd Prof. 9528705245. Mrg Bur exc

**WANTED** bride for 27 y/o boy working in an MNC (only Mathur alliances solicited). Family is from Old Delhi, currently based in Bangalore. Contact 7838743869

**SM4** H'Some Non-Manglik Kayastha Boy MBA (IIFT) 6/1999 Govt. Officer in Delhi, Seeks Beautiful Educated Culture bride # 9810514282

**LOOKING** Suitable Match for Smart Fair boy, B.Tech, MBA, Manager in Reputed firm May 95/5'8" Contact No. 9412118016

**CANADA** PR Well Settled Grd wrkg MNC Montreal, Kayastha Srivastava Manglik Boy 29/5'8" seeks PQF Working Girl. Cast flexible. W/App: 8826152674

**MATHUR** boy Jan 86 / 5'11" Canadian citizen IT Prof wkg MNC Toronto seeks edu. girl stld or willing to settle Canada.Parents Delhi #9958488195

**KAYASTHA** H.Some A.Mglk 5'11"/ Nov 94 B.Tech, M.Tech, MBA, Manager Working in Reputed Airlines (Decent pkg) # 7500241436, 9411320089

**SM4** V.Fair H'some Srivastava Medico boy Apr'76/5'7" MS-Surgery DNB-GI Surgery, Delhi, 50LPA, sriv.tp@gmail.com, 9958799808

**SM4** Delhi Ncr bsd Srivastav boy Jan 1990/5.6" LLB & LLM from UK. CEO of rptd International firm # 9810020102

**WANTED** working girl for 34, non.m kysth boy 5.6.6ft working as Senior Creative Officer in New Delhi. Contact no. 9811506720

**SRIV.** Unmrd. Boy 40/5'8" /1.5 CrPA, PhD. (Phys.) Sr. Scientist working California (USA) Seeks Girl. Caste No Bar, No dowry, Rptd. fmly. #9450661546, +18052598174

**PQM4** Kayastha Manglik B.Tech boy 33/5'11", 50+LPA Working in MNC Banglore. send BHP on # 9450405535, 8127568502

#### खत्री

**SUITABLE** match for Delhi Born Khatri boy 02.06.93 5'10"/3:27pm Pilot in Airlines in India, Cast no bar. send profile W'ap/call: 9999499194

**M.TECH** CS IITD Arora boy 32/5'6"/ Wrk MNC B'lore/ 70+LPA/Teetotaler/No dowry Delhi bsd family seeks VEG M.Sc/PhD/Researcher academics/Teaching in Math/Physics girl Willing to relocate B'lore Age 26-30 yrs # 8009215029

**MATCH** for Non-Mangalik, B.Tech, MBA, 13.12.87/5'10" boy 38 Lpa Noida/wrkg from home, Lucknow based pref Khatri girl / upper cast. Call 9454056012

**UP** Khatri boy /5'10"/Sr. SW. Engineer, M.Tech. (MNC Banglore), 25 Aug 1988 Sitapur UP born, never married, Vegetarian, No-alcohol, Non-smoker, Looking for suitable, well educated girl pref. born after 1991. (Pref. UP Khatri) M : 6386324625 & 9839617298

#### क्षत्रिय

**PQM** RAJPUT, 30 yrs, 5'9", 32LPA, B.Com (SPPU), CWM (AAFM), charter from SEBI. Working with MNC, Mumbai. Wanted working, family-oriented bride. Ph- 8007771483

#### सामान्य

#### अग्रवाल

**PQM4** Manglik H.some Boy 30y/6'1" M.Pharma wkg in Global Co. at Ahmedabad UP based family seeks Agrawal gupta,vaishya girl 8707450429

**B'FUL** Pref. Non Wkg. Girl for H'Some Self Employed Delhi Architect, 29/175/Garg, 30LPA. Well Settled Professionally Qualified Family Ph 9211715600

**SM4** Handsome Jain Boy August'96, 5'6", B.Tech (DTU). Well-established IT Entrepreneur. Delhi-NCR. Call / WhatsApp: 9711141546

**H'SOME** Jain/Goel 5'7"/68kg, BE (E&C) Engg Director / 1 Cr. PA US MNC, Lives in Noida, 21.5.74/4pm/Pnp W: 9958606647, Email: jain1974s@gmail.com

**SM4** H'Some Fair, Garg, Manglik 1997 Born/5'11"/ BA-LLB/ Advocate, Seeks Edu. Beautiful culture Wrkg/ Non Wrkg Girl. # 9851062465

**AGRAWAL** 1988 5'4"BTech MBA wkg 50Lpa Dy VP HDFC M'bai I'less Div seeks PQ Pref wkg unmarried/I'less Div/ widow Parent Lko 7737808535

**AGARWAL** Boy 32/170cms/ 70 kg/ B.Tech IIT/ PHD USA/ research scientist UK / Girl in UK or willing to live in UK W/C 9897057620.

**GARG** Boy never married 5-7", 17-12-1981, 11.17 am, Karnal, MCA, wrkg Bangalore, Pkg 30 Lakh, Residence AMBALA. : 9416753888

**SM4** MBA Bansal Boy 33/5'3" 01.01.1993/12.38pm/Delhi working MNC 17.5 LPA, seeks edu. working girl family settled in Delhi NCR (GZB): 8383965935

**SM4** Goyal Boy 1994/5'8"/ B.Tech. VIT, Vellore. Prev. Wkg at MNC in Aus, now in family's Pvt Ltd Co. at Fbd. Seeks B'ful, Qual. Wkg girl. Call / WA 9315920319.

#### अग्रवाल

**SMART** Varshney (Vaishya) Manglik, 29/5'6", B.Tech from BITS Pilani, posted as IT Ofcr in Bank of Baroda, Mumbai. seeks PQM. All Vaishy are invited. Send biodata on email: 1964manojv@gmail.com

**VARSHNEY** boy 44/5'7" PhD Mech Fair handsom, unmarried, HoD Engineering college bhopal income 20 LPA. 9826545114

#### अरोड़ा

**SM** for M.Com handsome, smart boy, wrkg as Entrprnur Income >25Lacs, Non-Manglik 5'6", May 1994, Chandigarh. Preferred Working. 7973015984

#### जाट

**REQUIRED** JAT Bride from reputed family for 5'10"/27 MBBS boy working in AIIMS Delhi as JR doctor.9414380837/ sarwan96025@gmail.com.

**SM4** S.Delhi bsd boy 39/ 5'10" MBA(Symb) working as VP in Int'l Bank in Canada seek wkg professional of rptd/edu fmly. Avoid Panwar, Kadyan, Dalal. Whatsapp: 9810280462

**30/5'10** B.TECH- IIT MBA-IIM Sr Manager MNC 90 Lpa Father Govt. officer Caste No Bar No dowry # 9340982702, 9179132579

#### नॉर्थ इंडियन

**PQM** - JUNE94 -BTech-CSE 5'11",AGARWAL Manglik, Wkg (Remote) in MNC 36LPA. Family based Jaipur. Caste no Bar Wtsap 9930844018

#### राजपूत

**B.TECH** Asso. Consultt. TCS Noida, Jul 88/179, NM, TT Nagvanshi, Vats E.UP Rajput gora, smart boy seek UM PQ b'ful girl. 9537864045, 6393875397

**SM4** Rajput Boy 5'11", 23-01-97, Master Comp. Sc., Software Engr (USA), Pref. Professional Girl USA/ Canada/India. 9466035085.

### कार्य आधारित

#### डॉक्टर्स

**WELL** stld match upto 43 yrs for Panchkula based never married PG doctor 1974/5'4". Contact 7973070110, 9914050258

**MBBS/** MS/MD/IAS/ALLIDE bride seeking for doctor saini boy MS (ORTHO), 21.02.1994, 5'8" upper cast no bar, Mob 9458700126, 7579458909

**MD /MS /CIVIL SERVICES** Match for Smart Arora boy 1988 born 5'9" Pursuing MD Radiology. 9996965442

### धर्म आधारित

#### मुस्लिम

**WANTED** sunni muslim bride for tall (6 feet),handsome ,fair ,MBA professional working in Bread financial company(Bangalore) as Analyst Model Executive, with income of 25 lacs p.a. The bride should be decent, beautiful,tall,fair (working/non working), muslim (caste doesn't matter) . Contact 9462469962,9179795507

**WANTED** a pretty looking Doctor girl for Sunni Muslim MD doctor boy,30/5'10" from a reputed doctor's family #7566883300

#### सिख

**HANDSOME** boy Sikh Ramgarhia 28/5'11 Delhi own house MBA wrkg MNC PKG 11 lakh seek working girl simple family. 98368 92900, 9818478926

### जनरल

#### कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

**पंजाबी** लड़का 41 y/ 5'8" / 70 Kg अपना व्यापार स्थापित दुकान 40000( Wife Death/ बच्चा नहीं), शिक्षित कामकाजी घरेलू लड़की चाहिए फोन करें किशोर खन्ना 9868271298

**वैद** बी ए, बी.एड टिका 30, दिव्यांग, कोचिंग सेंटर चलता है, 2 किताब चलाता है, स्मार्ट खूबसूरत छोटा परिवार, समझदार जीवन साथी चाहिए, जाति बंधन नहीं। पूछे 9822305122

**PB** Khatri khanna 1986 born boy Bachelor CA MBA working in top MNC as Director pkg 75 LPA looking Good Life partner caste no bar. # 9818227342

**SM4** NCR-Based Khatri boy Aug-87 / 5'8, B.Tech, WKG MNC Noida, 41 LPA, Father Retd. from IAF seeks Qual.Girl. (UC ONLY) - 8800475795, 9873725005

**PUNJABI** Boy, Feb 87/6', Unmarried, H'sm, Fair, MBA (IMT Gzb) Own Business in Delhi, seeks good life partner. Caste No Bar, W/App: 9668874731

**36** वर्ष युवक दिल्ली निवासी काम शिक्षित अपना मकान प्राईवेट नौकरी, स्वयं तलाकशुदा निःसंतान कम शिक्षित, 1 बच्चा स्वीकार्य/वधू चाहिए # 9871946540, 8447176435

**MATCH** Indian/Australian Bride for H'some, fair, Punjabi Boy, 26.10.1987/3:25pm, MBA/ Manglik. Settled in Australia. Caste no bar # 8860881767

**JAISWAL** boy 34/6' BTech business divorced issueless seeks educated girl pref West UP/UK/PB reputed family caste no bar 9412016001

**CHAURASIA** 28/5'10", fair h'some, conv edu, B.Tech wrkg MNC Bangalore, 18 LPA Seeks SM edu bride frm good fmly # 9415212399, 9720478884

**SHARMA** 38/5'10" Never married, Delhi based self employed boy, Seeks for suitable match. Send details W'App: 8448153541

**SUITABLE MATCH FOR**
**1981 Born, Arora Boy, Non Manglik, 5'11", Never Married, South Delhi - Based Professional (BTech + MBA). High Package. Looking For A Working Girl, High Status, Well Settled And Cultured Family.**
**whatsapp. 9818311788**

#### एससी/एसटी

**H'SOM** jatav boy 91/5'9", IIT (PhD) wrkg Asst. Prof in G.Noida, well stld fmly seek b'ful well eductd girl #7983072226

#### दूसरी शादी

**KKB,** Kanpur based, widower /65 yrs/ alone/ income 1.35 Lakh P/M through pension wants a cultured educated homely Lady. Mob: 8303956834

**AGGARWAL** boy, 31/5'10", IIT-CS, MNC. 15-day divorce. Seeks educated girl, good family. Caste no bar. Ph: 9315615099

**USA** Stld H'some Pb Divorce I'less boy 83 born 5'5", MBBS, MD, DM wkg as Dr. in Chicago, Family settled in Delhi Seeks SM, Caste no bar. 9868255808

**जाटव** 43/5'7" विधुर लड़का हेतु वधू चाहिए तलाकशुदा / विधवा / अन्य जाति/एक बच्चे वाली संपर्क करें दिल्ली में लड़के के अपने दो घर है 9212234568 / 9012267122

**KAYASTHA,** HJS (ADJ in UP) 46/5'7" Non Mglik, H'some with a son 7 yrs. Looking for educated cultured girl. #9415030917

**PQM4** Agarwal Aug 85, 5'10" H'some, Fair, Slim, B.Tech & MBA, Sr. Position in MNC Gurgaon. Issueless divorcee. All Upper Caste.# 7303886785

**PURSUING** Family Oriented Match-Hindu Khatri Boy(39, 5'9") Settled In Germany, Mutual DIV, Cultured Humble Boy. 8126356428

#### धर्मबंधन नहीं

**41/5'10** Agarwal unmaried boy B.Tech- IIT ,MBA-IIM Sr. Manager MNC 90 Lpa accept div & widow Caste No Bar,no dowry. 9098455277 ,9179087760

### वधू चाहिए - भाषा आधारित

#### बंगाली

**BENGALI** kayasth debari gon boy 35/5'8" BE MTECH PhD-IIT work in MNC gurugram 17LPA looking for working girl contact 9899853070/ 6263701614

**SM4** Kayastha boy March 96/ 5'8" MBA AVP 35 LPA MNC working Mumbai. Family Lucknow based seeks educated wkng match 9415485593

#### पंजाबी

**NEVER MARRIED HANDSOME PUNJABI KHATRI GROOM 54/6'1",** B.TECH(Mechanical Engg) Engg Industry owner businessman invites proposals from Never married , good looking ,well-educated girls Not Above 45yrs W/ap-7838908220

**SM4** Punjabi H'some Non Mglk never married Boy Res. Ghaziabad Feb/80, 5'6" BA (DU) wkg. in Ltd. Bank 12 LPA, seeks wkg girl. # 9810189020

**"ARORA,** BSc., Feb-92, 5'6", Non Mglik, H'some Boy printing b'ness in Jhansi, looking for educated cultured b'ful girl, # 9415030917"

**H'SOME,** 95.6:20 pm, 5'8, CA, 30 LPA, Delhi, Father Businman. Aggarwal & brahmin family aceptd 9837270784 call time 11am-11pm

### वधू चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

#### एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

**SEEKING** PQM match for Punjabi Khatri boy, Sept 1993/5'5",CFA,MBA (IMT Ghaziabad), High-Paying Corporate Finance Job, Living in Toronto. Visiting India 31st. January, 2026. Dr. Madhok : 9897606172

**WELL** settled Punjabi Khatri Male 1991 5' 7" Executive Chef in Calgary Canada, PR Holder, Progressive Fly Oriented Values, seeks Edu Indp Partner based in Canada. Cast Flexible WatsApp no 9212586800 7701901140

**MANGLIK** Hindu Khatri h'some Boy, 5'-11", July 1993,B.Tech,MS, working IT company California,USA, H1-B (I-140), good salary, boy in India 9878329440

**SM** for Fair, H some Jan 86/175 MSc Data Science wkg. with Bank as AVP Data analytics in Singapore. NCR-based family seeks Bful / smart prof. N.veg girl working in Singapore or ready to relocate to Singapore Bio/Pic to sethiakashdeep@gmail.com WApp 9810053912

**PUNJABI** Mnglk Boy 31/5'9", MS (USA), H-1B Visa I-140 Approved, also Canada PR, Wrkg Software Engineer in Big Tech, Family Delhi Based Seeks Qlfd Girl in USA/Canada WhatsApp +918368469736

**SM** for 39/5'6", Slim Gupta boy, M.Sc, M.Phil (U.K.) Wrkg MNC PR holder & owns House in UK, India, Never Married. Dr Parents. 9810054069, 8882664521

**US** Citizen Hindu PB Mnglk Ahuja Boy 35/ 5'10"/ MA JD Wkg as Attorney at law Seeks W/Edu. Girl from US (status no bar) W'App: 0015166432021



## वर चाहिए

### जाति आधारित

#### अग्रवाल-बिसा

**PQ** never married match for B.Tech-Delhi,5'2"/3-8-84/8:09 am Delhi/Garg/Job in Ggn 45 LPA one bro in Canada. 9311250225, ruchi.vedanu@gmail.com

**CA** Agarwal Girl 32/5'-1" Wheatish, service Gurgaon, 21 LPA, Seeks Highly Educated, Well Settled, Vegetarian Groom Cont: 9839085290

#### ब्राह्मण

**BEAUTIFUL,** convent-educated daughter (5'3", b.1994), IIM-A MBA. Sr. Manager at MNC (45 LPA). Jhansi, UP family. Seeks professionally qualified groom with compatible values. Contact: 8009014058.

**PQM** for Gaur Brahmin, MBA, Jan,1985, 5'-5", wkg in MNC, Gurugram. Cultured, independent. sharma.sk06@gmail.com

**PROF.** Qualified Br. match for Tyagi fair, slim girl, Aug 98/5'7", BA, LLB, LLM (NLU) Wrkg in MNC Gurgaon. # 9810604637

**PQM4** Brahmin girl 42/5'4" Nvr Married B.Tech CS MNC Gurgaon, All Upper Caste invited 9216864869

**SEEKING** alliance fair & tall pf'bly wrkng in tech/ fin., below 38, settled / willing to settle in some English speaking country for vegetarian Brahmin girl presently wrking in Europe. # 9044950676

**SM4** Bful Brahmin,Doctor girl 27,165/BDS,PGDM,Working in Noida MNC prefers NCR boy, Family Haridwar based, M-7895187534

**PUNJABI** Brahmin girl sept92/5'5"permanent TGT in reputed school Delhi boys in Delhi/ncr preferred 9871452112,9871504533

**SM4** Brahmin Mglk Girl May 1994 Born 5'4" doing Ph.D, Teaching in Central Univ in Delhi D/o Army Offr. Pref. Def/Civil Service Offr, Prof. # 9873412676

**PQM4** MBBS, Gen. Surgeon (DNB) Working at Delhi 3/07/92 (KNP) 5'3" Prefer Dr/ MD, MS all Brahmins accepted M: 9415892316

**KKB** fair 5'6" slim beautiful Non manglik Upmanu Gotra Nadi Aadi Dec 1990 born B.Tech (E & C) Posted at Gurgaon Salary 23 LPA all upper caste acceptable. Parents settled at Lucknow 9838504610

**SM4** Sandya Br. Veg. Girl,Aug 93/5'2" B.Tech, MBA, wkg as Sr. Mgt. Consult, in one of Big4 companies at GGN. 9928778834

**MBA,** CFM, CFA L2 (ICFAI), N/M, PQM for Career oriented August 81/5'3', Investment Manager. Contact:9560813611, 9650309012. Divorcee Excuse.

**B.TECH** CS girl May'95 5'5" Wrkg MNC B'lore 20LPA seeks Qual well settled boy from decent family Contact 6263873885

**M.COM** (DU) B'Ful NM girl 31Yrs./ 5'2"/ Wrkg MNC/ 30LPA/ Parents Retd. From Govt. Seeks PQ working class match. Call: 7289807562 E: parasharritu90@gmail.com

**SANADYA** Girl Fair/Sept 91/5'2" B.Tech Lead Consultant MNC(Noida) Package 33.5LPA, seeks Job Oriented Boy Contact-9717812008

**BRAHMIN** /30/5'6"/PhD, IIT/Father Govt Officer seeks Prof/Er/Dr/Govt Officer. 9431018470, 9304629972

#### जाटव

**SM** for jatav girl 5'6" nov 95 Assistant Professor,University of Delhi, seeks well settled boy ,Govt officer/Doctor ph 9958614905

#### कायस्थ

**SM4** Kulshrestha 41/5'6" Un Married B.Com. Self Employed, Fabulously Fair. B'ful Send Biodata on WhatsApp- 9214562308

**SM** for reputed Prayagraj family Srivastava girl February 96/5'2", Anshik Manglik, BTech, Working in MNC Noida. M-9450584749, 9452492780

**SM4** V.Bful Fair Slim, Srivastava Girl May78/5'5" Software Engr. Manager, working MNC, Delhi, 22LPA, matal12009@gmail.com, 9958799808

**KAYASTHA** girl 18.04.1991, 6.32P.M., 5 ft. graduate from Delhi University, working in MNC Noida w'call 7428539975 email:cms.sandeep@gmail.com

**MATCH** for Nigam Kayastha girl 29/ 5'7"/ 16 LPA, BTech CS, Wrkg MNC Bangluru.Seeking suitable Match. Cont: 9425805837/9424421236

**MBA,** B.Tech, Srivastava girl, Dec'96/5'5, Smart Wrkg in Top MNC Gurgaon, seeks Tall professionaly Qualified boy. Contact: 8860882000

**SRIVASTAVA** 1999, 5'4" C.A. Beautiful & Fair Girl Pref. Eastern U.P. Father Retd. Class I officer UP Govt. # 8318629717 , 7054073098

**B.ARCH** MBA-CPM Sinha Girl 12.06.1991/ 5'5"/ Freelancer Patna bsd fmly Seeking PAN India/ Abroad boy. All Kayastha. # 9431040684

**B.TECH(CS)** MATHUR girl Feb91/5'7" wrkg as Data Engineer in American MNC Ggn seeks well settled suitable prof.qlfd.boy. Whp:9958486193

**FOR** 36/5'6", Mathur Kayastha Beautiful Girl (Divorced) MBBS, MD (Medicine) Working in Jaipur. Doctor Preferred. Mobile 9982688288

#### खत्री

**SM** forMBA fin girl wrkg in MNC @ Gurgaon. Sept 97/5'5". Father in oil& gas MNC NOIDA Seeks prof. Qualified well settled boy with compatible family. 9988882108/8054018639

#### क्षत्रिय

**SLIM,** Fair, B'ful, Mglk Rajput Girl, May 93/5'4" M.Sc., NET qlfd. Wkg as SRF. Seek well edu & Stld Groom fm status Rajput fmly, beuro Excuse# 9953098129

#### कुर्मी

**MBBS** MD (Path), fair & bful 09/1995/5'4" Kurmi Kshatriya girl. Elite Fmly from UP. Invite suitable medico match. 9839044652

### समुदाय के आधार पर

#### अग्रवाल

**LLM** (NLU-J) Corp Law, B'ful, Slim, Non-Mnglk Singhal Noida based Wrkg but fmly oriented Girl Mar'98/ 5'3" seeks wellsttled Agarwal boy. Father & Brother both CAs. W'App BHP: 9837126640

**GURGAON** Based Aggarwal girl, Feb94/5'5", Post Graduate, Business, Affluent High status family # 9810715350

**PQSM** for B'ful, never married Bansal girl, Nov 88 born, 5'8", MBA, slim, Manager in govt. Bank ( PSB) posted in Pune. Jaipur bsd family, # 9352342143

**PQM4** B'ful, Very Fair, Smart Non-Mangalik girl, March 89/5' MBA, never married, worked in MNC. Father Retd. Sr. Officer # 9810979021

**MBA** B'ful NM Mittal Girl Wkg MNC (18.01.95, 6:41 PM, Delhi) 5'2"/ Ggn Based Edu. Family Seeks Edu. Well Stld Groom. Contact: 9999891283

**B'FUL,** AGARWAL Girl 27/ 158, MBA, wkg MNC, 28 Lpa Seeks H'some, Qlfd boy Prestigious College, prefd IIT/ IIM- 9413668066, 9828131466

#### जाट

**SM4** V'fair b'ful Jat girl August 97/5'1" BA, LLB, LLM pursuing PCS (J). Preferred same profession/ businessman in Delhi NCR, Avoid Malik & Lahoria. Contact: 9560106362

#### राजपूत

**PQM4** Rajput Chauhan Girl Vats Gotra, 33/5'3", B.Tech (CS) wkg Sr.S/W Engr MNC Delhi, 26LPA, CNB, Bureau excuse 9643022806, 9582620728

**CHAUHAN** Rajput girl, Master in Physiotherapy 5'3", Noida Residence, Working in Noida. DOB: May 24, 1995, 9:46 AM, Delhi. Seeking a well qualified match from respected family. Contact: 9891303811

**AGRA** based Thakur, 5'4"/28 yrs wkg Counsellor attractive girl seeks an educated groom well settled in his career. Caste strict. No bureaus. Contact: 8266978079, 9760794554

**SM4** Chhatriya (Rajput) Gaur Girl Graduate Birth 06.02.2003 at 9.56 am Delhi. Grandfather from Farrukhabad (U.P) (Retd) Administrative officer M:-9625053264. Prefer Delhi/NCR

### कार्य आधारित

#### बिजनेस

**ALLIANCE** invited for a tall beautiful, vegetarian. girl 26/5'09" qualified belonging a leading industrialist family. 9289412804, advt111@gmail.com

## सलाह

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा दिए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

bharat matrimony
Biggest Matrimony Service for Indians
भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा
अभी ऐप डाउनलोड करें
पंजीकरण मुफ़्त है!
25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद

#### डॉक्टर्स

**MEDICO** Brahmin vegetarian match for MS Anatomy girl, 04-06-1993, Mathura, 12.20 noon. 7599202495, 95682-91818.

**M4** Medico, Civil Services Aggarwal Slim, Fair Girl 5-4",06-08-90, MD Anesthesia Consultant in Reputed private Hospital Delhi.# 8950668123

**WANTED** Specialist/Super Specialist Doctor for MS (ENT) Bengali Doctor Girl, 5'2"/28 yrs Varanasi(U.P.) based, Father Doctor(ENT) Mob: 8317075291, 6389925518

**P.G.** Clinical Branch Doctor groom for fair 5'6" 30 yrs girl pursuing M.S ophthalmology (Jr-2) Gotra-Dalal Sinsinwar Cont: 9278242655, 9990799835

**B'FUL Brahmin MBBS MD (Path) Girl 26/5'3" From High Status Family Seeks Only Well Settled Doctor / Businessman Match. Caste no bar. 7380200029**

#### इंजीनियर्स

**PQM** for 1997 born, slim b'ful girl 5'3, Wrking in MNC (45+ lpa) , BTech (IIIT ALD), Seeking H'some veg liberal boy wrking in Blr with similar pckg. Mob- 9814478509

#### गवर्नमेंट/डिफेंस

**SUITABLE** match for smart jain girl, 172cm, Aug 1990. Army Major (Dentist). Upper caste no bar. M - 7347600199, 8490817590.

### धर्म आधारित

#### हिंदू

**SEEKS** groom for 5'6" Aug'96 CA/MBA from IIM Varshney girl working in Deloitte Gurugram Contact No. 9451388770/9415021358

#### मुस्लिम

**SUNNI** , Muslim, Sheikh, Siddiqui Fair Girl 34/ 5'5" M.Sc., B.Ed pref. Dr., Engg. Ph.D, MBA well settled Boy. Mo. 7398983533, 8423283533.

**SUNNI** Shaikh 39 5'4" beautiful MSc BEd working as Teacher, respected family, seeks well settled boy. Contact: 9413665549

**ALLIANCE** for Shia Sayed Girl from h'ly respected Delhi Based fmly 26/5'7" pursuing MSc from London, Father Retd. Marine Captain Mother Senior Civil Servant Seeks Prof. Qlfd well settled boy. # 8800705008

**ALIGARH** Seeking edtd,gud lkng,rlgs boy 4m reptd Sh.Siddiqui/Syed fmly fr 25 yr 5'4"relgs,btfl,bio medcl gold medlst girl 8375965787,9675968223

**SUNNI** Syed 22/5'5" B'ful con. Edu. pursuing LLB. father rep. Biz. owner at Hill Station.Seeks Sunni Muslim Groom (IAS/IPS/CL1 officer /stld Biz. man). Early & decent marriage #9412084358

#### सिख

**SUITABLE** Gursikh IAS/ IPS or Allied civil services, MD or MS match for MBBS, MD beautiful, very fair complexioned Gursikh girl, 29, 5'1". Highly educated family. Father IRS, Retd. 9717416435

**MATCH** for Sikh Arora girl Nov.1991, 5.3ft, B.Tech, Noida - Work from home, Package - 50 Lac, Upper Sikh Arora caste welcome - 94665-10675

**Chandigarh based, very well established Gursikh Khatri industrialist family. Seeks alliance for their charming, intelligent daughter 31/5"5 convent educated, graduate. Engaged in flourishing family business. Ideally looking for a smart, educated Gursikh boy hailing from reputed Elite Industrialist business family.**
**CALL US AT 9953659473**
**OR MAIL US AT vkar3322@gmail.com**

#### सामान्य

#### कास्ट नो बार (जाति का बंधन नहीं)

**SUITABLE** Groom in Govt./PSU for a PSU Class-I Officer at Delhi, Kushwaha, 32 yrs, 5'4", Caste no bar. Ph. 9482140646.

**MBA** Del based Bengali girl, 35/ 5'6.5", pursuing Ph.D (fellowship), NET cleared, seek well qlfd, wkg India/Abroad. # 9871291036, 9958659166

**BRAHMIN** 25/5'4" B'ful, fair,slim Girl B.Tech IIT MBA wkg in MNC 20Lpa Father Industrialist only Child caste no Bar 9981746670, 9893202325

**WELL** Educated B'ful Vaish Girl 21-8-89/5'3" B.Tech (Bio-Tech), MBA Mkt doing Free lance, Seeks well Edu. Boy, Govt. Job Pref. # 9810332990

**SM4** July 1995 / 5'4" b'ful Rajput Highly Qlfd divorcee girl wkg in Banking sector Bhilai city bsd affluent fmly Upper caste only #7067997224

**PQM** for South Delhi based from Army family, never married, fair, b'ful girl 43,5'3" MBA, working. # 9810407243. E-Mail: @alamba@gmail.com

**LLM** from UK, Beautiful Brahmin Girl, July 1993/ 5'6" Reputed Family Seeks Educated Well Settled Boy. Contact:- 8851173946

**SMART** NIT IIM Consultant in Top MNC 29/5'5" brahmin. PQM from IIT/IIM/ IIIT/MBA (Tier I)/MS/Edu. Enterprenur /general category,veg,eggtn. invited # 9833174456/7738065999

**MTECH** IIT jodhpur Dhiman Brahm Girl Mrch 94/5'2" Work MNC B'Lore Seeks Suitable Mtch Frm Descent Fmily Pref B'Lore CNB. #9039843242

**Prominent Kansara Hindu Industrialist family of Jodhpur invites proposal for their beautiful daughter, 32, 5ft 7in, (MS in Molecular Life Science, currently pursuing PhD from Sweden) from well settled family. The boy should be qualified, settled, smart & handsome. Caste No Bar. Send profile with photograph to nrkansara@kansara.com Mob. 98290-25111 WhatsApp: 98290-25111**

#### धर्मबंधन नहीं

**BRAHMIN** 29/5.4 B'ful, fair,slim Girl B.Tech IIT MBA working in MNC 25 Lpa Father class 1 officer Caste No Bar. 7898910528 ,9039264149

#### एससी/एसटी

**BA** LLB LLM girl 95 born 5.4 ht working in MNC from educated family seek class 1, ENG, Lawyer from Delhi NCR.contact 9911162431, mail asha7431@gmail.com.

**B.TECH** (Comp. Sci.& Engg) Dhobi 1985/5'5.5" Lead S/W Developer in Noida. Seeks suitable match. M:9415621798 Em: rkpvarun@gmail.com

#### दूसरा विवाह

**MBBS** MD Girl 29.04.1990/ 5'4" seek match pref. Medico/ MD//MS/Engr. Mother Govt. T'chr, Father Central Govt. Officer.8879902257,9685316189

**PQ** 34/5'8"/fair,b'ful,PG,Brhm, short mrg,legally div, I'less girl of affluent fmly seeks pure veg, t'taller, b'man with fmly values. Wtapp 8269902368, 7982410922

**PQM** 4 Delhi based I'less Dvrcd Saxena girl from well edu fmly Jan87/5'6"/28lpa MBA(Fin) Mgr in BIG 4. Contact 9873982922

**CA** girl 27.3.89/5'1" Div I'less Bansal B'ful Wrkg in Europe Luxembourg Income 6 figures Contact on Europe Div. Boy M: 9810508521, Caste no bar

**JATAV/SC** B.TECH Wkg MNC - IT Gurgaon, fair girl Aug 89/5'4" seeks Prof. Qual match age up to 38yrs, cast no bar, cont. # 9729494807

### वर चाहिए - भाषा आधारित

#### बंगाली

**WELL-SETTLED** alliance for Bengali girl 94 born, 5'2", Advtg. Profl. wrkg. in Delhi. Well settled Business family from Chandigarh.Bengalis & Non-Bengalis (upper cast only). Contact: 8284854506

**SM4** Mumbai 1992 born 5'5" Slim fair B'ful Bengali Brahmin girl, Working in National Carrier (Airlines) at Delhi (Non Veg)Call: 9769880822

**SM4** 38/5'2" USA(Seattle) based girl. Well educated from respectable family, earning 200K USD. Seeking prof. qual. match in USA. Ph: 8582998060

**BENGALI** Brahmin girl june 90/5'5" narogan wkg as lecturer in pvt. college & doing P.hd seeks pre'fbly army/govt. officer match 6307965294

**WELL-SETTLED** alliance for Chandigarh based Bengali girl Pastry Chef, 94 born, 5'4", Business family from Chandigarh. Bengalis & Non-Bengalis (upper cast only) Contact: 9417184182

**MA** Psychology/Working as Counsellor in a Reputed School in Delhi/ 15LPA/ Bengali Brahmin girl 05.03.1995/ 5'1", Seeks Prof. Qlfd Well Settled Groom. Caste no bar Call: 9999020482 / 9811032656

#### पंजाबी

**PQM** 4 B'ful, Unmrd, NM, PBKH grl Oct 83/5'5/MCA, MBA Wkg MNC 30 LPA, bro CA, Ggn fmly +91-70429-17877, E: matriggn4@gmail.com

**BTECH** Punjabi Girl Jan 95/5'8" Wkg MNC Mumbai 20 LPA Father Retd Eng Wapp only 8449982889

### वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

#### एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

**EUROPE** /UK bsd PQM4 PB Hindu girl V.B'ful/fair/28/5'3, MBA frm ESADE,wkg Barcelona,Af'ent bness fmly frm Delhi caste flexible. 9891069097 (WA)

**PQM** wkg NRI/ wish to move UK/EU/IRE 4 Kay.Girl NRI 34/ 5'2" BTech MS, Asst. Dir. MNC in Dublin. Upper Castes no bar. (WA 9437015522) 7008861701

**GRAD.** US Citizen Hindu PB Ahuja Graduate girl July'96/ 5'8" Seeks for Well Edu. Boy frm US only (status no bar) Only W'App: 0015156432021

**UK** based well-settled profiles for a charming. Beautiful, sikh 30/5'4 MBA/BDS, own business based in London. 9654992074 ranjitakaur621@gmail.com

**BRAHMIN** Girl Jan. 92/5'3" Delhi W'kng. in Dublin Ireland (Citizen) Parents in Delhi Seek Europe/U.K based Working Boy. WhatsApp/Call 9810375906

More Interact ads on Subsequent pages
TIMES interact



## MATRIMONIAL PACKAGE

| PACKAGE | EDITIONS | ROL 5 LINES | EXTRA LINE | CD PER SQ.CM. |
|---|---|---|---|---|
| SOULMATE | The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur, Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore, Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, The Economic Times - Ahmedabad, Bangalore, Chennai, Delhi, Hyderabad, Kolkata, Lucknow, Mumbai - City Run, Chandigarh, Pune, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata | ₹10350 | ₹2070 | NA |
| NATIONAL SELECTION | The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur,Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore,Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata | ₹8850 | ₹1770 | ₹2245 |
| SHAGUN | The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Lucknow, Kanpur, Jaipur, Madhya Pradesh, Times Interact -Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow | ₹4500 | ₹900 | ₹1050 |
| KANGAN | The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Mumbai, Lucknow, Jaipur, Madhya Pradesh, Kanpur, Times Interact - Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow | ₹5100 | ₹1020 | ₹1196 |

CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm ▸ ROL COST is for 5 lines, extra line 20% ▸ Above packages are excluded of GST
▸ Client Incentive Scheme: Pay for 2 & get 2 free (Consumption period 4 weeks), Pay for 3 & get 3 free (Consumption period 6 weeks)

Contact: LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122982, Anurag Nautiyal - 8840945902, KANPUR: Anoop Dixit - 7800802468, ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075851, VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838, GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274, AGRA: Vikas Jain - 9917475393, DEHRADUN: Pooja Kumar - 9719057775, MEERUT: Sanyam Monga - 9897048195, HALDWANI: Chandan Singh Bisht - 9837564640, BAREILLY: Aanchi Sharma - 9456470298, HARIDWAR: Amit Dhasmana - 9997083360, ALIGARH: Akash Upadhyay - 9457719804, MORADABAD: Omkar Pandey - 7607015000

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 08-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: cci Time: 02-08-2026 00:32 Color:



# कार की टक्कर से महिला गंभीर घायल

## सरोजनीनगर का मामला, बच्ची को स्कूल छोड़कर लौट रही थी तभी हुआ हादसा

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : थानाक्षेत्र में शनिवार को स्कूल से बच्ची को छोड़कर वापस लौट रही एक महिला को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, आरोपित चालक फरार

मूल रूप से उन्नाव के असोहा थाना अंतर्गत धन्नी खेड़ा निवासी अतुल कश्यप अपनी पत्नी सोनी कश्यप (30) और बेटी अंशिका (11) व प्रियंका (9) के साथ सरोजनीनगर के नवीन गौरी में किराए पर रहते हैं। शुक्रवार सुबह सोनी अपनी बेटी प्रियंका को हीरालाल यादव बालिका इंटर कॉलेज छोड़ने गई थी। लौटते वक्त तेज रफ्तार कार ने उसे सामने से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में महिला का सिर फट गया। उसके कमर की हड्डी टूट गई और पैर में फैक्चर हो गए। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे परिवारीजनों ने उसे लोक बंधु अस्पताल से डिस्चार्ज करा कर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। घटना स्थल से महिला का मोबाइल फोन भी गायब हो गया। फिलहाल सूचना के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## स्टंट करते समय पलटी थार

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : मेदांता अस्पताल के सामने शनिवार दोपहर तेज रफ्तार थार पलट गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक सड़क पर स्टंट कर रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, जबकि पास से गुजर रहे दूसरे वाहन से टक्कर होते-होते बड़ी दुर्घटना बच गई। थार पलटते ही सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत चालक को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक चालक फरार हो गया था। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालक की तलाश कर रही है।


## जमीन हड़पने के लिए बनाए जाली दस्तावेज, FIR

■ NBT न्यूज, बिजनौर : बिजनौर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में जमीन हड़पने की नीयत से मृत व्यक्ति के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार करने का मामला सामने आया है।

प्रभात पांडेय के मुताबिक उनके चाचा संतकुमार पांडेय की 31 मई 2021 को मौत हो गई थी। आरोप है कि श्रीकांत पांडेय, उसके साले उमाशंकर तिवारी और अभिनव त्रिवेदी ने मृतक के नाम से फर्जी वसीयतनामा तैयार किया। यह वसीयतनामा 26 अप्रैल 2022 को उपनिबंधक कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, जिसे रोक दिया गया। इसके बाद आरोपितों ने कानपुर देहात से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## सीसीटीवी में कैद हुई चोरी, पड़ोसी गिरफ्तार



■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गोसाईंगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोहनटोला निवासी पंकज गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था। पीड़ित परिवार समेत कानपुर गया हुआ था। लौटने पर घर का दरवाजा टूटा और सामान बिखरा मिला। जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें पड़ोसी सूरज मिश्रा चोरी करते दिखा। पूछताछ में आरोपित ने नशे की लत के चलते चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी पर लखनऊ के विभिन्न थानों में नौ मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

## पैसों के विवाद में चापड़ से हमला

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मड़ियांव के बैरमौला इलाके में पैसों के लेनदेन को लेकर युवक पर लोहे की रॉड और चापड़ से हमला कर दिया गया।

पीड़ित की मां परवीन ने बताया कि 5 फरवरी की रात उनका बेटा जुम्मन मुन्ना कैंटीन में चाय पीने गया था, जहां तालिब से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर तालिब, तालिया, सरताज और गुलशेर ने मिलकर जुम्मन की पिटाई कर दी। चापड़ व रॉड से वार में उसका सिर फूट गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चाइनीज मांझे से एक और किशोर की गर्दन पर हुए घाव

## स्कूटी से चौक जा रहा था पीड़ित, प्राथमिक उपचार के बाद भेजा गया घर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ में चाइनीज मांझे से होने वाले हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बार चौक इलाके में स्कूटी से जा रहे छात्र की गर्दन मांझे से कट गई। पीड़ित के मुताबिक गर्दन पर दो कट लगे हैं। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित को घर भेज दिया।



चौपटिया का नजम खान 10वीं में पढ़ता है। उसने बताया कि शनिवार को दोस्त के साथ स्कूटी से चौक जा रहा था। स्कूटी वही चला रहा था। कोनेश्वर से चौक जाने वाले रास्ते में चाइनीज मांझा सड़क पर आ गया। मांझे से उसकी गर्दन पर कट लग गया। उसने अचानक से स्कूटी में ब्रेक लगा दिया, जिससे उसकी गर्दन में गहरा कट न लग जाए। अचानक ब्रेक लगने से उसकी स्कूटी भी अनियंत्रित हो गई। नजम के मुताबिक उसके दोस्त ने देखा कि कुछ दूरी पर मौजूद छत पर खड़े एक किशोर के हाथ में मांझा था। आरोप है कि गर्दन पर एक कट लगने के बावजूद किशोर मांझा खींचने में लगा था, जिसके चलते उसकी गर्दन पर दूसरा कट भी लग गया। नजम के मुताबिक उसने मांझा हाथ से पकड़ लिया था इसलिए उसकी गर्दन पर गहरा कट नहीं लगा। पीड़ित के मुताबिक उन लोगों के शोर मचाने पर छत के ऊपर खड़े होकर मांझा खींच रहा किशोर मौके से भाग गया।



### दुकानदारों ने छुपा दिया चाइनीज मांझा

सीएम योगी ने चाइनीज मांझे से होने वाली मौतों में हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही थी। साथ ही सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। इसके बाद जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ तीन दिन का अभियान चलाने के लिए कहा था, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई थी। पुलिस ने कई दुकानदारों के यहां छापेमारी की थी पर पुलिस को चाइनीज मांझा बरामद ही नहीं हुआ था। सूत्रों का कहना है कि दुकानदारों को पुलिस की छापेमारी की सूचना पहले ही मिल गई थी, जिसके चलते चाइनीज मांझा छुपा दिया है। इसलिए पुलिस की छापेमारी के दौरान चाइनीज मांझा मिला ही नहीं।

### 48 घंटे मे हुई चौथी घटना

बिजली विभाग मे तैनात कर्मचारी सुधीर कुमार शाम करीब पांच बजे बिजलीघर जा रहे थे। इसी दौरान गोमतीनगर विस्तार इलाके मे उनकी गर्दन मे मांझा फंस गया। स्थानीय लोगों से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इससे कुछ घंटे पहले शहीद पथ पर स्कूटी से जा रहे सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी बृजेश राय भी चीनी मांझे की चपेट मे आ गए थे। तेज धार वाले मांझे से उनके नाक और होंठ कट गए थे। उन्हें इलाज के लिए कमांड अस्पताल मे भर्ती कराया गया। इससे पहले बुधवार को हैदरगंज शोएब की चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण मौत हो चुकी है।

### चोरी छुपे दिया जा रहा चाइनीज मांझा

सूत्रों के मुताबिक पुराने कस्टमर्स को चोरी छुपे अभी भी चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। पुराने कस्टमर्स कॉल करके पहले ही ऑर्डर दे देते है कि उन्हें कितना चाइनीज मांझा चाहिए। इसके बाद पुराने कस्टमर्स को चाइनीज मांझा उपलब्ध करा दिया जाता है। पीड़ित नजम का कहना है कि पुलिस की सख्ती के बावजूद लोग चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।



**हमे भेजिए**

nbtreader@timesofindia.com


8005000349

शहर मे अवैध रूप से बिक रहे चाइनीज मांझे से कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अगर आप भी शहर पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे के शिकार हुए है तो अपनी स्टोरी हमे भेजिए।

# पुलिस गिरफ्तार करने पहुंच रही है, पैसे अकाउंट में डाल दो...

## साइबर जालसाजों ने कई लोगों को ठगा, पीड़ितों ने करवाई FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जानकीपुरम विस्तार इलाके में रहने एक व्यक्ति को रिपोर्ट दर्ज होने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने अपने जाल में फंसाया। इसके बाद पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का डर दिखा कर पीड़ित से हजारों रुपये ट्रांसफर करवा लिए। अलीगंज में रहने वाले एक व्यक्ति को ड्राई फ्रूट सप्लाई के नाम पर ठगा गया।



जानकीपुरम विस्तार इलाके में शिवम यादव रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2 फरवरी को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को भगलपुर का डीएसपी बताया। पीड़ित को झांसा दिया कि उनके खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पहुंच रही है। पीड़ित को बताया गया उनका डेटा पुलिस के पास है। डेटा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तो उनकी व उनके परिवारीजनों की बदनामी होगी। पीड़ित यह बात सुनकर घबरा गए। साइबर जालसाजों ने पीड़ित को ब्लैकमेल करके 69,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। जानकीपुरम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### पेड टास्क का झांसा देकर किया फ्रॉड

अलीगंज के सेक्टर-पी इलाके में सरगम सोनी रहती है। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक दिन उनके पास मैसेज आया। मैसेज में टेलिग्राम पर जुड़कर गूगल मैप पर रिव्यू देने की बात लिखी हुई थी। एक रिव्यू पर 100 रुपये मिलने का झांसा दिया गया था। इसके पास पीड़िता से कहा गया कि प्रेफरियर टास्क करने पर अधिक मुनाफा मिलता है। इस स्कीम में पहले इनवेस्ट करना होता है। इसके बाद पेड टास्क पूरे करने पर मुनाफा मिलना शुरू हो जाता है। पीड़िता ने 40,200 रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद भी पीड़िता को प्रॉफिट नहीं दिया गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने इस संबंध में अलीगंज पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ड्राई फ्रूट सप्लाई करने के नाम पर ठगा

अलीगंज के सेक्टर-बी इलाके में प्रकाश कुमार यादव रहते हैं। उनकी कपूरथला पर टेस्ट फूड मार्ट से दुकान है। उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले उन्हें ड्राई फ्रूट उचित दामों पर बेचने का झांसा दिया। पीड़ित को अपने रेस्टोरेंट में ड्राई फ्रूट की जरूरत पड़ती रहती है। इस लिए उन्होंने ड्राई फ्रूट खरीदने के लिए हामी भर दी। पीड़ित ने ड्राई फ्रूट के सैंपल भेजने के लिए कहा। सैंपल भेजने के लिए साइबर जालसाजों ने 3,950 रुपये मांगे गए। पीड़ित ने रुपयों का भुगतान कर दिया। इसके बाद साइबर जालसाजों ने कहा कि कम सामान की डिलीवरी नहीं कर पाएगा। पीड़ित से और सामान का ऑर्डर करने के लिए कहा। पीड़ित से कई बार में 55,240 रुपये सामान के नाम पर ले लिए गए, पर सामान की डिलिवरी नहीं की गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने शनिवार को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

### बिल प्रोफॉर्मा भेजकर साइबर ठगी

■ NBT न्यूज, हजरतगंज : हजरतगंज इलाके में बिल प्रोफॉर्मा भेजकर साइबर जालसाज ने युवक से 54 हजार रुपये से अधिक की ठगी कर ली। सीतापुर सिधौली करसंडा निवासी विनोद कुमार मोती महल लॉन के पास स्थित हॉस्टल में रहते हैं। उन्होंने टीएमटी कंपनी के उत्पादों के रेट जानने के लिए गूगल सर्च किया था। कुछ देर बाद अज्ञात नंबर से कॉल आई, कॉलर ने खुद को कामधेनु कंपनी का प्रतिनिधि बताया। जालसाज ने मोबाइल पर बिल प्रोफॉर्मा भेजा और दो बार में रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## फटाफट खबरें

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरानगर इलाके में शनिवार रात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक कानपुर देहात अकबरपुर निवासी रघुनंदन सिंह का बेटा राजीव (21) टेल्को कंपनी में अप्रेंटिस कर रहा था। वह सुमामऊ गांव में किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार रात उसने फंदे से पंखे के सहारे फांसी लगा ली। मकान में रह रहे अन्य साथियों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि परिवारीजनों ने अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### महिला से मिलने बरेली पहुंचा था व्यापारी

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : घर से हरदोई गल्ला मंडी जाने की बात कहकर निकले रहीमाबाद निवासी व्यापारी सुरेंद्र के लापता होने का मामला सुलझ गया है। पुलिस ने व्यापारी को बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक के मुताबिक सुरेंद्र सोशल मीडिया के जरिए एक महिला से संपर्क में था और उसी से मिलने बरेली गया था। परिवारीजनों को गुमराह करने के लिए उसने खुद के गायब होने का नाटक रचा। व्यापारी की पत्नी और बच्चे घर पर मौजूद थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### विवादित प्लॉट बेचकर लाखों रुपये ऐंठे

■ NBT न्यूज, बाजारखाला : थानाक्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर ने विवादित जमीन बेचकर 9 लाख रुपये ठग लिए। तालकटोरा आलमनगर निवासी मो. इमरान ने बताया कि उन्होंने मुजीब से प्लॉट खरीदा था। निर्माण कराने पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने विरोध किया, तब पता चला कि जमीन विवादित है। आरोप है कि डीलर फर्जी कागजों से कई लोगों को ठग चुका है। रुपये वापस मांगने पर आरोपित और उसके बेटे ने गाली-गलौज कर भगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेटे ने पिता, पत्नी पर ब्लेड से किया हमला

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : तालकटोरा के सरीपुरा सुमैया विहार में शनिवार शाम नशेड़ी युवक ने पैसे न मिलने पर अपने पिता, पत्नी और पांच वर्षीय बेटे पर ब्लेड से हमला कर दिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित कालीचरन के मुताबिक बेटा मुकेश नशे की हालत में पैसे मांग रहा था। इनकार करने पर उसने गर्दन, बेटे के कान के पीछे और पत्नी के गाल पर वार किया। पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए रानी लक्ष्मी बाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। फिलहाल मामले में कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा इलाके से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को पक्करिया चौराहे के पास से आरोपित लवकुश साहू (21) को पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि वह पहले भी इसी मामले में जेल जा चुका है। आरोपित के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट समेत गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### दहेज न मिलने पर दिया तीन तलाक

■ NBT न्यूज, विकासनगर : विकासनगर इलाके में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को तीन तलाक देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता साबिहा कुरैशी की शिकायत पर पुलिस ने पति नासिर खान समेत सास-ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने कार और 80 लाख रुपये की मांग की, गर्भ में बेटी होने पर तलाक की धमकी दी गई और लगातार मारपीट की गई। 15 सितंबर 2024 को पति ने तीन तलाक देकर पीड़िता को बच्ची समेत बाहर निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेड़ काट रहा था मजदूर, उसी पर गिरा, मौत

■ NBT न्यूज गोसाईंगंज : मोहम्मदाबाद गांव में शनिवार को पेड़ काटते समय मजदूर त्रिलोक चंद रावत (40) पर अचानक पेड़ गिर गया। हादसे में उसकी कमर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई। ग्रामीणों ने ऐंबुलेंस से उसे सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और सड़क जाम करने का प्रयास किया।



गंभीर रूप से हुआ था घायल, परिवारीजनों ने किया हंगामा

त्रिलोक चंद के चाचा गणेश का कहना है कि इंजेक्शन लगने के बाद ही त्रिलोक की हालत बिगड़ी। परिवारीजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पेड़ कटवाने वाले व्यक्ति ने शुरुआत में सही जानकारी नहीं दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। सीएचसी में तैनात डॉक्टर आभास सक्सेना ने बताया कि घायल को दर्द से राहत के लिए सामान्य पेनकिलर इंजेक्शन दिए गए थे और उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर करने की तैयारी चल रही थी, तभी उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रेनू देवी, बेटा आकाश और दो बेटियां वैष्णवी व मानवी हैं।

# निजी अस्पताल पर उगाही का आरोप, केस दर्ज

## नाराज अधिवक्ताओं ने बाजारखाला कोतवाली का किया घेराव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : अधिवक्ता ने बाजारखाला में स्थित निजी नर्सिंग होम संचालकों पर मनमाना शुल्क वसूलने का आरोप लगाया है। विरोध पर पीड़ित को बंधक बना लेने का भी आरोप है। आरोप लगाया कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शनिवार को पीड़ित और उसके अधिवक्ता साथियों ने बाजारखाला थाने में प्रदर्शन किया। पुलिस ने चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बाजारखाला भवानीगंज निवासी नरेंद्र कुमार साहू अधिवक्ता हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवंबर को उन्होंने अपनी बहू को डिलीवरी के लिए वसला हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। 27 नवंबर को ऑपरेशन से हुई बच्ची कमजोर थी। इस पर राम नर्सिंग होम के चिकित्सक श्रेय रस्तोगी ने बच्ची को अपने हॉस्पिटल में भर्ती करा लिया। बच्ची को ऑक्सीजन लगाया गया, मेडिकल स्टोर से दवा मंगवाकर मनमाना पैसा वसूला। पीड़ित ने 28 नवंबर को बच्ची को डिस्चार्ज करने के लिए कहा। आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टर एके सिंह, श्रेय रस्तोगी, लेखाकार सधान व नर्सिंग होम के अन्य चिकित्सकों ने उन्हें बंधक बना लिया। किसी तरह पीड़ित घर पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि चिकित्सकों के खिलाफ उन्होंने 10 दिसंबर को बाजारखाला थाने में तहरीर दी, इसके अलावा आईजीआरएस भी किया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को पीड़ित व उसके अधिवक्ता साथियों ने थाने का घेराव किया। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।


## हादसों में महिला समेत दो की मौत

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम वाहनों की टक्कर से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक रात करीब 11 बजे रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर शिवगढ़ रिसॉर्ट के सामने पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से निगोहां के भदेवरा निवासी दुखीलाल की पत्नी शिवरानी (65) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना कनकहा के कोरिखेड़ा के पास हुई, जहां सड़क पार कर रहे सुखदीन (50) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। परिजन उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले गए, लेकिन वहां भी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## डॉगी के हमले में किसान घायल

■ NBT न्यूज, रहीमाबाद : रहीमाबाद चौराहे पर शनिवार को सामान खरीदने आए किसान पर डॉगी ने हमला कर दिया।



कटरा गांव निवासी कल्लू (40) औरास रोड पुल के पास डॉगी से बचने की कोशिश में गिर पड़े, तभी डॉगी ने उनके पैर में काट लिया। आसपास के दुकानदारों ने डॉगी को भगाकर किसान को बचाया। घायल को अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई लोग डॉगी के हमले का शिकार हो चुके हैं।

## शराब पीने की शर्त में गई जान


■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा इलाके में दोस्तों संग शराब पीने की शर्त युवक की जान पर भारी पड़ गई।

शाहपुर भमौली निवासी जितेंद्र राजपूत (30) ने साथियों के साथ बिना पानी मिलाए तीन क्वार्टर नीट शराब पी ली, जिससे हालत बिगड़ गई। परिवारीजन उन्हें ठाकुरगंज स्थित एरा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। छोटे भाई कुलदीप का कहना है कि हालत बिगड़ने पर दोस्त मौके से फरार हो गए। मृतक अविवाहित था। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी के मकान में लगी आग, फंसे डॉगी को बचाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमतीनगर इलाके में शनिवार शाम व्यापारी के घर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कमरे में फंसे डॉगी को निकाला और आधा घंटा मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया।

एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि विनय खंड पत्रकारपुरम चौराहा म0 नं0-3/79 निवासी अमित सिंह व्यापारी हैं। शनिवार शाम करीब 5:30 बजे उनके घर से आग लग गई। धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने गोमतीनगर फायर स्टेशन पर दी। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां पहुंच गईं। मकान में फंसे डॉगी को दमकल कर्मियों ने मकान से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। दमकल



कर्मियों ने होज पाइप मकान के अंदर कमरे तक पहुंचाया। करीब आधा घंटा मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर कमरे में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामान जलकर राख हो गया। एफएसओ ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कैफे में चल रहा था हुक्का बार, दो कर्मचारी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बीकेटी में द लैवेंडर कैफे में चल रहे हुक्का बार पुलिस ने छापेमारी करके दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से तीन हुक्का, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल व अन्य सामान बरामद किया है।

एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से बीकेटी के तकिया साबुन फैक्ट्री के पास द लैवेंडर कैफे में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। इस बार सूचना मिलने पर एसआई शेषमणि मिश्रा और उनकी टीम ने कैफे में छापा मारा। पुलिस ने कैफे के अंदर से दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम लखीमपुर खीरी निवासी हर्ष शर्मा और इटौंजा निवासी भविष्य प्रताप सिंह बताया। आरोपितों ने बताया कि वह कैफे में काम करते हैं। आरोपितों ने बताया कि कैफे के संचालक लखीमपुर खीरी निवासी देवव्रत त्रिपाठी हैं। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि हाई कोर्ट के प्रतिबंध के बाद भी कैफे की आड़ में हुक्के की सप्लाई की जा रही थी। आरोपित कैफे में हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देकर लोगों को फंसाते थे। एसआई शेषमणि मिश्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सीवर पाइप लाइन में मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, चौक : ठाकुरगंज इलाके में शनिवार सुबह सीवर पाइप लाइन में युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला है। घटनास्थल से खाली इंजेक्शन और सीरिंज मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मौके से मिला नशीली दवा का खाली इंजेक्शन और सीरिंज

ठाकुरगंज गऊघाट विश्वास नगर निवासी अयोध्या प्रसाद का बेटा सुजीत राजपूत घर में रहता था। भाई रंजीत के मुताबिक सुजीत नशा करने का आदी था। शुक्रवार रात वह मां नीलम से रुपये लेकर घर से निकला था, जिसके बाद नहीं लौटा। शनिवार सुबह मां नीलम सुजीत को तलाशने निकली। स्थानीय लोगों की सूचना पर नीलम बंधा रोड पहुंच गई। जहां सीवर लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। वहां खाली पड़े सीमेंट के पाइप में सुजीत का शव पड़ा हुआ था। पाइप में खाली इंजेक्शन और सिरिंज बरामद हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर ठाकुरगंज पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित भाई ने तहरीर दी है। किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

**युवक का मोबाइल गायब**

पीड़ित भाई ने बताया कि घटना स्थल से सुजीत का मोबाइल फोन नहीं मिला है। कॉल करने पर मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। परिवारीजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जलभराव की समस्या पर भाजपा विधायक से भिड़े सुभासपा विधायक के समर्थक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मड़ियांव गंगोत्री विहार में नाला रोकने को लेकर भाजपा के विधायक और सुहेलदेव समाज पार्टी के विधायक समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। बीकेटी से विधायक योगेश शुक्ला का आरोप है कि उनके क्षेत्र के लोगों की समस्या है। वहां जल भराव की वजह से सैकड़ों लोग परेशान हैं। इस समस्या का समाधान करने के इरादे से वह पहुंचे थे। जहां पर सुभासपा के झंडा लगी गाड़ियों से कुछ लोग आए और विवाद करने लगे। इस विवाद में सुभासपा के विधायक बेदी राम पर आरोप लग रहे हैं।

बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला बोले मेरे क्षेत्र का मामला

योगेश शुक्ला ने मौके का निरीक्षण कर नाला बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर बाउंड्री बनाई गई है, पैमाइश के बाद उसे हटाया जाएगा। विधायक ने कहा कि नाला वहां पर जरूर खुदेगा। लोगों की समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि लोग लगातार उनसे शिकायत कर रहे हैं। विवाद के मामले को लेकर योगेश शुक्ला ने कहा कि सुभासपा की झंडा लगी गाड़ियां मौके पर थीं। काफी संख्या में उन गाड़ियों से लोग आए थे। वहीं, विधायक बेदीराम का कहना है कि नगर निगम की ओर से नक्शे के विपरीत नाला बनाया जा रहा है। लेखपाल से फोन पर हमारी बात नहीं हुई।

### अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम से नोकझोंक

NBT न्यूज, लखनऊ : जानकीपुरम सेक्टर-जे में शनिवार को अवैध अतिक्रमण गिराने पहुंची टीम से लोगों की खूब नोकझोंक हुई। लोगों के विरोध को देखते हुए टीम को बीच में ही कार्रवाई रोकनी पड़ी, लेकिन सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में टीम ने दोबारा कार्रवाई करते हुए भवन संख्या 3/220, 3/299, 1/647 के सामने अवैध रूप से बनाए गए भवन को ध्वस्त कर दिया। वहीं बालागंज चौराहे से हरिनगर चौराहे तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4,500 रुपये का जुर्माना वसूला।

### पार्षद समर्थकों ने दी तहरीर

वहीं शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम से अभद्रता के आरोप में पार्षद समर्थकों ने शनिवार को बीकेटी थाने में तहरीर दी। पार्षद ममता रावत ने कहा कि आरोपित विधायक ने निगम की टीम के साथ ही क्षेत्रीय पार्षद से भी फोन पर अभद्रता की।

# रोज़ डे पर ₹10 वाला गुलाब 60 तक का बिका

■NBT न्यूज़, लखनऊ : वैलेंटाइन वीक की शुरुआत के साथ ही शनिवार को शहर की फूलमंडियां लाल गुलाब की खुशबू से सराबोर रहीं। प्यार के इस पहले पायदान यानी 'रोज डे' पर युवाओं का उत्साह ऐसा था कि गुलाब के दाम आसमान छूने लगे। जो गुलाब का बंडल आम दिनों में मंडी में 200 रुपये का बिकता था, शनिवार को उसकी कीमत 800 रुपये तक पहुंच गई।



फूल कल्याण व्यापार समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जीशान ने बताया कि रोज डे के अवसर पर गुलाब की बिक्री में चार गुना से अधिक का उछाल देखने को मिला। पूरे दिन में अकेले गुलाब का कारोबार लगभग 7 लाख रुपये तक पहुंच गया। इसमें भी 70% मांग केवल लाल गुलाब की रही, जबकि शेष 30% में पिंक, व्हाइट और पीले गुलाबों की बिक्री हुई।

फूल विक्रेता टीपू सैनी के मुताबिक कि आम दिनों में 10 रुपये में बिकने वाला एक गुलाब रोज डे पर सुबह 40 रुपये और शाम होते-होते 50 से 60 रुपये तक बिका। दिलचस्प बात यह रही कि सफेद और पीले गुलाब की मांग कम होने के बावजूद ये लाल गुलाब से करीब 5 रुपये महंगे बिके। यही हाल गुलदस्तों का भी रहा, जो बुके 70 से 150 रुपये में मिलते थे, इनके लिए ग्राहकों ने 300 से 400 रुपये तक खर्च किए। वहीं, 300 रुपये वाली 'फ्लावर बास्केट' दोगुनी कीमत पर 600 से 700 रुपये में बिकी।

**क्रिएटिविटी और अवेयरनेस का भी रहा जलवा:** इस बार वैलेंटाइन डे पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का असर भी दिखा। कई लोगों ने ताजे फूलों के स्थान पर गिफ्ट शॉप्स से 'आर्टिफिशल और क्रिएटिव' गुलाबों को प्राथमिकता दी, जिससे इस सेगमेंट में 30% की वृद्धि दर्ज की गई। आईटी कॉलेज स्थित एक गिफ्ट शॉप के संचालक आकाश ने बताया कि इस साल क्रोशिया से बने फूलों का जबरदस्त क्रेज है। हाथ से बुने हुए ये क्रोशिया रोज 150 रुपये और इनके बुके 700 रुपये से शुरू हो रहे हैं। इसके अलावा युवाओं ने 'मेसेज बॉटल' में भी काफी रुचि दिखाई। इन छोटी बॉटल्स में गुलाब के साथ एक टैबलेट होती है, जिसके अंदर छिपी चिट पर मनचाहा संदेश लिखा जा सकता है। इनकी कीमत 25 से 250 रुपये के बीच है। साथ ही क्रोशिया से बने हेयर क्लचर और 'टेडी विद रोज' बुके भी मार्केट में ट्रेंड करते नजर आया।

# कांवड़ियों के उद्घोष से शहर शिवमय


## लोधेश्वर महादेव में गंगा जल चढ़ाने के लिए शहर से गुजर रहा है कांवड़ियों का जत्था

■NBT न्यूज़, लखनऊ: लोधेश्वर महादेव को गंगा जल चढ़ाने के लिए कांवड़ियों के जय भोले के उद्घोष लखनऊ में गूंजने लगे हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव जाना कांवड़ियों का शुरू हो गया है। सुबह से रात तक झुंड के झुंड कांवड़िये अपनी सजी हुई कांवड़ लिए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांवड़ियों के रास्ते पर उनकी सेवा के लिए शिविर भी लगाए गए हैं, जहां उनके जल-पान, विश्राम, स्नान, प्राथमिक इलाज की व्यवस्था की गई है।


लोगों ने की है विशेष व्यवस्था, प्राथमिक इलाज के भी हैं इंतजाम

ये कांवड़िये कानपुर से आगे बिठूर से बाराबंकी के रामनगर स्थित श्रीलोधेश्वर महादेव मंदिर की तक की 175 किलोमीटर की यात्रा कुछ पैदल कुछ साइकल और कुछ मोटर साइकल से तय करते हैं। बहुत से कांवड़िये व्रत रखकर चलते हैं। अधिकांश कांवड़िये उन्नाव, कानपुर देहात के आस-पास के क्षेत्रों से आते हैं। पहले वे अपने गांव से कानपुर के पास महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली एवं माता सीता के पुत्र लव-कुश की जन्मस्थली बिठूर से गंगा जल लेते हैं। फिर वहां से बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव की यात्रा शुरू करते हैं।

उन्नाव से चले कांवड़िया रोहित यादव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अपने गांव से चले थे। रास्ते कुछ खाते नहीं हैं। एक दूसरे कांवड़िया सुरेश ने बताया कि कांवड़ यात्रा के कड़े नियम भी हैं। कांवड़ को कहीं जमीन पर नहीं रख सकते हैं। एक कांवड़ के साथ दो लोग रहते हैं।



### 50 फीट का शिवलिंग बनाया



अयोध्या रोड के नीलगिरि तिराहा के पास श्रीगौरी शंकर सेवा समिति की ओर से गुरुवार से 15 फरवरी तक कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया है। शिविर में इस साल 50 फीट काले कांच का शिवलिंग बनाया गया है। समिति के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया कि शिवलिंग इस बार शिविर का 29वां साल है। महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस शिविर में कांवड़ियों के लिए निःशुल्क फलाहार के अलावा विश्राम, शौचालय की सुविधा की गई है। साथ ही उन्हें जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इमरजेंसी में कांवड़ियों को अस्पताल भी पहुंचाने की भी व्यवस्था है।

## शुरू हुए शिव महापुराण सजने लगे शिवालय

■NBT न्यूज़, लखनऊ: महाशिवरात्रि को लेकर शहर के प्राचीन शिवालों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके अलावा ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी।

मनकामेश्वर, कोनेश्वर महादेव, महाकाल मंदिर में चल रहा साफ सफाई का काम

डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में साफ-सफाई का काम चल रहा है। मंदिर की महंत देव्यागिरि ने बताया कि बिजली की झालरों से सजावट का काम 12 तारीख से शुरू होगा। वहीं चौक स्थित श्रीकोनेश्वर महादेव मंदिर में भी साफ-सफाई चल रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुबोध टंडन ने बताया कि मंदिर पूरी तरह से चमकाया जा रहा है। इसके अलावा राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर, सदर स्थित द्वादशज्योतिर्लिंग सहित अन्य शिवालयों में भी तैयारियां शुरू हो गई।

कल्याणगिरि मंदिर से शिव बारात 15 को महाशिवरात्रि पर ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह जानकारी यात्रा के संयोजक अनुराग पांडेय ने दी। मंदिर से इन दिनों शिव महापुराण कथा चल रही है। यात्रा के अगले दिन 16 तारीख को हवन और बाबा का शृंगार किया जाएगा। 17 फरवरी को महाप्रसाद वितरण होगा।

## रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू

■NBT न्यूज़, लखनऊ: चौपटिया, रानीकटरा स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर के चल रहे तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन शनिवार को रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू हुआ। मंदिर के समिति के सेक्रेटरी हिमांशु ने बताया कि रविवार को अखंड पाठ की पूर्णाहुति होगी। उसके बाद प्रसाद वितरण के साथ समारोह समाप्त होगा।

## चारकोल से उकेरा खूबसूरत चित्र



■NBT न्यूज़, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कैसरबाग स्थित अकादमी परिसर में तीन दिवसीय 'ललित कला उत्सव' की शुरुआत हुई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी से आये वरिष्ठ चित्रकार प्रो. एस प्रणाम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उत्सव के पहले दिन 'पर्यटन एवं पर्यावरण' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 73 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वहीं कलश अलंकरण प्रतियोगिता में 43 प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता दिखाई। दोनों श्रेणियों में विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये के नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रो. एस प्रणाम सिंह द्वारा लाइव डेमॉन्स्ट्रेशन रहा, जहां उन्होंने चारकोल के माध्यम से मुखाकृति बनाने की बारीकियों और तकनीकी कौशल से युवा कलाकारों को रूबरू कराया। शाम को सरिता तिवारी ने मधुर भजनों और लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार को 35वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा और प्रो. एस. प्रणाम सिंह को अकादमी के सर्वोच्च सम्मान 'अकादमी अधिसदस्यता सम्मान' से नवाजा जाएगा।

## फटाफट खबरें

### 30 मार्च को होगा अवार्ड-ए-तिरंगा

■NBT न्यूज़, लखनऊ: एलायंस सोशल ऐंड कल्चरल सोसायटी की ओर से 30 मार्च को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में 'अवार्ड-ए-तिरंगा' सम्मान समारोह आयोजित होगा। यह जानकारी शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान संस्था के सचिव दिलावर हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि यह छठा आयोजन है, जिसमें कला, संस्कृति, शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में 'यादें रफी' संगीत प्रस्तुति भी आयोजित कि जाएगी।

### बाबा काशी विश्वनाथ गौरा संघे खेलेलें होरी....



■NBT न्यूज़, लखनऊ: गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से शनिवार को अलीगंज स्थित एक स्कूल परिसर में होली गीत की कार्यशाला की शुरू की गई। इसमें 11 गीत सिखाए जाएंगे। संस्था की संस्थापिका और लोक गायिका रजना मिश्रा के निर्देशन में हुई कार्यशाला में होली का गीत बाबा काशी विश्वनाथ गौरा संघे खेलेलें होरी..., सिर बांधे मुकुट खेलैं होरी... सिखाया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 11 गीत सिखाए जाएंगे।

### स्वास्थ्य शिविर का 100 लोगों ने लिया लाभ

■NBT न्यूज़, लखनऊ : समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से समर विहार वेलफेयर असोसिएशन की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में स्थानीय निवासियों, विशेषकर बुजुर्गों को घर के पास ही चिकित्सीय परामर्श के साथ विभिन्न तरह की पैथोलजी जांच सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। हर आयु वर्ग के 100 से ज्यादा लोगों ने शिविर की सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान दया शंकर पांडेय, पूर्व पार्षद गिरिश मिश्र, डॉ. पुष्प श्रीवास्तव, एके मखीजा, अशोक खरे, आरपी सिंह, मनु कपूर, राजेंद्र कौर और आरके श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



In Loving Memory of
RANI AGARWAL
08.02.2016

It's been a decade, but feels like yesterday. Your presence we miss, your memory we treasure, Loving you always, forgetting you never.

Loving Tribute from :
Anoop Kumar Agarwal (Husband)
Children - Manu Agarwal - Kusha, Ram Agarwal - Shruti, Ankit Agarwal - Mukta.
Grand Children - Kanishka, Anvika.

## बिखरी नवाबी जायके की महक

■NBT न्यूज़, लखनऊ : लखनऊ के खान-पान की विरासत को सहेजने के लिए सोशल अवेयरनेस ग्रुप 'आदाब अर्ज़ लखनऊ' ने शनिवार को पुराने शहर में 'टेस्ट ऑफ लखनऊ' फूड वॉक का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य आधुनिकता के दौर में लखनऊ के पारंपरिक जायकों और उन ऐतिहासिक गलियों की यादों को ताजा करना था, जो आज भी शहर की रूह में बसी हैं।

'आदाब अर्ज लखनऊ' की फूड वॉक में जीवंत हुआ पुराना शहर

फूड वॉक का नेतृत्व मनीष मेहरोत्रा ने किया। उन्होंने चौक की संकरी लेकिन ऐतिहासिक गलियों, जैसे अकबरी गेट और गोल दरवाजा में समूह का मार्गदर्शन किया। यात्रा की शुरुआत 'चावल वाली गली' से हुई, जहां सदस्यों ने केवल स्वाद ही नहीं चखा, बल्कि पारंपरिक भारतीय ब्रेड बनाने की कला का प्रत्यक्ष अनुभव भी लिया। इसके बाद शौकीनों का यह कारवां 'नेक सलमान' की दुकान पर पहुंचा, जहां के केसरिया शीरमाल ने सभी को प्रभावित किया। इसके बाद 'उमर' की मशहूर पुदीना रोटी और तंदूरी रोटी के अनूठे स्वाद की चर्चा हुई। सफर का समापन 'रोशन राम मिष्ठान भंडार' पर हुआ। आयोजन में शेख तारिक, नसरीन हामिद, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कपूर समेत कई लोग शामिल हुए।

## सुर-ताल और कला की 'दस्तक'

■NBT न्यूज़, लखनऊ: शहर के सबसे प्रतिष्ठित और छात्रों द्वारा ही संचालित युवा महोत्सव 'दस्तक' के 19वें सीजन का बिगुल बज चुका है। इस वर्ष यह महोत्सव अपने सफर के गौरवशाली 18 वर्ष पूरे कर रहा है। दस्तक टीम की प्रमुख वीना राणा ने बताया कि दस्तक अब आधिकारिक तौर पर 'बालिग' हो गया है। यह यात्रा इतनी भावनात्मक रही है कि जो बच्चे कभी तीन-चार साल की उम्र में इस मंच से जुड़े थे, वे आज इसके आयोजक बन चुके हैं। कई पूर्व प्रतिभागी आज जज, प्रोफेसर, पत्रकार और अभिनेता के रूप में स्थापित हैं, जो हर साल अपनी जड़ों की ओर लौटते हैं।

10 से 12 तक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में होगा महोत्सव

इस वर्ष यह महोत्सव 10 से 12 फरवरी तक गोमतीनगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस बार की थीम 'प्रकृति, पर्यावरण और हमारा उत्तर प्रदेश' रखी गई है, जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, युवा क्लब और इको-टूरिज्म के सहयोग से धरातल पर उतारा जा रहा है। महोत्सव को तीन चरणों में बांटा गया है, जिसकी शुरुआत 26 जनवरी से कॉलेज संपर्क राउंड के साथ हो चुकी है। मुख्य आयोजन के बाद 13 से 20 फरवरी तक फिल्म क्लब, नेचर वॉक और सोशल मीडिया कैंपेन चलाए जाएंगे, जबकि 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान और प्रमाण पत्र वितरण समारोह होगा।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
शिक्षक

CIS Balaganj is looking for dedicated and passionate teachers for Pre-Primary Section. Mail your CV to balaganj.cisseducation@gmail.com or whatsapp on 8299012816

REQD- Teacher for SST,Eng, Math Chem, Bio (IX-XII) and Home tutors for all classes Spectrum Tutorial Lulu Mall Lko-6306782225, 7703979812

ST John Bosco College Vivek Khand-3 Gomtinagar PGT teachers Required for English, Bio, Physics, Geography, History, Psychology & Pol. Science for teaching upto ICSE & ISC Classes. Primary Teachers also Apply for new session.

REQD Female B.Ed/ others Teachers for English Accounts Fine Arts Pre Primary St. Anjani's Public School, F- Blk Rajaji Puram Lko Email cv: recruitmentsaps7@gmail.com , 05224021188

BRIGHT WAY COLLEGE
(Affiliated to CBSE)
SECTOR-H, JANKIPURAM LUCKNOW
RECRUITMENT FOR ACADEMIC SESSION 2026-27
Seeking trained professionals, fluent in English, minimum 5 years of experience in reputed schools / colleges for the posts mentioned below.
INCHARGE PRE-PRIMARY/ PRIMARY- Pay Scale: 40K
INCHARGE VI-VIII - Pay Scale: 50K
INCHARGE IX-X - Pay Scale: 50K-60K
INCHARGE XI-XII - Pay Scale: 70K-90K
PRE-PRIMARY AND PRIMARY TEACHERS- Graduate with B.Ed. Pay Scale: 25K - 30K
CLASS VI TO VIII ALL SUBJECTS Post Graduate in teaching subject & B.Ed. with relevant experience Pay Scale: 40K
CLASS IX-X ALL SUBJECTS Post Graduate in teaching subject & B.Ed. with relevant experience Pay Scale: 40K - 50K
CLASS XI-XII COMMERCE & SCIENCE STREAM ALL SUBJECTS Post Graduate in teaching subject & B.Ed. with relevant experience Pay Scale: 50K-70K
SPORTS TEACHER- FEMALE Specialization- Basket Ball, Football, Tennis etc.
ACTIVITY TEACHERS Music (Western), Dance (Indian/Western)
NON TEACHING STAFF Lady P.A. to Directress Pay Scale: Negotiable
Counsellor- Pay scale (Negotiable) Receptionist (Female), P.R.O.- Pay Scale: (Negotiable)
Technical Staff Expert Camera person for smart classes VDO Editor & Anchor (Pay scale negotiable)
Gaurd, Peon, Lab Asstt., Aaya & Sweepress also required Pay Scale - (Negotiable)
Contact: Principal Timing- 9.00AM - 11.00 AM

सामान्य

MODERN ACADEMY
Affiliated to ICSE & ISC, New Delhi An ISO 9001:2000 Certified School
Head Office- Viram Khand-5, Gomti Nagar, Lko.
modernacademy@gmail.com
If you are well qualified, empathetic, innovative & enthusiastic with excellent communication skills and subject knowledge, we invite you to join us in the new session commencing April 2026
1. ISC (Classes XI & XII) Mob: 8127388404
PGT (With 10yrs experience) (a) English (b) Mathematics (c) Biotech (Full Time)
Timings-7.15 am to 2.30 am
Salary - Rs. 50000/-
2. ICSE (Classes IX & X) Mob: 8127388405
PGT (a) English (b) Physics (c) Biology
Timings-7.15 am to 2.30 am
Salary - Rs. 40000/-
3. Middle School (Classes VI – VIII) M: 8601337861 / 9415014235
TGT / PGT (a) English & History (b) Physics & Mathematics (c) Biology & Chemistry (d) Hindi & Sanskrit (e) Computers & Robotics (f) Geography
Timings-7.15am to 2.00 pm
Salary - Rs. 32000/-
4. Primary Wing (Classes I – V) M: 7800332007 / 8935580610
TGT (Lady Teachers only) (a) English & Social Studies (b) Science & Mathematics (c) Hindi (d) Art (e) Computers
Timings-7.15am to 2.00 pm
Salary - Rs. 30000/-
5. Pre Primary Wing (Classes Montessori, Nursery & KG) Mob: 7897646010
NTT / B.Ed. Mother teachers with a flair for Art
Timings-7.15am to 2.00 pm
Salary - Rs. 30000/-
6. Inspectress (Classes V – VIII) M: 8601337861 / 9415014235
English PGT (with 10 yrs relevant exp) Must be able to teach English at ICSE & ISC level
Timings-7.15am to 2.20 pm
Salary - Rs. 40000/-
7. Tele-Callers M: 8127388407, 8127388408
With ability to communicate well in both English and Hindi
Timings- 10 a.m. – 5 p.m.
Salary- Rs. 12000 + Incentive

RAMA Mahavidyalaya requires teachers for arts (BA), BBA, BCom, BCom(H), MCom, BCA, Education (B.Ed., M.Ed.), Admission Counsellor. M: 9696-066634, E: rpgcjobs@gmail.com

MEDHA GLOBAL SCHOOL
Mansarovar Yojna (L.D.A.), Lucknow
Email- medhaglobal.info@gmail.com
Website- medhaglobalschool.com
Call: 0522-4594683, +91 9510067888
INVITES APPLICATIONS FOR THE FOLLOWING POSTS
1. Office Clerk/Computer Operator Qual: Computer knowledge with 2 yrs exp. Preference educational institution.
2. Teacher Pre-Primary (Classes Play Group, Nur. & KG) (Lady teachers only) Young and energetic graduates
3. Teacher Primary (Classes I to V) TGT/B.Ed (Lady Teachers only) (a) English & Social Studies (b) Science (c) Maths & Computer Application (d) Music & Dance (e) Sports
Salary- Commensurate with Experience
Timing - 7:15 a.m. to 2:00 p.m.

चिकित्सा
चिकित्सा

RECEPTIONIST / Cardiac technician,Nurse Full time ,Salary Accd. qual. D-16 Nirala Nagar, Dr. Akhil Mehrotra 7352271272, 9415063132

अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां

JOB Openings at Shalimar Jewels Lucknow We are seeking skilled professionals for the following positions: Sales Executives (Male/ Female)- Back Office Executive- Accountant- Store Manager- Inventory Manager If interested, please contact us at: Phone: 8528194995 Email: Shalimarjewels@rediffmail.com

AMAN Enviro requires 1. HR Executive – Diploma HR or Experience PF, ESI, Labour Returns 2. ETP / RO Incharge/ Operator - B.Tech / BSc. (UP, Bihar, Odisha) 3. Marketing Executive -MBA E: cvamanenviro@gmail.com , W: 9451554798

पार्ट टाइम जॉब

GOLDEN Chance- Managers req.in MNC.Sal:30K-75K. Housewives,Rtd person,Lko resdnt pref. Vikaskhnd, nr dayal xing. Gomtingr.9580451900,9532098848

MNC Co. mai Part Time Job Golden chance for Retired persons / H.wife age- 50 to 75, Salary 20K- 65K, Gmt.Ngr. 8707614557, 9336895189

रिक्त पद

REQ. Welder Foreman having Welding Exp. in Heavy Piping Industry Shipyard for Welding Training Institute in Aliganj lucknow #9335716705

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

सूचना
... सीता देवी पत्नी राजनारायण सिंह ...

NOTICE
I, Sharma Pooja is legally wedded spouse of No. 15202229N Rank HAV(DMT) Name Sharma Bhupendra Kumar Unit 95 Fd Regt. C/o 56 APO R/o Baldev Bhai Patel Ki Chali, Ronak Nagar, Hatkeshwar Amraiwadi, Ahmedbad, Gujrat-380026. By mistake my husband service record, my name is wrongly written as Sharma Pooja but correct Name is Pooja Bhupendra Sharma for all future purposes.

NOTICE
I, No. 15202229N Rank HAV(DMT) Name Sharma Bhupendra Kumar Unit 95 Fd Regt. C/o 56 APO R/o Baldev Bhai Patel Ki Chali, Ronak Nagar, Hatkeshwar Amraiwadi, Ahmedbad, Gujrat-380026. By mistake in my service record, my daughter name is wrongly written as Sneha but correct Name is Sneha Bhupendra Sharma for all future purposes.

NOTICE
I, No. 15202229N Rank HAV(DMT) Name Sharma Bhupendra Kumar Unit 95 Fd Regt. C/o 56 APO R/o Baldev Bhai Patel Ki Chali, Ronak Nagar, Hatkeshwar Amraiwadi, Ahmedbad, Gujrat-380026. By mistake in my service record, my Son name is wrongly written as Yash but correct Name is Yash Bhupendra Sharma for all future purposes.

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
लखनऊ

1243 sqft LDA North facing main divider 24 MT road near patrakar crossing Gomti Nagar Lko plot for sale. Brij property-9415019850,7706056789

FOR sale freehold plot 5000 sqft located at Prem Nagar Sapru Marg Lucknow Behind Parampara Sweets Contact: 9956999444.

INDIRA Nagar Sec-21 1378 Sqft. House, Price- 1.35 Cr. // Penthouse Vrindavan Raebareli Road 2400 Sqft. 3 BHK, 2 car parking+servant+terrace Price- 1.40 Cr. # 9839265511

LDA 1743' Double Story New House West Park 9 Mt Rd Jankipuram Ext Sect- 2-Lko Nr LU CAMPUS-Brij Properties 7706056789,9415019850

3200 Sqft Registered Corner Plot, East Facing on 12/18m road, close to outer Ring Road V.Prime Location in Omaxe Metro City Raebareli Road. Price 2 cr. Cont: 9598989898

NEW Hyderabad Luxury Flat LDA approved Prime location is available for Sale/Rent. Contact Ph: 9369821734, 9044777085

3BHK House Suitable for Commercial use on 24 Mtr. Road near CMS Sector-O Aliganj, Lucknow, Plot 2000 Sqft. Built 1200 Sqft. # 9839544487

बिक्री के लिए प्लॉट्स

COMMERCIAL corner plot 14270 SF in Vrindavan Yojna, Upcoming IT city area. Front road 30M call 7007399698

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज
वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

COMMERCIAL space 1250 sqft for 2nd /3rd Floor, Terrace 2800 sqft with ample parking space, Vikas Nagar, Kursi road for Sale & Rent. # 9044430007

किराये के लिए
लखनऊ

FOR Rent: Lalbagh Prime Location Commercial Space For Showroom/ Office Etc. Ground Floor 2000 Sqft And First Floor 2000 Sqft At 3, Quinton Road, Lalbagh, Luckow, Cont: 9161111102

1100 sqft. furnished space for silent office/godown with powerbackup, Ac, workstations Rent-20000 Vipulkhand-6 Gomti Nagar # 9598989898

TIMES interact
TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662 Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrashekhar Sinha - 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN
Print Radio Digital

ARCADE
education
ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

PROPERTY FOCUS TIMES interact
THINK GROWTH. THINK GOA.
270 SQ. YDS. WATERFRONT PLOTS @30,000 SQ. YDS.
93-1122-8485

TIMES interact SPECIAL
UNIVERSITY FOR SALE
(Hills of NORTH INDIA)
UGC and State Govt. Approved University in Hills with nature surroundings and having excellent connectivity via Road and Air.
→ University Act passed in August 2025.
→ Clear Title under Trust & No Loan.
→ Land Area : Approx. 10 Acres.
→ Covered Area : 80,000 sq. ft.
→ Hostel under construction.
Only interested parties may Contact or Email on +91 86793 39066 (WhatsApp Available).
Email : connectingwidleads@gmail.com

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GET NOTICED TIMES interact
Fashionista Exhibition
ONLY TODAY
8 Feb Sunday
Clarks Avadh
11 am - 9 pm | FREE ENTRY
858585 7816
fashionista.exhibition
Elite Designers from all over India
Apparel • Accessories • Jewellery • Decor • & More

TIMES interact
ROL sample ad 5 lines
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY » SERVICE
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL
Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662 Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

### कोर्ट की फाइल लेकर पहुंचे वकील ने नायब तहसीलदार व पेशकार पर लगाया रिश्वतखोरी का आरोप, कहा...

# आदेश के बाद भी नहीं कर रहे दस्तखत

■ टीम NBT, लखनऊ



सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक अधिवक्ता नायब तहसीलदार कोर्ट की एक फाइल लेकर सभागार में पहुंच गए। अधिवक्ता ने पटल पर डीएम के सामने फाइल रखते हुए कहा कि साहब देखिए, आदेश पारित होने के बावजूद नायब तहसीलदार इस पर दस्तखत नहीं कर रहे हैं। कोर्ट की फाइल एक अधिवक्ता के हाथ में देख डीएम ने नाराजगी जताई और मामले के जांच के आदेश दिए। इस दौरान वकीलों के एक गुट ने नायब तहसीलदार व पेशकार पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया तो दूसरे गुट ने उनके आरोपों को निराधार बताया।

**आरोपों को लेकर वकीलों के दो गुट भिड़े, एक ने आरोप लगाया, दूसरे ने समर्थन किया**

सरोजनीनगर तहसील में शनिवार को डीएम विशाख जी ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इसी दौरान एक अधिवक्ता नायब तहसीलदार की अदालत से एक मुकदमे से संबंधित फाइल लेकर डीएम के पास पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में आदेश पारित होने के बावजूद नायब तहसीलदार फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए नायब तहसीलदार से कोर्ट की फाइल बाहर आने को लेकर सवाल किया। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने नायब तहसीलदार को फटकार लगाई और निलंबन की चेतावनी दी। हालांकि उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश एसडीएम को दिए हैं। उसके बाद सरोजनीनगर तहसील बार असोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह और महामंत्री राजेंद्र यादव के नेतृत्व में अधिवक्ता पहुंचे और डीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए नायब तहसीलदार और उनके पेशकार सुरेश कुमार पर रिश्वत लेकर मामलों के निस्तारण करने का आरोप लगाया। वहीं, सरोजनीनगर बार असोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और महामंत्री गोविंद शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के दूसरे गुट ने डीएम से मुलाकात कर अधिकारियों के पक्ष में पत्र देकर आरोपों को बेबुनियाद बताया। अधिवक्ताओं ने उपनिबंधक कार्यालय में अवैध वसूली, एसडीएम न्यायालय में नियमित कर्मचारियों की तैनाती, लेखपाल-कानूनगो की अनियमित उपस्थिति समेत अन्य शिकायतें भी डीएम से कीं।

**डीसीपी साउथ को सौंपी जांच :** बिजनौर के माती स्थित दुर्गा खेड़ा निवासी बुजुर्ग सुंदरलाल और उनकी पत्नी रूपरानी ने 2014 में उनकी भूमि गाटा संख्या 206 के फर्जी बैनामे, बाद में दबाव में कराए गए एग्रीमेंट, बैंकिंग धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ितों की शिकायत पर डीएम ने डीसीपी (दक्षिणी) को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, कुरौनी ग्राम पंचायत के प्रधान संतोष यादव की शिकायत पर फोरनसी कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर कब्जा कर किराया न देने के मामले में जिलाधिकारी ने मौके पर रखी सामग्री को तत्काल सीज करने के आदेश दिए हैं।

**167 प्रकरण का किया गया निस्तारण :** संपूर्ण समाधान दिवस पर विभिन्न तहसीलों में 727 प्रकरण आए, जिनमें से 167 मामलों का निस्तारण किया गया। तहसील सरोजनीनगर में डीएम ने 84 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करवाया। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस के 77, राजस्व एवं पुलिस का एक, राजस्व के 385, विकास के 60, शिक्षा के 3, स्वास्थ्य के 3, समाज कल्याण के 16, नगर निगम के 3 और अन्य विभागों से जुड़े 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं।

**किस तहसील में कितने मामलों का निस्तारण**

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारण |
|---|---|---|
| सरोजनीनगर | 295 | 84 |
| सदर | 80 | 08 |
| मलिहाबाद | 88 | 09 |
| बीकेटी | 130 | 33 |
| मोहनलालगंज | 224 | 33 |

**लेखपाल हटाए गए, राजस्व निरीक्षक को नोटिस**

सरोजनीनगर के बहिमऊ गांव के एक शिकायतकर्ता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आदेश के बावजूद लेखपाल ललितेश और राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश ने आईजीआरएस पर शिकायत के बाद अवैध कब्जा नहीं हटवाया। इसके बावजूद निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लगा दी। डीएम ने लेखपाल को तहसील से हटाकर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी की है। इसके अलावा जिन मामलों का शनिवार को निस्तारण नहीं हुआ, उनमें एक सप्ताह के भीतर जांच अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

## वोटर लिस्ट में शामिल हुए 8,154 मतदाता

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

राजधानी में SIR के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करने के साथ ही मतदाताओं के आवेदनों को भी निस्तारित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय की टीम ने पिछले एक महीने में 8,154 नए वोटरों को वोटर लिस्ट में शामिल किया है। सियासी दलों के 12,122 बीएलए वोटरों से उनकी जरूरत के अनुसार आवेदन भी करवा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने बताया कि सूची पर दावे और आपत्तियां निस्तारित करने के साथ ही वोटरों की ओर से किए जा रहे आवेदनों को भी निस्तारित कर वोटरों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल किए जा रहे हैं।

## मिर्गी पर सर्जरी से काबू पाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अपोलो मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मिर्गी से पीड़ित 31 साल की महिला की कामयाब सर्जरी की है। मरीज कई साल से मिर्गी के गंभीर दौरों से जूझ रही थी। सर्जरी के बाद अब उनके दौरे खत्म हो गए हैं।

अपोलो मेडिका हॉस्पिटल में निदेशक न्यूरोलजी डॉ. प्रवीण शर्मा की देखरेख में मरीज की सारी जांचें की गईं। जांच में सामने आया कि मिर्गी की परेशानी दिमाग के दाहिने हिस्से के एक खास हिस्से से जुड़ी हुई है। इसके बाद न्यूरोसर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव ने मिर्गी ट्रीटमेंट के जरिए सटीक सर्जरी की। चार दिन अस्पताल में रखने के बाद कम दवाओं के साथ उन्हें शनिवार को छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज को बचपन से ही मिर्गी के दौरे पड़ते थे।

## खाली प्लाट में कूड़ा डाला, 20 हजार जुर्माना

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नगर निगम की टीम ने शनिवार को खाली प्लॉटों में कूड़ा जाने पर सख्ती बरती। टीम ने आसपास के इलाकों से अवैध तरीके से लाकर कूड़ा को शहर के सीमावर्ती इलाकों में फेंके जाने की सूचना पर कार्रवाई की। नौबस्ता, देवा रोड पर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा और चेतावनी के साथ 20 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला। वहीं, निगम की ओर से टीम ने शहर के अन्य इलाकों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। केशव नगर मोड़ पर गंदगी फैलाने के आरोप में 11 और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर 7 दुकानदारों के चालान काटते हुए 17,050 रुपये का जुर्माना लगाया।



## मोहनलालगंज : हंगामे के बीच 33 मामले निस्तारित

मोहनलालगंज तहसील में उप निबंधन कार्यालय भवन को तहसील मुख्यालय से हटाकर अन्यत्र भूमि चिह्नित किए जाने से नाराज मोहनलालगंज तहसील बार असोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में हंगामा किया। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहीं एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम को मांग पत्र भी सौंपा। अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय भवन को तहसील मुख्यालय से 7 किमी दूर जेल रोड पर स्थित मोहारी के पास बनाए जाने की मांग की। कुछ देर बाद भारतीय किसान यूनियन हरिनाम गुट के कार्यकर्ता नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंच गए और मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की मांग की। एडीएम के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी शांत हुए। एडीएम ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का उपस्थिति रजिस्टर मंगा कर देखा तो कई विभागों के अधिकारी गायब मिले। जिस पर उन्होंने एसडीएम से अनुपस्थित अधिकारियों का लिखित स्पष्टीकरण मांगने को कहा है। एडीएम आपूर्ति ने 33 शिकायतों का निस्तारण करवाया।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**विशाल खण्ड शाखा**
4/28, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
फोन: 0522-2301518
ईमेल: vjvikh@bankofbaroda.com

**अधिग्रहण सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **बैंक ऑफ बड़ौदा** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गई थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणकर्ता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणकर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उक्त अधिनियम के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का अधिग्रहण ग्रहण कर लिया गया है।

ऋणकर्ता/जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय **बैंक ऑफ बड़ौदा** की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा, जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

ऋणकर्ता को सचेत किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षित परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) का प्रावधान उपलब्ध समय में करें।

| क्र सं | खाताधारक/जमानतकर्ता का नाम व पता/ मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि | अचल सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणकर्ता: श्री अमित सिंह पुत्र दिनेश प्रताप सिंह** निवासी (i) बी4/203, आकाश एन्क्लेव, सेक्टर-6, शनि मंदिर के पास, वृन्दावन योजना, लखनऊ-226029 एवं (ii) फ्लैट नंबर 8/बी6 एफ-2 स्थित बसेरा-1 (ईडब्ल्यूएस) सेक्टर-8, अवध विहार योजना, लखनऊ- 226010 **जमानतकर्ता: श्री दिनेश प्रताप सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह** निवासी मकान नंबर 317 ग्राम लालपुर बाबा, झामदास कुटी, लखनपुर, अमेठी- 227809 **मांग सूचना की तिथि:- 01.09.2025, अधिग्रहण की तिथि:- 05.02.2026** | साम्पिक बंधक आवासीय फ्लैट सं. 8/बी6 एफ-2 स्थित बसेरा-1 (ईडब्ल्यूएस) सेक्टर 8, अवध विहार योजना लखनऊ। **क्षेत्रफल: 37.35 वर्ग मी0। चौहद्दी: पूरब:** फ्लैट सं. 8/बी6 एफ-05, **पश्चिम:** फ्लैट सं. 8/बी6 एफ-03, **उत्तर:** फ्लैट सं. 8/बी6 एफ-01, **दक्षिण:** फ्लैट सं. 8/बी7 एफ-01 | रु. 5,19,056.90 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

दिनांक:- 08.02.2026, स्थान:- लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा


### फटाफट खबरें

#### एआई-डिजिटल मेंटल हेल्थ पर हुई बात

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बाबा एजुकेशनल सोसायटी की ओर से शनिवार को 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता: कलंक से सोशल मीडिया एडिक्शन तक' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे विशेषज्ञों ने एआई और डिजिटल मेंटल हेल्थ जैसे संवेदनशील विषय पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि डॉ. सार्थक दवे एवं विकास चौधरी ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अर्चना चौहान ने की, जिन्होंने नर्सिंग शिक्षा में शोध व नवाचार पर बल दिया। वैज्ञानिक सत्रों में टेलि-साइकियाट्री, इमोशनल मैच्योरिटी, एआई एवं डिजिटल मेंटल हेल्थ जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

#### स्कूल बंदी पर केंद्रित होगा SFI सम्मेलन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) उत्तर प्रदेश का 17वां राज्य सम्मेलन शुक्रवार को जवाहर नेहरू युवा केंद्र, लखनऊ में हुआ। 11 वर्षों बाद लखनऊ में आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में 16 जिलों से विश्वविद्यालय और कॉलेजों के छात्र प्रतिनिधि शामिल हुए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए SFI के पूर्व राज्य सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार सरकारी स्कूलों की बंदी और प्राथमिक विद्यालयों के विलय से गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इस दो दिवसीय सम्मेलन में छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर आगे की रणनीति और संघर्ष की दिशा तय की जाएगी। मौके पर आदर्श एम. साजी, आइशी घोष मौजूद थीं।

#### कांग्रेसियों ने घेरा हुसैनगंज थाना

■ NBT न्यूज, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की गई। पार्टी के आक्रोशित सदस्यों ने शनिवार को हुसैनगंज थाने में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने बताया कि 3 फरवरी को उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट देखी, जिसमें मनीष शुक्ला की आईडी से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की फोटो पोस्ट की गई। पोस्ट में प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अपमानित टिप्पणी की गई। पोस्ट से नाराज कांग्रेसियों ने हुसैनगंज थाना परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी पोस्ट करने वाले खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि तहरीर लेकर साइबर क्राइम सेल भेजी गई है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

#### थर्ड जेंडर की सामाजिक यात्रा पर चर्चा

■ NBT, न्यूज लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'फ्रॉम मार्जिन्स टू मेनस्ट्रीम: द जर्नी ऑफ थर्ड जेंडर' आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में देश से अलग अलग स्थानों से पहुंचे विशेषज्ञों ने थर्ड जेंडर की पहचान, अधिकार, सामाजिक स्वीकृति, विधिक संरक्षण तथा मुख्यधारा में समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श किया। संयोजक डॉ. श्वेता त्रिवेदी ने सेमिनार प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए दोनों दिनों के सत्रों और निष्कर्षों को बताया। विशेष अतिथि नाज फाउंडेशन इंटरनैशनल के निदेशक आरिफ जफर ने हाशिए पर खड़े समुदायों के सशक्तिकरण में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।




**केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
द्वितीय तल, विश्व युवक केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021
फोन 011-21410905

**रिक्ति घोषणा**

केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी (सीएमएसएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW), भारत सरकार की केंद्रीय अधिप्राप्ति संस्था पात्र भारतीय नागरिकों से प्रतिनियुक्ति/ संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

| क्र सं. | पद का नाम (प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर)* | पद की संख्या | पे स्केल (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) | मासिक वेतन (रु. में) (संविदा के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | संयुक्त निदेशक/ महाप्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन) | 01 | पे लेवल-12 (15600-39100) | 2,00,000/- + पीएफ |

** योग्य उम्मीदवार को प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर भर्ती किया जा सकता है, जो भी कार्य के लिए सबसे उपयुक्त हो। प्रतिनियुक्ति के आधार पर, अधिकारी को 'संयुक्त निदेशक' और संविदा के आधार पर अधिकारी को 'महाप्रबंधक' के रूप में नामित किया जाएगा।*

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 56 वर्ष तथा संविदा के लिए अधिकतम आयु 55 वर्ष है।

इच्छुक आवेदक विस्तृत विज्ञापन, आवेदन पत्र, सामान्य नियम और शर्तों के विवरण हेतु recruitment@cmss.gov.in को ई-मेल भेज सकते हैं अथवा सीएमएसएस वेबसाइट (cmss.gov.in) अथवा MoH&FW की वेबसाइट (mohfw.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं।

सीएमएसएस में 'भारतीय डाक' द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.03.2026 है।

विज्ञापन संख्या: Admn/RECT/3/2026-ADMIN-CMSS /dated 08.02.2026

महाप्रबंधक (प्रशासन)






विस्तृत वित्तीय परिणाम देखने हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें

ऐप | इंटरनेट बैंकिंग | शाखा

**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

₹ करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | केवल भारतीय स्टेट बैंक: 31.12.2025 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2025 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | स्टेट बैंक समूह: 31.12.2025 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2025 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौमाही की अवधि के लिए (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल परिचालन आय (अपवादात्मक मदों सहित) | 1,40,914.65 | 1,28,467.39 | 4,15,828.90 | 3,80,296.35 | 5,24,172.41 | 1,85,648.33 | 1,67,853.57 | 5,31,564.51 | 4,83,781.00 | 6,63,343.32 |
| 2 | इस अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर-पूर्व, अपवादात्मक तथा/अथवा असाधारण मदें) | 28,355.47 | 22,639.75 | 76,051.54 | 70,426.92 | 95,271.27 | 30,066.71 | 25,566.40 | 84,925.90 | 79,468.48 | 1,06,365.30 |
| 3 | इस अवधि के लिए कर-पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 28,355.47 | 22,639.75 | 80,644.76 | 70,426.92 | 95,271.27 | 30,066.71 | 25,566.40 | 87,952.47 | 79,468.48 | 1,06,365.30 |
| 4 | इस अवधि के लिए कर-पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक तथा/ अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 21,028.15 | 16,891.44 | 60,348.26 | 52,258.04 | 70,900.63 | 21,317.11 | 18,853.16 | 63,655.91 | 57,960.88 | 77,561.34 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 923.06 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 923.06 | 892.46 | 892.46 |
| 6 | आरक्षित निधियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर) जिस प्रकार पिछले वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र में दर्शाई गई | | | | | 4,12,914.04 | | | | | 4,58,788.68 |
| 7 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 1 रुपए के अंकित मूल्य के) (चालू एवं बंद परिचालनों के लिए) (₹) (नौमाही आंकड़े वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| | मूल : | 22.78 | 18.93 | 66.27 | 58.55 | 79.44 | 23.09 | 21.12 | 69.90 | 64.95 | 86.91 |
| | डाइल्यूटेड: | 22.78 | 18.93 | 66.27 | 58.55 | 79.44 | 23.09 | 21.12 | 69.90 | 64.95 | 86.91 |
| 8 | अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि के लिए कर-पश्चात लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय कर-पश्चात सहित) | संदर्भ के लिए नोट संख्या 2 देखें | | | | | | | | | |
| 9 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 1,04,079.54 | 79,115.60 | 79,115.60 |
| 10 | निवल मालियत | 4,73,678.72 | 3,84,399.52 | 4,73,678.72 | 3,84,399.52 | 3,89,071.49 | | | | | |
| 11 | कर्ज इक्विटी अनुपात | 0.58 | 0.70 | 0.58 | 0.70 | 0.68 | | | | | |
| 12 | बकाया मोचनीय अधिमानी शेयर | - | - | - | - | - | | | | | |
| 13 | पूंजी मोचन आरक्षित निधि | - | - | - | - | - | | | | | |
| 14 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | - | - | - | - | - | | | | | |
| 15 | बकाया कर्ज | 6,35,706.86 | 7,09,135.25 | 6,35,706.86 | 7,09,135.25 | 5,63,572.52 | | | | | |

नोट:
1. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 और विनियम 52 के अंतर्गत शेयर बाजार को प्रस्तुत किए गए तिमाही/नौमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं। तिमाही/नौमाही वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप शेयर बाजार की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर उपलब्ध है।
2. कुल व्यापक आय और अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है क्योंकि इंड-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं किया गया है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07.02.2026

बोर्ड के आदेशानुसार
चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी
अध्यक्ष

भारतीय स्टेट बैंक, कॉर्पोरेट केंद्र, मैडम कामा मार्ग, मुंबई - 400 021 हमें फॉलो करें

## फटाफट खबरें

### 18 मार्च को मनाया जाएगा नववर्ष महोत्सव

■ NBT न्यूज, लखनऊ: भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास की शनिवार को हजरतगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई बैठक में 18 मार्च को नववर्ष महोत्सव एवं मां नवदुर्गा शोभायात्रा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में मनोनीत पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। अभिषेक खरे के संयोजन में हुई बैठक में नववर्ष महोत्सव में इस बार युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इसके लिए भारतीय संस्कृति पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य, गायन और नाटक आदि की प्रस्तुतियां की जाएंगी।

### जड़ी बूटियों की पहचान की दी जानकारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लोक जीवन फाउंडेशन की ओर से दुबग्गा स्थित हिंदी मीडिया सेंटर में आरोग्य पाक-शाला का आयोजन किया गया। जिसमें वैद्यराजों ने शुद्ध आहार, जड़ी-बूटियों की पहचान और उनके औषधीय उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व अपर महानिदेशक पीआईबी अरिमर्दन सिंह के साथ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य वैद्य पुनाराम पवार, अनंतलाल चौधरी, भगवानदास कुशवाहा, सीतू राजा और केशवदास यादव ने किया। संस्था के संस्थापक डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में लोगों ने नाड़ी परीक्षण कराया और आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन कर स्वास्थ्य में राहत का अनुभव भी साझा किया। इस दौरान सुमन गुप्ता, केके चौधरी और सीतापुर के कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

### '24मी. चौड़ी सड़कों पर व्यावसायिक निर्माण संभव'



■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा मुंशी पुलिया स्थित ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की मांग पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों को 'मिक्स लैंड यूज' और 'ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट' योजना की बारीकियों से अवगत कराना था। आवास आयुक्त बलकार सिंह के निर्देश पर मुख्य वास्तुविद संजीव कश्यप और उनकी टीम ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि अब 24 मीटर चौड़ी सड़कों पर व्यावसायिक निर्माण संभव होगा, जबकि टीओडी योजना के तहत 12 मीटर चौड़ी सड़कों पर भी जोनिंग नियमों के अनुसार व्यावसायिक गतिविधियां की जा सकेंगी। नियमों को लचीला बनाते हुए अब चार प्लॉटों को जोड़कर भी आवासीय व व्यावसायिक निर्माण की अनुमति दी गई है, बशर्ते परिषद से नक्शा पास कराया गया हो। इस दौरान संजय गुप्ता, प्रमोद कुमार पवन जायसवाल, अनिरुद्ध निगम मौजूद थे।


# शाक-भाजी से बनाया राम दरबार, फूलों से किया जलपरी का शृंगार

## जनभवन में फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में दूसरे दिन भी उमड़ी लोगों की भीड़

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जनभवन में आयोजित तीन दिवसीय फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में शनिवार को दूसरे दिन लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी ग्राउंड में प्रवेश द्वार पर भूरे और हल्के आसमानी रंग के सफेद फूलों की मछलियों के बीच नीले गाउन और क्रीम कलर की ड्रेस संग सिर पर लाल बालों में तैयार की मुद्रा में खड़ी जल परी के स्टैच्यू ने लोगों को खूब लुभाया। चंद कदम पर हाथों में बांसुरी थामे मैदा सहित अन्य फूल व पत्तियों से बनी कृष्ण की मुद्रा, गोवर्धन पर्वत, क्रोशिया मिसाइल, लौकियों की ओर से शाक-भाजी से बनाए गए राम दरबार, केला बना मंडप आकर्षण का केंद्र रहा।

### जलपरी और गोवर्धन पर्वत के साथ सेल्फी

प्रदर्शनी में दूसरा दिन फूलों के नाम पर रहा। रंग-बिरंगे फूलों से पूरा मैदान गुलजार था। लोग फूलों से बने गोवर्धन पर्वत, कृष्ण मुद्रा, जलपरी, सी शेल, समुद्री घोड़ा, चिड़िया आदि आकृतियों के साथ सेल्फी और वीडियो बनाते नजर आए। वहीं, मैदान पर रेलवे सहित विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में सन फ्लोवर सहित विभिन्न प्रजाति के फूलों को सेल्फी में कैद किया।



### नीलकंठ आलू और कद्दू ने खींचा ध्यान

शाक-भाजी स्टाल पर विभिन्न प्रजातियों के रखे आलू के बीच काले रंग का नीलकंठ आलू आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही स्टाल पर बड़े आकार के कद्दू और डिगरी, बटन, मिल्की आदि मशरूम की विभिन्न वैराइटीज ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। लोग कद्दू के साथ सेल्फी और वीडियो भी बनाई। प्रदर्शनी ग्राउंड के पास लगे झूलों पर बच्चों की खूब भीड़ उमड़ी।

### बच्चों की किताबें खूब बिकीं

प्रदर्शनी में बुक स्टॉल लगाने वाली सुनीता गुप्ता ने बताया कि किताबों की बिक्री ठीक चल रही है। सबसे ज्यादा बच्चों की कार्टून आधारित शिक्षाप्रद कहानियों वाली किताबें बिकीं। खाने के स्टॉल पर राबी के आटे से तैयार पौष्टिक नाश्ता और मैक्रोनी की वेराइटी का प्रदर्शन किया गया। लोगों ने इन पौष्टिक नाश्ता और मैक्रोनी को खूब पसंद किया।

# अग्निवीर भर्ती रैली में दिखाया दमखम



क्लर्क/स्टोरकीपर तकनीकी श्रेणी के लिए हुए शामिल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आयोजित भर्ती रैली के दूसरे दिन 13 जिलों के 874 अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (एसकेटी) श्रेणी के लिए रैली में दमखम दिखाया।

अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी के लिए 13 जिलों से 1103 अभ्यर्थियों को भर्ती रैली के लिए बुलाया पत्र भेजा गया था, जिसमें 874 (79.23%) अभ्यर्थियों ने इसमें हिस्सा लिया। 8 फरवरी को अग्निवीर तकनीकी श्रेणी के लिए भर्ती आयोजित की जाएगी, जिसमें औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, चित्रकूट, उन्नाव, बांदा और लखनऊ जिले के अभ्यर्थी शामिल होंगे। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) लखनऊ के तहत उत्तर प्रदेश के औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ शामिल हैं।

# '65% महिलाएं कैंसर गंभीर होने पर आती हैं'

## KGMU के गायनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के पहले स्थापना दिवस पर बोले विशेषज्ञ

■ NBT न्यूज, लखनऊ

नई जनरेशन के एमबीबीएस स्टूडेंट गायनी ऑन्कोलॉजिस्ट की तीन साल ट्रेनिंग में सिर्फ गायनी ऑन्कोलॉजी के एक्सपर्ट न बनें। बल्कि उन्हें रेडिएशन थेरेपी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और पैथोलॉजी विभाग से भी ट्रेनिंग हासिल करना चाहिए। तीन साल का कोर्स खत्म करने के बाद भी प्रैक्टिस कर करके अपनी स्किल को और बढ़ाते हुए शोध पर फोकस करना चाहिए। नए मैथेड के बारे में भी जानें। इनमें रोबोटिक व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के अलावा ओपन सर्जरी की विधा का बेहतर ज्ञान होना चाहिए। ये बातें वीएमसी सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली की निदेशक डॉ. शालिनी राजाराम ने कही। वह शनिवार को ब्राउन हॉल में केजीएमयू के गायनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर अपनी बात रख रही थीं।

केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने कहा कि मेडिकल के हर क्षेत्र में नई तकनीक बेहतर संस्थान मददगार हो रही है। इसी तरह गायनी ऑन्कोलॉजिस्ट के स्टूडेंट्स का नया बैच भी अपनी विधा में बेहतर करेगा। केजीएमयू की गायनी आंकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. निशा सिंह ने बताया कि करीब 65 फीसदी महिलाएं कैंसर की गंभीर या अंतिम अवस्था में ही अस्पताल पहुंच रही हैं। इनमें सर्वाइकल और ओवेरियन कैंसर के मामले ज्यादा हैं। महिलाएं शुरुआती लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे बीमारी बढ़ जाती है। महिलाओं में सबसे ज्यादा स्तन कैंसर होता है, जबकि सर्वाइकल कैंसर दूसरे स्थान पर है। यूपी में कैंसर स्क्रीनिंग बेहद कम है। 30 से 49 साल की सिर्फ 1.5 प्रतिशत महिलाएं सर्वाइकल जांच करा रही हैं। कार्यक्रम में डॉ. असीमा मुखोपाध्याय, डॉ. निशा सिंह, डॉ. वीरेंद्र आतमदिन, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. अमिजीत कौर मौजूद रहे।



### 6 महीने की बच्ची को दिया नया जीवन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बलरामपुर अस्पताल में विशेषज्ञों की टीम ने शनिवार को जटिल सर्जरी कर 6 माह की बच्ची को नया जीवन दिया। बच्ची को सांस लेने में परेशानी और बार-बार उल्टी हो रही थी। बच्ची की हालत गंभीर हो गई थी। डॉक्टरों ने उसकी सफल सर्जरी की जिसके बाद अब वह खतरे से बाहर है।

बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टरों ने की सर्जरी

बच्ची जन्म से ही डायाफ्रामिक हर्निया (बायीं तरफ) से पीड़ित थी, जिसमें छोटी व बड़ी आंत सहित अन्य पेट के अंग छाती की गुहा में चले गए थे। इसके कारण बाएं फेफड़े का विकास नहीं हो पाया। जिसके कारण दायां फेफड़ा और हृदय दबाव में आ गए थे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि डॉ. अखिलेश कुमार ने सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी के दौरान डायाफ्राम की मरम्मत कर सभी पेट के अंगों को पुनः पेट की गुहा में स्थापित किया गया। वर्तमान में बच्ची वेंटिलेटर से बाहर है और उसकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। सर्जरी टीम में डॉ. एमके सिंह, डॉ. वैभव पांडेय, डॉ. अनिमेष कुमार शामिल रहे।

### 'नवजात का दर्द समझना और प्रबंधन बड़ी चुनौती'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU) के एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर विभाग ने शनिवार को स्थापना के 65 वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. अपराजिता कौर ने विभाग की शैक्षणिक और शोध यात्रा की सराहना की। प्रो. दिनेश कौशल ने कहा कि यह विभाग रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र की सफल यात्रा का साक्षी रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'पांचवां प्रो. एस. याज्ञिक ओरेशन' रहा। मुख्य वक्ता डॉ. अनीता मलिक ने बताया कि नवजातों में दर्द को समझना और उसका प्रबंधन करना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन आधुनिक तकनीकों ने इसे अब बेहद सुगम और सटीक बना दिया है।

### पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रति समाज और चिकित्सा कर्मियों को जागरूक करने के लिए क्वीन मैरी अस्पताल में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग अधिकारियों ने कैंसर जागरूकता पर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### 'स्वस्थ जीवनशैली से गैर-संचारी रोगों की रोकथाम संभव'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मोटापे और निष्क्रिय जीवनशैली को लेकर विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताई। शारीरिक सक्रियता के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन SPPAHCON-2026 का आयोजन किया गया।

संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक गैर-संचारी रोगों की रोकथाम संभव है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. एसडी कांडपाल ने नियमित शारीरिक गतिविधि को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। सह-आयोजन अध्यक्ष डॉ. भुवन ने संतुलित पोषण और सक्रिय जीवनशैली के संयुक्त महत्व पर बात की। आयोजन सचिव डॉ. सुमीत दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनमानस में शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।




## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)

वेबसाईट- https://lmc.up.nic.in एवं ई-मेल- nnlko@up.nic.in

संख्या 386/मु0अ0/2025–26 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 07.02.2026

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 20.02.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 19.02.2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 20.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइकेटर सेंसर होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी0एस0 टी0 | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत दयाल रेजीडेन्सी में म0सं0–ए–397 से आर्यन रेस्टोरेंट तक नाली, सड़क निर्माण कार्य। | 843970 | 84397 | एक माह | 844 | 152 | 996 |
| 2. | इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत दयाल रेजीडेन्सी में म0सं0–ए–451 सुरेन्द्र कुमार से मकान–ए–394 के सामने तक नाली, सड़क निर्माण कार्य। | 817822 | 81783 | एक माह | 818 | 148 | 966 |
| 3. | शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जागृति विहार में डी0के0 चौहान के मकान से इकबाल के अहमद के आगे तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 845400 | 84540 | एक माह | 846 | 153 | 999 |
| 4. | शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जागृति विहार में अभिषेक जयसवाल जी के मकान से राजेश श्रीवास्तव जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 835790 | 83579 | एक माह | 836 | 151 | 987 |
| 5. | शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अकबर नगर में मकान संख्या सी–27 यूनुस खान के मकान संख्या–सी–139 के पास तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 834279 | 83428 | एक माह | 835 | 151 | 986 |
| 6. | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत मतीन पुरवा में म0सं0–529क/375 के पास से इकबाल अलवी के मकान के पास तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 835184 | 83519 | एक माह | 836 | 151 | 987 |
| 7. | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत मतीन पुरवा में जफर के मकान से टेंडर केयर हॉस्पिटल मोड़ के पास तक बिटुमेन रोड, पटरी इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य। | 844053 | 84406 | एक माह | 845 | 153 | 998 |
| 8. | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत मतीन पुरवा में म0सं0–529क/250 के पास से डॉ0 एम0एस0 खान के मकान के पास तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 845144 | 84515 | एक माह | 846 | 153 | 999 |
| 9. | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत मतीन पुरवा में म0सं0–529क/250 के पास से मस्जिद के पास तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 818714 | 81872 | एक माह | 819 | 148 | 967 |
| 10. | मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत सी–ब्लॉक में म0सं0सी–452 से मकान–सी–230 तक पेवर द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 838842 | 83885 | एक माह | 839 | 152 | 991 |
| 11. | मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत सी–ब्लॉक में म0सं0 डी–109/7 से डी–444 तक साइड पटरी एवं नाली सुधार कार्य। | 228534 | 22854 | एक माह | 229 | 42 | 271 |
| 12. | इन्दिराप्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत बाल विहार कालोनी में मकान–372 से म0सं0–638/05 अखिलेश श्रीवास्तव के मकान होते हुए मकान–638/07 तक सड़क, नाली का सुधार कार्य। | 672812 | 67282 | एक माह | 673 | 122 | 795 |
| 13. | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–17 इन्दिरा नगर में म0सं0–17/932 से पार्क तक नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 833437 | 83344 | एक माह | 834 | 151 | 985 |
| 14. | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–17 इन्दिरा नगर में म0सं0–17/987 से मकान–17/979 तक नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 846966 | 84697 | एक माह | 847 | 153 | 1000 |
| 15. | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–17 इन्दिरा नगर में म0सं0–17/1000 से मकान–17/98 तक नाली एवं सीसी रोड का सुधार कार्य। | 831935 | 83194 | एक माह | 832 | 150 | 982 |
| 16. | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर म0सं0–25/36, म0सं0 21/1126, म0सं0 21/102, म0सं0 21/375, म0सं0 14/209 एवं 14/39 आदि के पास क्षतिग्रस्त कल्वर्ट व कवरिंग का कार्य। | 782861 | 78287 | एक माह | 783 | 141 | 924 |
| 17. | मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत सी–ब्लॉक में मकान–सी–1179 से म0सं0 संख्या–सी–1196 तक सड़क सुधार व पटरी इंटरलॉकिंग कार्य। | 830158 | 83016 | एक माह | 831 | 150 | 981 |
| 18. | मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत सी–ब्लॉक में महिला अस्पताल से रैन बसेरा मोड़ तक नाला निर्माण कार्य। | 840034 | 84004 | एक माह | 841 | 152 | 993 |
| 19. | शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अकबर नगर में मकान संख्या–बी–160 से म0सं0–सी–139 के पास तक सीसी रोड निर्माण व नाली सुधार कार्य। | 838352 | 83836 | एक माह | 839 | 152 | 991 |

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149न0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
02. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/कयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
05. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
06. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 209/कार्य-9/(26)/105 दिनांक 06.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से एक नग नलकूप के विकास एवं तत्सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.02.2026 से 16.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 09.02.2026 से 16.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 17.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 18.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 205/कार्य-9/(26)/103 दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से एक नग नलकूप निर्माण हेतु 300 मि.मी. एवं 200 मि.मी. व्यास के एम.एस.ई.आर.डब्लू. पाईप 7.1 मि.मी. मोटाई के तथा 300x200 मि.मी. साईज की नलकूप असेम्बली की आपूर्ति एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.02.2026 से 16.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 09.02.2026 से 16.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 17.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 17.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।


# स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 'संजीवनी' का काम करेगा AI : प्रो. धीमन

## PGI में हेपेटोलॉजी विभाग का 5वां स्थापना दिवस

■ NBT न्यूज, लखनऊ: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर, तेज व सटीक बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। एआई मरीजों के हित में एक उपयोगी औजार के तौर पर अपनाने की जरूरत है। डॉक्टरों, नीति-निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच बेहतर तालमेल हो, तो एआई मरीजों की देखभाल को और मजबूत बना सकती है। ये बातें पीजीआई के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन ने कही। वह शनिवार को पीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग के पांचवें स्थापना दिवस पर अपनी बात रख रहे थे। आईसीएमआर, एमआईआरडीएचडीएस और मीमांसा एआई के सहयोग से, 'क्लिनिकल एआई को कारगर बनाना, प्रौद्योगिकी, अभ्यास और नीति का समन्वय' विषय पर कार्यक्रम हुआ।

हेपेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर अमित गोयल और टेलीमेडिसिन विभाग के प्रोफेसर आरके सिंह के अनुसार इसका मकसद पीजीआई, आईसीएमआर, आईआईटी कानपुर और आईईटी लखनऊ के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया जाना है।



इससे शोध, तकनीक और इलाज को एक साथ जोड़कर एआई को अस्पतालों में सही तरीके से लागू किया जा सकेगा।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी एसओएम में मेडिसिन और बायोमेडिकल डेटा साइंस के प्रोफेसर और स्टैनफोर्ड हेल्थ केयर के मुख्य डेटा साइंटिस्ट डॉ. निगम एच शाह, डॉ. मोना दुग्गल, डॉ. हरीश कार्निक और डॉ. विनीत कंसल के अलावा अन्य ने भी अपनी बात रखी। सभी ने इस बात पर जोर दिया गया कि एआई उपकरणों को मरीजों के इलाज में इस्तेमाल करने से पहले उनका सही परीक्षण, डेटा की गुणवत्ता, नैतिकता और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है।


**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 207/कार्य-9/(26)/104 दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न QWS के अन्तर्गत विभिन्न वि0/यां0 कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 10.02.2026 से 16.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 17.02.2026 अपराह्न 01:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 17.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 204/कार्य-9/(26)/102 दिनांक 05.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से विभिन्न QWS के अन्तर्गत विभिन्न वि0/यां0 कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.02.2026 से 13.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 09.02.2026 से 13.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 16.02.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 16.02.2026 अपराह्न 04:00 बजे।



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक: 210/कार्य-9/(26)/106 दिनांक 06.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से नलकूप निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.02.2026 से 17.02.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग), यूनिट-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0 विंग) उत्तर प्रदेश जल निगम, फ्लैट नं0 आर0-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00 + 180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना:-**
**निविदा विक्रय की तिथि** - 09.02.2026 से 17.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।
**निविदा डालने की तिथि** - 18.02.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
**निविदा खोलने की तिथि** - 18.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे।


### राजा दाहिर सेन को किया याद



■ NBT न्यूज, लखनऊ: इंदिरा भवन स्थित उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी का 30वां स्थापना दिवस शनिवार को कार्यालय में राजा दाहिरसेन सभाकक्ष में हुआ। इस अवसर पर सिंधी साहित्यकारों की दृष्टि में वीर राजा दाहिर सेन विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता हुनीचन्द चंदानी ने कहा कि दाहिर सेन सिंध के अंतिम हिन्दू राजा थे, उनके समय में ही अरबों ने सर्वप्रथम 712 ई. में भारत पर आक्रमण किया था। मौके पर पटेल दास हीरवानी, साक्षी बत्रा, अभिषेक कुमार, प्रकाश गोधवानी, अशोक चांदवानी, सत्येन्द्र भावनानी, सुरेश छबलानी, राजाराम भावनानी, अनिल चंदानी, कनिका गुरूनानी मौजूद रहीं।

### भूल सुधार

नवभारत टाइम्स के दिनांक 29 जनवरी के अंक में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित उल्लास पर्व की खबर प्रकाशित हुई थी। इस खबर में त्रुटिवश विधि जोशी की गुरु का नाम सुरुचि सिंह और संस्थान का नाम कथक केंद्र प्रकाशित हो गया था विधि जोशी की गुरु का सही नाम डॉ. सुरुचि शुक्ला है और वह संस्कृति : द कल्चर संस्थान से कथक सीख रही है।

# फ्लिकर ब्रदर्स अकादमी ने असम को 18-0 से रौंदा

**पीआईएस मोहाली, SMS हरियाणा और राउंड ग्लास पंजाब ने अपने-अपने मुकाबले जीते**




■ NBT न्यूज, लखनऊ : फ्लिकर ब्रदर्स हॉकी अकादमी ने असम हॉकी पर गोलों की बारिश करते हुए 18-0 गोल से बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, एसएमएस हरियाणा ने राजस्थान हॉकी को 6-4 गोल से पटकनी देकर 36वें अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 जूनियर बालक हॉकी टूर्नामेंट में लीग के आखिरी मुकाबले में जीत हासिल की। गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहिद एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले गए।

फ्लिकर ब्रदर्स ने असम को पूरी तरह दबाव में रखा। टीम से विशाल और करन विराट सिंह की स्टिक से 6-6 गोल निकले। सक्षमदीप सिंह ने तीन गोल किए, जबकि आयानवीर जोसफ, कीरत और नवजीत ने एक-एक गोल किया। दिन के तीसरे मुकाबले में पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (पीआईएस) मोहाली ने एसाईओ मणिपुरी को 5-0 से शिकस्त दी। राउंड ग्लास पंजाब ने एसडीए तमिलनाडु को 3-1 से हराया।

पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मोहाली ने मणिपुर को 5-0 से और राउंड ग्लास हॉकी अकादमी ने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी तमिलनाडु को 3-1 से हराया। एमएमएस अकादमी शाहबाद ने राजस्थान को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6- 4 से मात दी। गुरबीर सिंह और राजन पंढेर ने दो-दो गोल किए।

## स्केटिंग मे SKD बना चैंपियन



■ NBT, न्यूज लखनऊ : एसकेडी एकेडमी, वृंदावन योजना परिसर में आयोजित दो दिवसीय राइजिंग स्टार्स स्केटिंग चैंपियनशिप 2.0 (अंडर-14) का शनिवार को समापन हुआ।

एसकेडी स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ के 24 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 500 से अधिक युवा स्केटरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, मेजबान एसकेडी एकेडमी ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि लखनऊ स्पीड स्केटिंग अकादमी द्वितीय और मॉडर्न अकादमी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह, लखनऊ रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव श्री नरेश कुमार एवं संयुक्त सचिव संजय भगत ने किया।

## यूनिफेस्ट में स्टूडेंट्स ने दिखाया हुनर

■ NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा के यूनिटी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूनिफेस्ट-2026 का शनिवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस चेयरपर्सन समीना इम्तियाज, सचिव मुर्तजा हसनैन खान, संयोजक असमा जावेद, प्राचार्य डॉ. सुनील धवन सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

यूनिफेस्ट के पहले दिन रंगोली, नुक्कड़ नाटक, कोलाज मेकिंग, फेस पेंटिंग, मेहंदी, स्लैम पोएट्री, फोटोग्राफी और गायन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न कॉलेजों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# प्रॉक्टर पर पक्षपात का आरोप, एलयू कैंपस में हुआ हंगामा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विवि में एक कार्यक्रम को लेकर शनिवार को छात्रों ने हंगामा कर दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से एलयू के नैके हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुछ दिन पहले ही एनएसयूआई के एक कार्यक्रम को अनुमति न होने के कारण न सिर्फ रोक लगाई बल्कि छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में शनिवार को कैंपस में एनएसयूआई की ओर से धरना प्रदर्शन किया। इस बीच छात्रों ने प्रॉक्टर पक्षपात का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि एक संगठन को हॉल देकर शिक्षक खुद कार्यक्रम करा रहे है दूसरे संगठन के छात्रों के कार्यक्रम करने पर पुलिस से पिटवाया जा रहा है।

**एबीवीपी के कार्यक्रम के दौरान हुआ हंगामा और विरोध प्रदर्शन**

एलयू के नैके हॉल में शनिवार को कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान एनएसयूआई के छात्रों ने हॉल के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस बीच एबीवीपी व एनएसयूआई के छात्रों के बाद बहस भी हो गई। एनएसयूआई के प्रिंस प्रकाश का कहना है कि एक शिक्षक ने जब एबीवीपी के छात्रों को समझाने का प्रयास किया तो शिक्षक पर ही एक छात्र ने हाथ उठा दिया। कैंपस में बाहरी छात्रों पर रोक है लेकिन पूरे कार्यक्रम में बाहरी छात्र मौजूद है।

## रौजा-ए-काज़मैन में मना जश्न-ए-कायम, शायरों ने पेश किए कलाम

■ NBT न्यूज, चौक : इमाम हजरत इमाम मेहदी की विलादत के सिलसिले में रौजा-काजमैन, सआदतगंज में शनिवार को 'जश्न-ए-कायम' नाम से अंतरराष्ट्रीय महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना अम्मार काजिम जरवली और संचालन नय्यर जलालपुरी ने किया।

महफिल का आगाज कारी युसूफ मिर्जा ने तिलावते कुराने पाक से किया। इस मौके पर मौलाना सैयद रजनुल हसन मीसम रिजवी ने महफिल को खिताब करते हुए इमाम जमाना (अस) की फजीलत व अजमत बयान करते हुए कहा कि जब इमाम का जहूर (अवतार) होगा तो इमाम दुनिया को अदल ओ इंसाफ से भर देंगे। महफिल में सुप्रसिद्ध शायर शहजादा गुलरेज, वफा हैदराबादी, फाजिल जरवली, मारूफ सिरसिवी, फरहान बनारसी, सुहेल बलवी, मुदस्सिर जौनपुरी, बिलाल काजमी, शमीम इलाहाबादी, बेताब हल्लौरी, मीर हिलाल रिजवी, चंदन फैजाबादी, अली शब्बर नौगावी सहित स्थानीय शायरों ने अपने कलाम बारगाहे इमामे जमाना में पेश किए, जिसे सुनकर लोगों ने खूब दाद दी और नारे हैदरी या अली की सदाएं बुलंद की। इस अवसर पर रौजा-ए-काजमैन को भव्य रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर की सबीलें भी लगाई गई।

## सड़क पर बह रही सीवर की गंदगी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : फैजुल्लागंज के विभिन्न इलाकों में लोग ओवर फ्लो सीवर की समस्या से जूझ रहे हैं। सीवर की गंदगी सड़क पर बह रही है, लोग दुर्गंध से परेशान हैं। शनिवार को शिकायतों की अनदेखी से परेशान होकर लोगों ने जलकल विभाग के जीएम का पुतला फूंककर नाराजगी जताई।

**विरोध में GM जलकल का पुतला फूंका**

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जलकल विभाग की ओर से सीवर सिस्टम से संबंधित कार्यदायी संस्था के लोग बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं कर रहे। जिस कारण फैजुल्लागंज के श्याम विहार, संतकबीरनगर, कृष्णा लोक, यश नगर, प्रीति नगर, गायत्री नगर, इंद्रपुरी, महर्षि नगर, भरत नगर आदि तमाम कॉलोनियों में सीवर का बुरा हाल है। बीते दो महीने से सीवर की गंदगी सड़क और नालियों में बह रही। दुर्गंध से क्षेत्र में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा रहा है।



**जलभराव के समाधान का दिया आश्वासन**

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रयासों से हाइडल चौराहा और गौरी बाजार क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल हुई है। शनिवार को एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नकुल वर्मा और नगर निगम जोन-8 के जोनल अधिकारी विकास सिंह के साथ हुई बैठक में समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। इससे पूर्व 15 जनवरी को जलभराव व अन्य नागरिक समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया गया था।


## राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड — कब्जा सूचना

प्रशासनिक कार्यालय साईं टॉवर सीपी-42, सेक्टर-ई, सीतापुर रोड योजना, रिंग रोड, जानकीपुरम, लखनऊ।

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी **राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी है और प्रतिभूति हित नियम 2002 की उपधारा 13(12) नियम 9 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित खाते के सम्मुख उल्लिखित धनराशि के सम्बन्ध में (जिसका सम्पूर्ण विवरण नीचे उल्लिखित है) सम्बन्धित ऋणधारकों से मांग की गयी थी कि वे उक्त नोटिस प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि चुकता कर दें। चूंकि सम्बन्धित ऋणी/जमानतदार के द्वारा ऋण राशि चुकता नहीं की गयी है इसलिए ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता व आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 9 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखी सम्पत्तियों को कब्जे में लिया है। विशेष तौर पर ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य तौर पर आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। इन सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी खरीद-फरोख्त हेतु **राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड** को देय राशि व उस पर देय ब्याज के अनुक्रम में प्रभार नोट किया जाएगा। **ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूतिकृत आस्तियों को विमुक्त करने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के संदर्भ में, उक्त अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि/बकाया धनराशि | अचल सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| **शाखा: मुंशीपुलिया, लखनऊ** | | | |
| 1. | 1. मेसर्स रॉयल साइट इंफ्रा हाइट्स प्रा0 लि0 (ऋणी एवं बंधककर्ता), पता:- मकान सं. 80, अवध विहार कॉलोनी, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 द्वारा- i. श्री देवेश श्रीवास्तव (निदेशक, ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री उमा शंकर श्रीवास्तव, पता:- मकान सं.- 80, अवध विहार कॉलोनी, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016, ii. श्री जितेश अग्रवाल (निदेशक, ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री अजय अग्रवाल, पता: -1/11178, रतन खंड, शारदा नगर, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ-226012 2. श्री मितेश अग्रवाल (जमानतकर्ता) पुत्र श्री अजय अग्रवाल, पता:-1/11178, रतन खंड, शारदा नगर, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ-226012 3. श्री संगीता अग्रवाल (जमानतकर्ता) पत्नी श्री जितेश अग्रवाल, पता:- 1/11178, रतन खंड, शारदा नगर, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ-226012 | 28.11.2025 / 04.02.2026 रू. 66,35,884/- एवं दिनांक 01.11.2025 से प्रभावी ब्याज | 1. प्लॉट सं. 18, खसरा सं. 44 पर निर्मित आवासीय मकान स्थित ग्राम- लोलाई, परगना, तहसील एवं जिला- लखनऊ, क्षेत्रफल 52.04 वर्ग मीटर = 560 वर्ग फीट, मालिक: मेसर्स रॉयल साइट इंफ्रा हाइट्स प्रा0 लि0 द्वारा जितेश अग्रवाल डायरेक्टर, चौहद्दी: पूर्व: 22 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: अराजी दीगर, उत्तर: विक्रेता का अराजी प्लॉट सं. 17, दक्षिण: विक्रेता का अराजी प्लॉट सं. 19 2. प्लॉट सं. 117 एवं 205 का शेष भाग, खसरा सं. मिनजुमला 337 स एवं 340 स, क्षेत्रफल 604.089 वर्ग मीटर = 6500 वर्ग फीट स्थित गोइया, परगना- मोहन, तहसील-बख्शी का तालाब, जिला- लखनऊ, मालिक: मेसर्स रॉयल साइट इंफ्रा हाइट्स प्रा0 लि0 द्वारा जितेश अग्रवाल डायरेक्टर, चौहद्दी: पूर्व: अराजी दीगर, पश्चिम: अराजी दीगर, उत्तर: 25 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: अराजी दीगर |
| **शाखा: विकास नगर, लखनऊ** | | | |
| 2. | 1. श्री आलोक शर्मा (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री अनिल कुमार शर्मा, पता-ई-98, सूर्यांचल नगर, सर्वोदय नगर, लखनऊ-226016 2. श्रीमती विभूति शर्मा (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र नरसिंह सहाय पाण्डेय, पता-ई-98, सूर्यांचल नगर, सर्वोदय नगर, लखनऊ-226016 3. श्री मनोरंजन सिंह (जमानतकर्ता) पुत्र श्री के. आर. सिंह, पता- ए-3, लिबर्टी कॉलोनी सर्वोदय नगर, लखनऊ-226016 4. नितिन कुमार सिंह (जमानतकर्ता) पुत्र श्री अवधेश कुमार सिंह, पता- 160/3, चंद्रा लोक, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ-226024 | 28.11.2025 / 04.02.2026 रू. 66,70,845/- एवं दिनांक 01.11.2025 से प्रभावी ब्याज | आवासीय फ्लैट बियरिंग सं. टी-5/1203, टावर सं. 5 की 12वीं मंजिल, प्लॉट सं. टीसी-जी-8/8 एवं टीसी-जी-9/9 स्थित पार्श्वनाथ प्लानेट, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, जिला- लखनऊ, क्षेत्रफल 217 वर्ग मीटर = 2335 वर्ग फीट, मालिक: श्री आलोक शर्मा पुत्र श्री अनिल कुमार शर्मा एवं विभूति शर्मा पत्नी श्री आलोक शर्मा, चौहद्दी: पूर्व: फ्लैट सं. टी-5/1202, पश्चिम: खुला आसमान, उत्तर: फ्लैट सं. टी-5/1204, दक्षिण: खुला आसमान |

दिनांक : 07.02.2026, स्थान : लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड



## HDFC BANK — एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा का पता: हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, द्वितीय तल, 25-अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 फोन : 0522-4272777, 6673726, फैक्स: 0522-2205106
CIN : L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट : www.hdfcbank.com

**मांग सूचना**

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 धारा 13(2) के अन्तर्गत**

जैसा कि, (माननीय एनसीएलटी-मुम्बई द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर पूर्ववर्ती एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना जारी कर जहां नीचे सूचीबद्ध ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार संबंधित सूचनाओं की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग सूचना/सूचनाओं में वर्णित राशि को वापस लौटाने के लिये कहा था। अधोहस्ताक्षरी ने उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात पते के परिसरों में भी इन सूचनाओं को चिपकवाया था। उक्त सूचनाओं की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, तथा उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों यदि वे ऐसा चाहें, उक्त प्रतियों को किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के सिलसिले में एक बार पुनः एतद्द्वारा उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त ऋणी द्वारा निष्पादित लिखित में, यदि कोई हो, किसी भी अन्य दस्तावेजों के साथ पठित ऋण अनुबंध के अंतर्गत कॉलम सी में नीचे वर्णित तिथि से भुगतान एवं/अथवा उगाही की तिथि तक उक्त मांग सूचना में वर्णित लागू होने योग्य दरों पर आगे के ब्याज के साथ यहां नीचे दर्शायी गयी राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर **एचडीएफसी** को भुगतान कर दें। ऋण की देय पुनर्भुगतान के लिए प्रतिभूति के रूप में क्रमशः उक्त ऋणी द्वारा **एचडीएफसी** के पास निम्नलिखित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को बन्धक रखा गया है:

ऋणी/उधारकर्ता (ओं)/कानूनी वारिस (ओं)/कानूनी प्रतिनिधि (यों) का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13 की उप-धारा(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि उन समय सीमा में प्रतिभूत परिसम्पत्ति को रिडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| क्र. सं. (ए) | उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों का नाम (बी) | कुल बकाया धनराशि (रु)* (सी) | मांग सूचना की तिथि (डी) | प्रतिभूत परिसम्पत्ति/अचल सम्पत्ति का विवरण (ई) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री फिरोज अहमद, श्रीमती ताहसीन फातिमा, मकान नं0-67/45ए, पोखरपुर, जाजमऊ, कानपुर | 27,48,037/- दिनांक 31.12.2025 तक | 29.01.2026 | मकान नं0-67/45ए, पोखरपुर, जाजमऊ स्थित प्लाट नं0 45 ए, आराजी नं0 67, ग्राम पोखरपुर, परगना, तहसील व जिला कानपुर नगर |
| 2 | श्री पवन स्वरूप गाबड़ा, भू-तल पर फ्लैट नं0 जी-3, प्रेम अपार्टमेन्ट प्लाट नं0 596, निकट हनुमान सेतु, ऑफ बी.बी. साहनी रोड, महानगर, लखनऊ | 3,10,538/- दिनांक 31.12.2025 तक | 04.02.2026 | प्रथम तल पर फ्लैट नं0 बी 1, पदम इन्क्लेव अपार्टमेन्ट प्लाट नं0 600 ए/2, हसनगंज पार बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ |
| 3 | श्री रमेश चन्द गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता (सह-ऋणी), मकान नं. 127/624 ब्लाक-एस, पीली कोठी, निकट लाल पैलेस डिनर हॉल, गोविन्द नगर, कानपुर | 19,06,170/- दिनांक 31.12.2025 तक | 04.02.2026 | फ्लैट नं0 14, पाँचवा तल लेखराज इन्क्लेव प्लाट 2/सी-10, 2/सी-11, 2/सी-12, एस नं0, सेक्टर 2, विकास नगर, लखनऊ |
| 4 | श्री रमेश चन्द गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता (सह-ऋणी), मकान नं. 127/624 ब्लाक-एस, पीली कोठी, निकट लाल पैलेस डिनर हॉल, गोविन्द नगर, कानपुर | 16,95,470/- दिनांक 31.12.2025 तक | 04.02.2026 | फ्लैट नं0 10, पाँचवा तल लेखराज इन्क्लेव प्लाट 2/सी-10, 2/सी-11, 2/सी-12, एस नं0, सेक्टर 2, विकास नगर, लखनऊ |
| 5 | श्री अभिषेक मिश्रा पुत्र श्री राजेश कुमार (अब मृतक), श्रीमती प्रियंका अवस्थी पुत्री श्री राजेश कुमार (अब मृतक) एवं अन्य जाने अनजाने कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि श्री राजेश कुमार (अब मृतक) जवाहर नगर, शिवली, रमाबाई नगर, कानपुर देहात | 16,90,081/- दिनांक 31.12.2025 तक | 04.02.2026 | प्लाट नं0 8 पर मकान, खसरा नं0 152 भाग, ग्राम भुसा, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू दर से ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क सहित। यदि, उक्त ऋणदाता **एचडीएफसी** को उपरोक्त भुगतान करने में विफल होते हैं, तो इस अधिनियम की धारा 13(4) लागू होने योग्य नियमों के अंतर्गत **एचडीएफसी** लागतों एवं परिणामों के संदर्भ में उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों की सम्पूर्ण जोखिम पर उपर प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियों के प्रति आगे की कार्रवाई करेगी।

इस अधिनियम के अंतर्गत **एचडीएफसी** की पूर्व लिखित सहमति के बिना उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों बिक्री, पट्टा अथवा अन्य रूप में उपरोक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियों का अंतरण नहीं कर सकते हैं।

यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करते हैं अथवा इस अधिनियम के प्रावधानों अथवा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों का उल्लंघन करने पर इस अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत कैद एवं/अथवा दंड हो सकता है।

दिनांक: 08.02.2026, स्थान : लखनऊ/कानपुर — एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम) मुम्बई-400 013


## परीक्षा केंद्र पर अनियमितता तो नपेंगे केंद्र व्यवस्थापक

■ NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही है। इसे लेकर अधिकारिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है। डीआईओएस राकेश कुमार ने शनिवार को केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान अगर निरीक्षण में केंद्र पर अगर किसी तरह की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र रखने के लिए बने स्ट्रांग रूम में कोई भी खिड़की नहीं होगी। सिर्फ आने जाने के लिए एक दरवाजा होगा। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे संचालित होंगे। स्ट्रॉन्ग रूम में चार अलमारी रखी जाएंगी। एक में हाईस्कूल, दूसरे में इंटरमीडिएट, तीसरे में छात्रों के दिए जाने के बाद बचे हुए प्रश्न पत्र और चौथी अलमारी में पेपर आउट होने की स्थिति में प्रश्न पत्र का अतिरिक्त सेट (इमरजेंसी पेपर) रखा जाएगा। चौथी अलमारी की चाबी केंद्र व्यवस्थापक और उस इलाके के कोतवाली प्रभारी के पास होगी। डीआईओएस ने बताया कि सोमवार से बोर्ड परीक्षा केंद्रों की जांच की जाएगी। टीमें केंद्रों पर जाकर स्ट्रॉन्ग रूम, सीसीटी कैमरे, बच्चों के बैठने के इंतजाम, पेयजल व शौचालय आदि सुविधाओं को देखेंगी।

### सुहेलदेव आर्मी के अध्यक्ष समेत 100 पर केस

■ NBT न्यूज, लखनऊ: यूजीसी कानून में संशोधन के विरोध में शनिवार को विधानभवन का घेराव करने पहुंचे सुहेलदेव आर्मी के कार्यकर्ताओं पर हजरतगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रदर्शन के कारण हजरतगंज क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। पुलिस ने बिना अनुमति सड़क जाम करने से रोका, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। सचिवालय चौकी प्रभारी बागेश कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने योगेश पासी और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह के मुताबिक, मार्ग बाधित करने और अवैध प्रदर्शन को लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## हनुमान सेतु पर भिड़े डॉग लवर्स और मंदिर के सुरक्षाकर्मी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: हनुमान सेतु मंदिर परिसर के पास शनिवार शाम पशु हिंसा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉग लवर्स और मंदिर के सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हटाने के लिए अभद्रता और धक्का-मुक्की की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को तहरीर दी है।

इस दौरान पूजा सिंह, चंदना बनर्जी और सोनी कपूर सहित कई सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। उनका कहना था कि बेजुबानों के खिलाफ बढ़ती हिंसा के विरोध में वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की।

**सृष्टि अपार्टमेंट में मासूम को कुत्तों ने नोचा :** शनिवार शाम कुर्सी रोड स्थित **सृष्टि अपार्टमेंट** के मैदान में खेल रहे 5 साल के अनय पर दो स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर दिया। फ्लैट संख्या 705 निवासी वंदना पांडेय के बेटे अनय को कुत्तों ने हाथ और पीठ पर बुरी तरह जख्मी कर दिया। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाया गया। अपार्टमेंट के निवासियों ने परिसर में आवारा कुत्ते रोकने की मांग उठाई है।

## रोबोटिक्स और एआई लैब शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, आनंद नगर कैंपस में रोबोटिक्स और एआई लैब की शुरुआत सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने की। इस दौरान शिक्षकों, छात्रों व अभिभावक मौजूद रहे। स्कूल के छात्रों ने कंप्यूटर ज्ञान, रोबोट की निर्माण प्रक्रिया और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि वर्तमान दौर में छात्रों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना और आधुनिक तरीके से शिक्षा देना बहुत जरूरी है, जिससे भावी पीढ़ी विश्व स्तर पर कदम से कदम मिलाकर चल सके।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## कार्यशाला स्थापन खण्ड, कानपुर
### अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 17/EE/WEDK/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेंशियल बिड पात्र निविदादाताओं से दिनांक 15.02.2026 को 17.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई-निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट की वेब-साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। ई-टेंडरिंग में भाग लेने हेतु निविदाकार का यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन, अशोक मार्ग, लखनऊ अथवा इस कार्य हेतु सरकार द्वारा नामित अन्य संस्था में पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र में निर्धारित तकनीकी विशिष्टयों / शर्तों में कोई विचलन / परिवर्तन मान्य नहीं होगा। इस निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से बिना कारण के किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | स्तर सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 अतिरिक्त निम्नानुसार (लाख रू.) में | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र (जी0एस0टी0 सहित) व प्रोसेसिंग चार्जेज (रू0) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| ए | 01 | Erection of 03 Nos. old gate shutter assembly after repairing and maintenance at Km. 16.200 Fatehpur feeder under juridiction of Irrigation Division, Kanpur Dehat including all cost of materials, labour and T&P required and testing but excluding POL for proper completion of work as per bill of quantity. Work will be carried as per direction of Engineer-in-charge (G.S.T. will be paid extra as per prevailing government norms) | 11.47 | 22950.00 | 90 days | 225.00 + 18% G.S.T. +Rs. 500.00 = Rs. 766.00 | निविदा की शर्तों के अनुसार। |
| | 02 | Fabrication and Erection of Durashine shed at Km. 16.200 Fatehpur feeder under juridiction of Irrigation Division, Kanpur Dehat including cost of materials, labour and T&P required but excluding, POL for proper completion of work as per bill of quantity. Work will be carried as per direction of Engineer-in-charge. (G.S.T. will be paid extra as per prevailing govern-ment norms) | 17.83 | 35660.00 | 90 days | 300.00 + 18% G.S.T. +Rs. 500.00 = Rs. 854.00 | निविदा की शर्तों के अनुसार। |

| | | |
|---|---|---|
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | 09.02.2026 को समय 10.30 बजे से |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेन्ट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेन्ट पी0डी0एफ0/एक्सएलएस फार्मेट में। | 09.02.2026 को समय 10.30 बजे से 15.02.2026 को 17.00 बजे तक |
| डी | रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र एवं अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अधिशासी अभियन्ता, कार्यशाला स्थापन खण्ड, कानपुर कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय | 16.02.2026 को 12.30 बजे तक |
| ई | ऑनलाइन पार्ट-ए प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल बिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि व समय | 16.02.2026 को अपरान्ह 13.00 बजे |
| एफ | ऑनलाइन पार्ट 'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेंशियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, कार्यशाला स्थापन खण्ड, कानपुर |

नोट-
1- निविदा सूचना, सिचाई विभाग की वेब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रक्योरमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2- निविदा शुल्क (Tender Cost) व धरोहर धनराशि (EMD) का भुगतान एवं वापसी की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर NIC के माध्यम से की जायेगी। अन्य किसी माध्यम से निविदा शुल्क (Tender Cost) व धरोहर धनराशि (EMD) का भुगतान किया जाना अनुमन्य नहीं होगा।
3- रू0 100/- के नान ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर एक रू0 का रसीदी टिकट लगाकर, निविदा की वैधता की शर्तें / दरें, जो नब्बे दिवस तक के लिये मान्य हो, संलग्न करना होगा। इससे पहले निविदा/ऑफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जायेगी। नियमानुसार प्रचलित जी0एस0टी0, आयकर, लेबर सेस, स्टैम्प ड्यूटी देनी होगी। अनुबंध के समय नियमानुसार स्टैम्प ड्यूटी तथा जमानत धनराशि भी जमा करना होगा।
4- निविदा सूचना में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो उक्त सूचना का समाचार पत्रों में प्रकाशन न कराते हुए ई-टेण्डरिंग पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहें।
5- निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें, तकनीकी विशिष्टयां तथा बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा-प्रपत्र के साथ संलग्न रहेंगी।
6- उपरोक्त अंकित किसी भी तिथि को अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को निविदा प्राप्त / खोली जायेगी।
7- निविदादाता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त विभागीय नियमों व शर्तों का संज्ञान लेते हुए कार्यस्थल का निरीक्षण कर कार्य की स्थिति एवं परिस्थिति से भली-भाँति विज्ञ हो लें।

UPID 245518 dt 06.02.2026, www.upgov.nic.in

( कुलदीप तिवारी )
अधिशासी अभियन्ता





**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in